▸▸ वर्ष 73 ▸▸ अंक 189 ▸▸ पृष्ठ 12+8= 20
रीवा, बुधवार 08 अप्रैल, 2026
▸▸ वैशाख कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत् 2083
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"तीन चीजें कभी लंबे समय तक छिपी नहीं रह सकतीं- सूर्य, चंद्रमा और सत्य। -बुद्ध

## ऑफ बीट

### अश्लील गाना विवाद नोरा की मुश्किलें बढ़ीं



*फिल्म 'केडीः द डेविल' के विवादित गाने 'सरके चुनर तेरी' को लेकर अभिनेत्री नोरा फतेही की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। 6 अप्रैल को राष्ट्रीय महिला आयोग की सुनवाई में उनके पेश न होने पर आयोग ने नाराजगी जताते हुए उन्हें अंतिम मौका दिया है। समन जारी होने के बावजूद नोरा आयोग के सामने पेश नहीं हुईं और उन्होंने अपनी ओर से वकील को भेजा। इस पर आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह मामला महिलाओं की गरिमा से जुड़ा है और इसमें व्यक्तिगत जवाबदेही जरूरी है। इस दौरान गीतकार रकीब आलम, निर्देशक प्रेम और प्रोडक्शन टीम के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने गाने पर लिखित माफी दी और 3 माह तक महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्य करने का आश्वासन दिया। आयोग ने अभिनेता संजय दत्त को भी समन दिया, उन्हें 8 अप्रैल को अगली सुनवाई में उपस्थित रहने को कहा गया है।*

## आईपीएल में आज

**दिल्ली बनाम गुजरात**

समय : शाम 7.30 बजे से

प्रसारणः स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**परिणामः राजस्थान ने मुंबई को 27 रन से हराया।**

### ड्रंक-ड्राइविंग केस में डेविड वॉर्नर गिरफ्तार



**सिडनी, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर को नशे में गाड़ी चलाने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह घटना सिडनी के मारूब्रा इलाके में हुई, जहां न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने उन्हें रैंडम ब्रीथ टेस्ट के दौरान रोका। हालांकि, वॉर्नर ने टेस्टिंग साइट तक पहुंचने से पहले ही अपनी कार पार्क कर दी थी लेकिन अधिकारियों ने पास जाकर जब उनकी जांच की तो वे नशे में पाए गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वॉर्नर के ब्लड अल्कोहल लेवल की रीडिंग 0.104 पाई गई, जो ऑस्ट्रेलिया में तय सीमा से दोगुना से भी ज्यादा है। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर मारूब्रा पुलिस स्टेशन ले जाया, जहां दूसरी जांच में भी यही स्तर सामने आया। पुलिस के बयान के अनुसार, ट्रैफिक चेकिंग के दौरान एक वाहन टेस्टिंग पॉइंट से पहले रुकता दिखा, जिसके बाद अधिकारियों ने ड्राइवर की जांच की और मामला सामने आया। वॉर्नर को 'मिडिल-रेंज पीसीए' के तहत चार्ज किया गया है। इस मामले में अब उन्हें अगले महीने अदालत के सामने पेश होना होगा। उन्हें 7 मई को डाउनिंग सेंटर लोकल कोर्ट में पेश होने का नोटिस दिया गया है। वॉर्नर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन फिलहाल पाकिस्तान सुपर लीग में कराची किंग्स की कप्तानी कर रहे हैं।

---

**पश्चिम एशिया में जंग का 39वां दिनः ट्रंप बोले- रात 8 बजे तक समझौता नहीं हुआ तो खत्म हो जाएगी पूरी सभ्यता, ईरान का पलटवार, कहा- भूल नहीं पाओगे**

# ईरान के लिए 'कत्ल की रात'!

**वॉशिंगटन/तेहरान, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर समझौता नहीं किया, तो 'आज रात पूरी सभ्यता खत्म हो सकती है, जो फिर कभी वापस नहीं आएगी।' हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि तय समयसीमा से पहले 'कुछ क्रांतिकारी और सकारात्मक' भी हो सकता है।

ट्रंप ने ईरान को मंगलवार रात 8 बजे (भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 5.30 बजे) तक का समय दिया है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर सहमत हो। हालांकि विश्लेषकों का कहना है कि ईरान अब भी इस जलडमरूमध्य पर नियंत्रण बनाए हुए है। उसकी मिसाइल और ड्रोन क्षमता अभी भी मजबूत है। क्षेत्र में उसके सहयोगी समूह (जैसे यमन के हूती) अभी भी सक्रिय हैं।

ट्रंप के संबोधन से पहले व्हाइट हाउस का प्रेस रूम पूरी तरह भरा हुआ था। दुनिया भर के मीडिया की नजर इस प्रेस कॉन्फ्रेंस पर टिकी हुई है, जो इस युद्ध के अगले कदम तय कर सकती है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा है कि 'मैं ऐसा नहीं चाहता, लेकिन शायद ऐसा ही होगा। आज की रात दुनिया के इतिहास के सबसे अहम पलों में से एक हो सकती है।'

उन्होंने यह भी कहा कि अगर ईरान में सत्ता परिवर्तन होता है और 'कम कट्टर' नेतृत्व सामने आता है, तो हालात बेहतर भी हो सकते हैं।



अमेरिका और इजरायल ने ईरान के नागरिक बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया है। ऐसे में ईरानी नागरिक भी सड़कों पर उतर आए हैं। ईरानी नागरिक अपने देश के बड़े संसाधनों की सुरक्षा के लिए 'मानव श्रृंखला' बना रहे हैं। तबरीज शहर के थर्मल पावर प्लांट के सामने ईरानी लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर एकता का सबूत दिया है।

### खार्ग आइलैंड पर अमेरिकी हमले

मंगलवार को अमेरिका ने ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र खार्ग आइलैंड पर नए हवाई हमले किए हैं।

- इजरायली सेना का दावा है कि ईरान ने कई मिसाइलें दागी हैं
- खाड़ी देशों में रातभर हमलों की खबरें आई हैं
- ईरान के काशान में एक पुल पर हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है।
- ईरान में तबरीज-जंजान हाईवे के पुल को भी निशाना बनाया गया
- ईरान ने यूएई के शारजाह में हमला किया है।

### 1.4 करोड़ लोग जान देने को तैयार

अमेरिका की चेतावनी के बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा है कि ईरान के 1.4 करोड़ लोग, जिनमें वे स्वयं भी शामिल हैं, युद्ध में अपने प्राण न्योछावर करने के लिए तैयार हैं। पेजेश्कियन ने 'एक्स' पर लिखा, '1.4 करोड़ से ज्यादा ईरानी लोगों ने अपने जीवन को बलिदान करने की तैयारी जताई है। मैं खुद भी ईरान के लिए जान देने को हमेशा तैयार हूं।' ट्रंप के बयान पर साउथ अफ्रीका स्थित ईरानी दूतावास ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों को ईरान की प्राचीन सभ्यता से ऐसा जवाब मिलेगा, जिसे वे कभी भूल नहीं पाएंगे। ईरान ने 10 बिंदुओं का जवाब दिया है, जिसमें अस्थायी युद्धविराम को खारिज कर दिया गया है। ईरान का कहना है कि युद्धविराम अमेरिका और इजरायल को दोबारा संगठित होने का मौका देगा।

### यूएनः होर्मुज पर चीन-रूस का वीटो

संयुक्त राष्ट्र में होर्मुज स्ट्रेट खोलने को लेकर लाया गया प्रस्ताव पास नहीं हो सका। रूस और चीन ने इस पर वीटो कर दिया। प्रस्ताव में किसी सैन्य कार्रवाई की बात नहीं थी। यह प्रस्ताव बहरीन की तरफ से लाया गया। पिछले दो हफ्तों में प्रस्ताव को करीब 6 बार बदला गया, क्योंकि कई देश इसके कुछ हिस्सों से सहमत नहीं थे। 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में 11 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, जबकि चीन और रूस ने विरोध में वोट कर वीटो किया। 2 देशों ने मतदान से दूरी बनाई। चीन और और रूस ने कहा कि प्रस्ताव का मसौदा ईरान के खिलाफ पक्षपाती था और इसमें संतुलन की कमी थी। उनका मानना है कि इस तरह के प्रस्ताव क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ा सकते हैं। अमेरिका ने इस वीटो पर निराशा जताई है।

---

# 5 राज्यों के चुनावों के बाद 22 राज्यों में एसआईआर

**तीसरे चरण में 39 करोड़ मतदाता आएंगे दायरे में**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में चल रहे विधानसभा चुनावों के बाद चुनाव आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तीसरे और अंतिम चरण को लागू करने की तैयारी में है। इस चरण में दिल्ली समेत 22 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल होंगे और करीब 39 करोड़ मतदाता इसके दायरे में आएंगे। सूत्रों के अनुसार, 29 अप्रैल को मतदान खत्म होने या 4 मई को नतीजे आने के बाद इस प्रक्रिया को शुरू किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने 24 जून 2025 को पूरे देश में एसआईआर का आदेश दिया था। पहले चरण में बिहार में यह अभियान चलाया गया। दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया। अब तक देश के करीब 99 करोड़ मतदाताओं में से 60 करोड़ को इस प्रक्रिया में शामिल किया जा चुका है। तीसरे चरण में शेष 39 करोड़ मतदाताओं को कवर किया जाएगा।

चुनाव आयोग के अनुसार, पिछले दो दशकों में देश में बड़े पैमाने पर माइग्रेशन (स्थान परिवर्तन), डुप्लीकेट वोटर और मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहने जैसी समस्याएं सामने आई हैं। एसआईआर का उद्देश्य है कि कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं। कोई भी अयोग्य व्यक्ति सूची में शामिल न रहे। इस महीने केरल, असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में चुनाव हो रहे हैं। इन राज्यों में 29 अप्रैल तक मतदान और 4 मई को परिणाम आएंगे। इसके बाद ही तीसरे चरण की शुरुआत होगी। तीसरा चरण देश के चुनावी ढांचे को और पारदर्शी और सटीक बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।



### पश्चिम बंगाल में 91 लाख नाम हटे

एसआईआर के दौरान पश्चिम बंगाल में बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। यहां करीब 90.83 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए। मतदाताओं की संख्या लगभग 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गई। चुनाव आयोग के मुताबिक, यह कार्रवाई नवंबर से चल रही जांच प्रक्रिया के तहत की गई, जिसमें मृत, स्थानांतरित या डुप्लीकेट नामों को हटाया गया।

### क्या है एसआईआर

एसआईआर (स्पेशल इंटेसिव रीविजन) मतदाता सूची को अपडेट करने की व्यापक प्रक्रिया है। इसमें नए योग्य मतदाताओं (18+) को जोड़ा जाता है। मृत या स्थानांतरित लोगों के नाम हटाए जाते हैं। गलतियों (नाम, पता) को सुधारा जाता है। यह प्रक्रिया ब्लॉक लेवल ऑफिसर और बूथ लेवल एजेंट के जरिए घर-घर जाकर पूरी की जाती है।

---

**बड़ी बहसः 9 जजों की संविधान पीठ में 5 घंटे सुनवाई**

# सबरीमाला पर सुप्रीम कोर्ट का 2018 का फैसला गलतः केंद्र

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संविधान पीठ ने मंगलवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े मामले पर सुनवाई शुरू की। पहले दिन करीब 5 घंटे चली बहस में केंद्र सरकार ने साफ कहा कि 2018 में सभी उम्र की महिलाओं को प्रवेश देने वाला फैसला 'गलत' था।

केंद्र सरकार ने दलील दी कि यह मुद्दा धार्मिक आस्था और संप्रदाय के अधिकारों से जुड़ा है। अदालतों को धार्मिक प्रथाओं में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। कोई प्रथा गैर-वैज्ञानिक है, तो उसका समाधान संसद या विधानसभा के जरिए होना चाहिए। हर प्रथा को 'व्यक्तिगत स्वतंत्रता' के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। यह सुनवाई सिर्फ सबरीमाला तक सीमित नहीं है। कोर्ट इस दौरान मस्जिदों में महिलाओं के प्रवेश, दाऊदी बोहरा समुदाय में महिला खतना, पारसी महिलाओं का अग्निमंदिर में प्रवेश अधिकार और धार्मिक प्रथाओं में लैंगिक भेदभाव के मुद्दे पर भी फैसला सुनाएगी।

2018 में सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर में सभी उम्र की महिलाओं को प्रवेश की अनुमति दी थी। इसके बाद 2019 में पहली बार दो महिलाओं ने पुलिस सुरक्षा में मंदिर में प्रवेश किया था, जिसके बाद व्यापक विरोध भी देखने को मिला। अब यह मामला सिर्फ एक मंदिर में प्रवेश का नहीं, बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता बनाम समानता और लैंगिक न्याय का है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला धार्मिक स्थलों और सामाजिक प्रथाओं पर गहरा असर डालेगा।

### ऐसा कैसे संभव, महिला 3 दिन 'अछूत' लेकिन चौथे दिन नहीं?



सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना ने मासिक धर्म के आधार पर महिलाओं के प्रवेश पर रोक को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, 'ऐसा कैसे हो सकता है कि एक महिला को महीने के तीन दिन 'अछूत' माना जाए और चौथे दिन वह अछूत न रहे?' उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी सामाजिक बुराई को धार्मिक प्रथा का नाम दिया गया है, तो अदालत यह तय कर सकती है कि वह असल में धार्मिक प्रथा है या सामाजिक भेदभाव।

### संविधान के दो अनुच्छेदों पर बहस

- **अनुच्छेद 25(2)(बी):** समाज सुधार के लिए धार्मिक संस्थानों को सभी वर्गों के लिए खोलने की अनुमति
- **अनुच्छेद 26(बी):** धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक मामलों को खुद संचालित करने का अधिकार
- केंद्र का तर्क था कि इन मामलों में संतुलन संसद में तय होना चाहिए, न कि न्यायपालिका के जरिए।

### 50 से ज्यादा याचिकाएं

- इस मामले में सुप्रीम कोर्ट 50 से ज्यादा याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जो 22 अप्रैल तक चलेगी।
- **7-9 अप्रैलः** फैसले के समर्थन में दलीलें होंगी।
- **14-16 अप्रैलः** इस दौरान विरोध में पक्ष रखे जाएंगे।

### एयर इंडिया के सीईओ विल्सन ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एयर इंडिया के सीईओ और एमडी कैंपबैल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी बोर्ड ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और वे संभवतः सितंबर 2026 में पद छोड़ेंगे, जबकि उनका कार्यकाल जुलाई 2027 तक था। एयर इंडिया अहमदाबाद विमान हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट आने के बाद नए सीईओ की नियुक्ति करेगी। इस मामले में एएआईबी की फाइनल रिपोर्ट जून 2026 तक आने की संभावना है। कंपनी ने नए सीईओ की खोज पहले ही शुरू कर दी है। संभावित उम्मीदवारों के साथ उच्चस्तरीय बातचीत जारी है और इस पर जल्द ही अहम बैठक होने वाली है। बताया जा रहा है कि विल्सन ने पहले ही संकेत दे दिए थे कि वे कॉन्ट्रैक्ट पूरा होने से पहले पद छोड़ सकते हैं।

---

**कैबिनेटः चना की 25% और मसूर की पूरी पैदावार खरीदेगी सरकार**

# 'छात्रगृह योजना' में अब मिलेंगे 10 हजार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों की चना और मसूर फसल को भी खरीदेगी। इसी तरह दिल्ली में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को अब 2 हजार के स्थान पर 10 हजार रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। यह फैसले मंगलवार को डॉ मोहन यादव कैबिनेट ने अपनी बैठक में लिए। बैठक में मंत्रिपरिषद ने राज्य शासन के विभिन्न प्रस्तावों पर मुहर लगाई। बैठक के निर्णयों को लेकर एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने जानकारी साझा की।



काश्यप ने बताया कि सरकार किसानों से चना और मसूर का भी उपार्जन करेगी। इसमें चना के कुल उत्पादन का 25 प्रतिशत किसानों से खरीदा जाएगा, जबकि मसूर की शतप्रतिशत पैदावार सरकार खरीदेगी। इसके तहत आगामी 3 वर्षों के लिए चना एवं मसूर के उपार्जन के लिए 3,174 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। काश्यप ने बताया कि सरकार ने तय किया है कि महंगाई को देखते हुए दिल्ली में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के छात्रों को छात्रगृह योजना में जनजातीय कार्य विभाग की भांति प्रति विद्यार्थी प्रतिमाह 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। इन छात्रों को अब तक 2 हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाते थे। इस योजना के तहत हर साल 100 नवीन विद्यार्थियों एवं पूर्व से अध्ययनरत ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### भोपाल में खुलेगा फाइनेंशियल ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट

भोपाल में वित्तीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान स्थापित करने की भी निर्णय लिया गया। सरकार ने तय किया है कि भोपाल में तकनीकी तौर पर अत्याधुनिक वित्तीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (एफटीआई)को स्थापित किया जाए। जिसके जरिए प्रदेश में बेहतर वित्तीय प्रबंधन पर रिसर्च और बजट आकलन सहित अन्य वित्तीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में काम करेगा। जिसका संचालन प्रशासन अकादमी द्वारा किया जाएगा। इस प्रस्ताव पर कैबिनेट ने अपनी सहमति जता दी।

---

# खेड़ा के दिल्ली आवास पर आ धमकी असम पुलिस

**3 पासपोर्ट का विवादः सीएम हिमंता की पत्नी ने कराई है कांग्रेस नेता पर एफआईआर**

**नई दिल्ली/गुवाहाटी, जेएनएन।** असम पुलिस ने मंगलवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के दिल्ली स्थित आवास पर छापेमारी की। यह कार्रवाई असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के बाद की गई है। दोपहर करीब 12 बजे असम पुलिस की टीम दिल्ली पहुंची और स्थानीय पुलिस के साथ खेड़ा के घर पर पहुंची, लेकिन वह वहां मौजूद नहीं मिले। पुलिस टीम उनसे पूछताछ के लिए इंतजार कर रही है। नियमों के मुताबिक, दूसरे राज्य की पुलिस को स्थानीय पुलिस को सूचित करना होता है, जिसके तहत दिल्ली पुलिस भी इस कार्रवाई में शामिल रही।



### यह है पूरा विवाद

दरअसल, दो दिन पहले पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया था कि रिनिकी भुइयां सरमा के पास मिस्र, यूएई और एंटीगुआ-बरबूडा के पासपोर्ट हैं। विदेशों में उनकी बड़ी संपत्तियां हैं और कुछ कंपनियां और निवेश विदेश में जुड़े हुए हैं। खेड़ा ने इन दावों के समर्थन में कुछ दस्तावेज भी पेश किए थे, जिनके बारे में उन्होंने कहा कि ये उन्हें विदेशी स्रोतों से मिले हैं।

पवन खेड़ा के आरोपों को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि यह आरोप दुर्भावनापूर्ण और राजनीतिक हैं। आरोप लगाने वाले 'भाग रहे हैं' और कानून अपना काम करेगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि खेड़ा दिल्ली से हैदराबाद चले गए हैं और जांच से बच रहे हैं। रिनिकी भुइयां सरमा ने सोमवार को खेड़ा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। सीएम सरमा ने संकेत दिया है कि आपराधिक और दीवानी मानहानि दोनों तरह के मामले दर्ज किए जाएंगे। यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब असम में 9 अप्रैल को मतदान होना है और 7 अप्रैल शाम 5 बजे चुनाव प्रचार थमना है।

### 16 साल से फरार पाक आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने संयुक्त कार्रवाई में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो पाकिस्तानी आतंकी और तीन स्थानीय मददगार शामिल हैं।

गिरफ्तार आतंकियों में अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरेरा प्रमुख है, जो पिछले 16 साल से फरार था। दूसरा आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब है। जांच में सामने आया कि दोनों 2010 में भारत में घुसे थे और कश्मीर घाटी के अलग-अलग इलाकों में सक्रिय थे। पुलिस के अनुसार, इस ऑपरेशन के तहत जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा समेत 19 जगहों पर छापेमारी की गई, जहां से महत्वपूर्ण सामग्री भी बरामद हुई।

---

**खोज** | **एनआईएच की खोज में मिला नए सुरक्षित 'ओपिओइड' का फॉर्मूला**


# अब बिना किसी जोखिम के मिल सकेगा दर्द से छुटकारा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया भर में ओपिओइड दवाओं का संकट एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बन चुका है। दर्द से राहत देने वाली ये दवाएं जैसे मॉर्फिन और कोडीन जहां मरीजों के लिए जरूरी हैं, वहीं इनके दुरुपयोग से लाखों लोगों की जान भी जा चुकी है। ऐसे में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) की नई रिसर्च ने उम्मीद जगाई है कि भविष्य में एक ऐसा ओपिओइड विकसित किया जा सकता है, जो दर्द तो कम करे लेकिन लत और ओवरडोज जैसे खतरों से बचाए।

### ओपिओइड संकट समस्या कितनी बड़ी?

- ओपिओइड दवाएं मस्तिष्क के उन रिसेप्टर्स पर असर डालती हैं, जो दर्द और सुख की अनुभूति को नियंत्रित करते हैं। लेकिन यही प्रभाव इन्हें खतरनाक भी बनाता है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, ओपिओइड ओवरडोज के मुख्य संकेत आंखों की पुतलियों का सिकुड़ना, बेहोशी और सांस लेने में कठिनाई हैं।
- कई मामलों में यह सांस रुकने तक ले जाता है, जिससे मौत हो सकती है। जोखिम तब और बढ़ जाता है जब इन दवाओं का गलत इस्तेमाल, ज्यादा डोज, शराब या अन्य दवाओं के साथ सेवन किया जाता है।

### नई खोजः डीएफएनजी नाम का संभावित सुरक्षित विकल्प



एनआईएच के वैज्ञानिकों ने एक नए सिंथेटिक ओपिओइड यौगिक डीएफएनजी की पहचान की है, जो दर्द निवारण में प्रभावी होने के साथ-साथ पारंपरिक ओपिओइड के खतरनाक दुष्प्रभावों से काफी हद तक मुक्त दिखता है। यह शोध प्रतिष्ठित जर्नल नेचर में प्रकाशित हुआ है। यह खोज 'निटाजीन' नामक ओपिओइड परिवार के पुनर्मूल्यांकन से निकली है। ये दवाएं 1950 के दशक में विकसित हुई थीं, लेकिन अत्यधिक ताकत और जोखिम के कारण इन्हें छोड़ दिया गया था।

### ऐसे काम करता है यह नया यौगिक

वैज्ञानिकों ने पहले एफएनजी नामक पदार्थ का अध्ययन किया और पाया कि यह मस्तिष्क में थोड़े समय के लिए जाता है, लेकिन दर्द से राहत लंबे समय तक देता है। इसी से प्रेरित होकर उन्होंने डीएफएनजी की खोज की।

### डीएफएनजी की खासियतें

- यह दर्द को प्रभावी तरीके से कम करता है
- मस्तिष्क में धीमी और नियंत्रित प्रतिक्रिया पैदा करता है
- पारंपरिक ओपिओइड की तरह 'हाई' या नशे जैसा प्रभाव नहीं देता

### सबसे बड़ी राहत सांस पर असर नहीं

ओपिओइड से मौत का सबसे बड़ा कारण रेस्पिरेटरी डिप्रेशन (सांस धीमी या बंद होना) है। लेकिन डीएफएनजी के प्रयोगों में यह प्रभाव नहीं देखा गया। जानवरों पर किए गए परीक्षणों में दर्द में तेज और लंबे समय तक राहत मिली। सांस लेने की प्रक्रिया सामान्य रही और बार-बार उपयोग पर भी असर कम नहीं हुआ।

### लत का खतरा भी कम

ओपिओइड की सबसे बड़ी समस्या उनकी लत है। डीएफएनजी पर किए गए परीक्षणों में पाया गया कि जानवर दवा लेते तो हैं, लेकिन दवा हटाने पर उसकी तलाश बंद कर देते हैं यह पारंपरिक ओपिओइड (जैसे हेरोइन या फेंटानिल) से अलग है, जहां लत लंबे समय तक बनी रहती है।

---

**एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक विवाद में हलफनामा**

# मिशेल बोले-'यह तीन लोगों का नहीं, सामूहिक प्रयास है'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एनसीईआरटी की कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब को लेकर चल रहे विवाद में प्रोफेसर मिशेल डेनिनो ने पहली बार सामने आकर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका पर आधारित विवादित अध्याय किसी एक व्यक्ति का काम नहीं, बल्कि 'सामूहिक और सहयोगात्मक प्रक्रिया' का परिणाम था। डैनिनो ने कहा कि इस किताब को तैयार करने वाली टीम में 15 सक्रिय सदस्य थे, न कि सिर्फ तीन लोग। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुपर्णा दिवाकर अंतिम लेखन में शामिल नहीं थीं, बल्कि शोध और संपादन से जुड़ी भूमिका निभा रही थीं। डैनिनो ने दिनेश प्रसाद सकलानी के उस दावे को भी चुनौती दी, जिसमें कहा गया था कि ड्राफ्ट सीमित लोगों के बीच साझा किए गए थे। हलफनामे के अनुसार 40 से अधिक सदस्यों वाला एक ग्रुप बनाया गया था। सितंबर से दिसंबर 2025 के बीच कई ड्राफ्ट साझा किए गए।



### 'न्यायपालिका के प्रति अनादर नहीं'

डैनिनो ने अपने हलफनामे में स्पष्ट किया कि इस अध्याय में वही शैक्षणिक ढांचा अपनाया गया, जो कार्यपालिका और विधायिका पर भी लागू किया गया था। उन्होंने कहा कि अध्याय का समग्र स्वर 'सकारात्मक' था और इसमें मानवाधिकारों की रक्षा में न्यायपालिका की भूमिका, सामाजिक मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप और जस्टिस कुलदीप सिंह के योगदान को भी शामिल किया गया।



# पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग



## दैनिक वेतन भोगी नियमित होने के साथ ही कर रहे वेतन मिलने का इंतजार

**जागरण, रीवा।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास रतहरा में अवैध नियुक्तियों की जांच करने की मांग शिवमोहन खटिक ने करते हुए जनसुनवाई में शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें आरोप लगाया कि पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में विज्ञापन निकाले बिना ही दो सगे भाई नागेन्द्र पटेल की 2024 एवं नारेन्द्र पटेल की 2026 में अवैध रूप से नियुक्ति कर दी गई। दोनों सगे भाई 2016 से 2024 तक विद्यार्थी के रूप में छात्रावास में पढ़ाई करते थे। विभाग द्वारा बिना किसी विज्ञापन व सूचना निकाले ही दोनों की नियुक्ति कर दी और नियम विरुद्ध दोनों को मासिक भुगतान भी किया जा रहा है। आश्चर्य की बात है कि दोनों नियुक्त कर्मचारियों से विभाग में कोई कार्य भी नहीं लिया जा रहा। दोनों कर्मचारी छात्रावास में निवासरत रहते हुए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में 2012 से दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्य कर रहे शिवमोहन खटिक, राहुल साकेत, मनीष मिश्रा को विभाग आज तक न तो नियमित किया गया है न ही उनकी श्रेणी बदली गई है। इतना ही नहीं फरवरी, मार्च दो माह से उन्हें वेतन भी नहीं दिया जा रहा, जिसके चलते उन्हें आर्थिक अभाव झेलना पड़ रहा है। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि कर्मचारियों के वेतन का भुगतान माह की पहली तारीख को कर दिया जाए। आवेदक ने मांग की कि छात्रावास में की गई दोनों नियुक्तियों की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाए।


# ट्रांसपोर्ट नगर में भूखंड लेकर उपयोग नहीं करने वालों का निरस्त होगा आवंटन

## नोटिस के बाद भी हितग्राहियों ने न तो जवाब दिया और न ही मांगी निर्माण की अनुज्ञा

### ट्रांसपोर्ट नगर में रेवांचल बस स्टैंण्ड के निर्माण के लिए प्रशस्त हो रहा मार्ग

जागरण, रीवा

शहर के ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसायिक भूखण्ड खरीदने करने के बाद वर्षो से उसका उपयोग नहीं करने वाले हितग्राहियों का आवंटन निरस्त किया जाएगा। इसी स्थान पर अंतर्राज्यीय रेवांचल बसस्टैण्ड का निर्माण प्रस्तावित है। नगर निगम प्रशासन द्वारा सर्वेक्षण कराया जाकर अब तक तीन चरणों में कुल 132 हितग्रहियों को आवंटन निरस्तगी का नोटिस दिया गया है, लेकिन किसी भी हितग्राही ने न तो भूखण्ड का उपयोग नहीं करने का उचित जवाब दिया है और न ही आवंटित भूखण्डों में निर्माण के लिए भवन अनुज्ञा आदि के लिए ही आवेदन दिया है। लिहाजा नगर निगम के पास भूखण्डों का आवंटन निरस्त करने का पर्याप्त कारण मौजूद है। इसी के साथ ही अंतर्राज्यीय रेवांचल बसस्टैण्ड के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त होगा। ट्रांसपोर्ट नगर का सर्वेक्षण के बाद जिन हितग्राहियों के भूखण्ड खाली पड़े हैं उन्हें आवंटन निरस्त किये जाने का नोटिस जारी करने के बाद से हड़कंप मच गया है। सर्वेक्षण के बाद 132 हितग्राहियों को आंवटन निरस्तगी का नोटिस दिया जा चुका है।




### 61 भूखंड धारकों को नोटिस, सिर्फ 30 दिन की मोहलत

निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा पिछले दिनों ट्रांसपोर्ट नगर के भ्रमण के दौरान रिक्त भूखंडों से हो रही असुविधा को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित हितग्राहियों को नोटिस देने के निर्देश दिये गये थे। नगर निगम द्वारा प्रथम चरण 36 आवंटियों को नोटिस दी गई। दूसरे चरण में 35 और हितग्राहियों को नोटिस दिये गये। इसके बाद तीसरे चरण में 61 हितग्राहियों को नोटिस जारी किया गया। नोटिस में यह लेख किया गया है कि रिक्त भूखंड में अभी तक कोई निर्माण नहीं किए जाने से प्रतीत होता है कि व्यवसाय हेतु उक्त भूखंड की आवश्यकता नहीं है। व्यवसायिक भूखंड रिक्त रहने का उचित कारण बतायें। यदि भूखंड की आवश्यकता है तो भवन निर्माण अनुज्ञा हेतु आवेदन प्रस्तुत कर उक्त भूखंड निगम को वापस करने के लिए पत्र लिखित में 30 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करने का समय दिया गया है। निर्धारित अवधि में आवेदन प्राप्त नहीं होने की दशा में यह माना जावेगा कि उक्त भूखंड की आवश्यकता नहीं है और मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

इसी जमीन पर रेवांचल बसस्टैण्ड का निर्माण भी प्रस्तावित है। लिहाजा किसी भी हितग्राही द्वारा भूखण्ड में निर्माण के लिए भवन अनुज्ञा का आवेदन नहीं दिया गया है। गौरतलब है कि योजना क्र.7 पड़रा सुआरन टोला में निर्मित ट्रांसपोर्ट नगर में व्यावसायिक भूखंड 30 वर्षीय लीज पर आवंटित किये गये हैं। लेकिन अनेक भूखंड वर्तमान में भी रिक्त है, जिनमें वर्षा का पानी भरता हैं और लोग कचरा व कबाड़ फेंकते हैं जिससे प्रदूषण होता है। सफाई व्यवस्था नहीं होने से संक्रामक बीमारी फैलने की संभावना के साथ लोगों को असुविधा हो रही है।

# श्री घंसिया नाथ हनुमान मंदिर भुण्डहा में बह रही भक्ति रस धारा



**जागरण, रीवा।** श्री घंसियानाथ हनुमान मंदिर भुण्डहा में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरूआत गत 3 अप्रैल को ग्राम में कलश यात्रा निकालकर की गई। कथा का वाचन श्री अरूणाचार्यजी महाराज के श्रीमुख से किया जा रहा है। कथा शुभारंभ के अवसर पर कलश यात्रा का स्वागत क्षेत्र की जनता ने पुष्पवर्षा कर किया। पहले दिवस कथा के दौरान श्रीमद्भागवत कथा के महत्व के बारे में बताया। दूसरे दिवस विभिन्न प्रसंगों पर प्रकाश डाला गया। तीसरे दिवस ध्रुव चरित्र, भक्त प्रहलाद चरित्र एवं श्री नरसिंह भगवान के अवतरण का चित्रण किया गया। चौथे दिवस गजेन्द्र मोक्ष एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग बहुत ही प्रेरणात्मक शब्दों के साथ किया गया। भागवत कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। आयोजन समिति के सदस्य एड. राघवेन्द्र तिवारी अधिक से अधिक भक्तों से कथा स्थल पर पहुंच धर्मलाभ लेने का आह्वान किया है।

# भूमि सीमांकन के लिए काट रहे चक्कर पटवारी नहीं कर रहा सुनवाई



जागरण, रीवा। ग्राम पंचायत करहिया नंबर-1 निवासी सूर्यभान साकेत ने जनसुनवाई में शिकायत दर्ज करवाई कि उनके द्वारा उनकी भूमि आराजी नंबर 428, 468 ग्राम पंचायत करहिया नंबर-1 तहसील हुजूर जो कि समयलाल साकेत व रामलखन साकेत पिता स्व. लुलुआ साकेत के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है। दोनो ही भूमियों के सीमांकन के लिए आवेदक के भाई रामलखन साकेत द्वारा सबसे पहले 1 नवंबर 2025 को आवेदन किया था किन्तु हल्का पटवारी द्वारा भूमि का सीमांकन नहीं किया गया, जिसके बाद उनके पुत्र सूर्यभान साकेत द्वारा जनसुनवाई में आवेदन लगाया गया, कईबार आवेदन देने के बाद भी प्रार्थी की सुनवाई नहीं हो रही, आज तक उनकी भूमि का सीमांकन नहीं किया गया। हर बार आवेदन लेकर उन्हें चलता कर दिया जाता है।

# अमहिया मार्ग के अधिकांश अतिक्रमणकारियों को अभी भी है किसी चमत्कार की उम्मीद

## कुछ ही लोग तोड़ रहे अपने मकान या दुकान का चिन्हित किया हुआ हिस्सा, राजस्व रिकार्ड में 18 मीटर से 28 मीटर तक दर्ज है सड़क की चौड़ाई

### सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक चिन्हित किये गये है 165 मकान

**जागरण, रीवा।** सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक अमहिया मार्ग के चौड़ी करण के लिए पिछले दिनों एसडीएम और निगमायुक्त द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान दी गई समझाइश के बाद अधिकांश लोग अपने अतिक्रमण खुद हटा लेने के लिए सहमत हो गये थे लेकिन वर्तमान में इस मार्ग के कुछ अतिक्रमण ही तोड़ जा रहे है। शायद अमहिया मार्ग के अधिकांश अतिक्रमणकारियों को अभी भी किसी चमत्कार की उम्मीद है। इसी लिए शांत बैठे हैं और उन्हे शायद नगर निगम के बुलडोजर पहुंचने का इंतजार हैं। सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक अमहिया मार्ग के बीच की गई नापजोख के बाद 165 अतिक्रमण चिन्हित किये गये हैं। सभी को नोटिस के जरिये एवं मुनादी कराकर अतिक्रमण हटा लेने के लिए चेतावनी दी जा चुकी है। एसडीएम और निगमायुक्त द्वारा भी स्पष्ट बता दिया गया है। इसके बावजूद 4-6 लोग ही अपने अतिक्रमण हटाने लगे हुए है। इनका मानना है कि नगर निगम की जेसीबी से तोड़ने पर और हिस्सा भी टूट जाएगा। पिछले एक साल से अमहिया मार्ग का अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासनिक कवायद चल रही है। जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा सभी अतिक्रमणकारियों को पर्याप्त समय भी दिया जा चुका है लेकिन इस मार्ग के व्यापारियों को लगता है कि उनका अतिक्रमण अभी भी बच सकता है। लिहाजा वे राजनीतिक स्तर पर प्रयास कर रहे हैं कि शायद किसी तरह बच जाय। लेकिन अब मामला इतना आगे बढ़ गया है कि वहां से लौटना अब असंभव है। राजस्व रिकार्डो के अनुसार की गई इस नाप में कई जगह 5-6 मीटर तक कब्जा पाया गया है। राजस्व रिकार्ड के मुताबिक सिरमौर चौराहा से लेकर अमहिया नाले तक सड़क की चौड़ाई 18 मीटर दर्ज है। इसके बाद गोस्वामी एक्सरे से लेकर गुरुद्वारा तक इस सड़क की चौड़ाई राजस्व नक्शे में 22 मीटर से लेकर 28 मीटर तक दर्ज है। इसके अलावा गुरुद्वारा से लेकर अस्पताल चौराहा तक सड़क की चौड़ाई 18 मीटर नक्शे में दर्ज है। नापजोख के दौरान यह बात भी सामने आई कि कई दुकानदारों द्वारा 5-6 मीटर तक सड़क की जमीन पर कब्जा किया गया है। अन्नपूर्णा ट्रंक स्टोर के आसपास सड़क के दोनो तरफ सड़क पर कब्जा किया गया है। सड़क के पश्चिम साइड में 55 अतिक्रमण तथा पूर्व साइड में लगभग 110 अतिक्रमण चिन्हित किये जा चुके है। नापजोख के दौरान सुपर स्पेशिलियटी अस्पताल के सामने की सभी दुकाने अतिक्रमण में पाई गई है। छोटी दरगाह परिसर में निर्मित दुकानों में भी अतिक्रमण पाया गया है। ये दुकाने 5 फिट बढ़ाकर बनाई गई है। अमहिया मोड़ के पास तिराहे में सर्वाधिक अतिक्रमण पाया गया है। लंबे समय से काबिज इन अक्रिमणकारियों को हटाने की कार्ययोजना नगर निगम द्वारा तैयार कर ली गई है। इन दुकानों को अब कभी भी जेसीबी से धराशाई किया जा सकता है।



# आवास हीनों के लिए शहर में नये पीएम आवास बनाने जमीन की खोज

## पीएम आवास-2 के लिए किये गये 6000 से अधिक आवेदन

### बीएलसी के तहत पीएम आवास के 317 पात्र हितग्राहियों को सौंपे गये स्वीकृति पत्र

**जागरण, रीवा।** शहर में नये पीएम आवास बनाने के लिए नगर निगम द्वारा उपयुक्त जमीन की तलाश की जा रही है। पीएम आवास योजना-2 के लिए अब तक 6000 से अधिक हितग्राहियों ने आवेदन किया हुआ है। पीएम आवास के आवेदन की प्रक्रिया के साथ-साथ इनका सत्यापन भी किया जा जा रहा है। ये पीएम आवास कब तक उपलब्ध हो पाएंगे इसकी कोई सीमा निर्धारित नहीं है। इतना अवश्य है कि पात्र हितग्रहियों को आवास अवश्य मिलेगा। बीएलसी योजना के तहत अब तक 317 पात्र हितग्राहियों के न केवल आवेदन स्वीकृति किये जा चुके हैं बल्कि उन्हें स्वीकृति पत्र भी सौंपा जा चुका है। पीएम आवास 1.0 में बीएलसी योजना से 91 आवास अभी निर्माणाधीन है। इसमे 74 हितग्राहियों को आवास की अंतिम किश्त उपलब्ध करा दी गई है और इनके आवास पूर्ण होने के करीब पहुंच गये है। इसी तरह 17 हितग्राहियों को आवास की दूसरी किश्त मुहैया कराई गई है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास 1.0 योजना का लाभ देने के मामले में द्वारा नगर निगम द्वारा काफी उदारता बरती गई है।



### 8968 को किया जा चुका है लाभान्वित

इस योजना के तहत शहर में अब तक 8968 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। शहर में बीएलसी योजना के तहत अब तक कुल 7232 हितग्राहियों का पीएम आवास योजना का लाभ दिया जा चुका है। इनमें में 95 प्रतिशत आवासों का निर्माण पूरा भी हो चुका है। इसके अलावा ईडब्ल्यूएस योजना के तहत शहर में गोल क्वार्टर बिछिया, एसएएफ कालोनी के पास, चिरहुला मार्ग पर ललपा साइट, इंजीनियरिंग कालेज के पास सुंदरनगर एवं रतहरा में 1736 पीएम आवास बनाये गये हैं। इनमे में 1600 से अधिक आवासों का आवंटन किया जा चुका है। इसके अलावा एसएएफ कालोनी के पास 48 एवं ललपा साइट में 96 एमआईजी एवं गोल क्वार्टर में 60 एलआईजी आवास का निर्माण किया गया है। ईडब्ल्यूएस आवासों को 3.20 लाख रुपये में दिया गया है। एमआइजी आवासों को 18 लाख रुपये से अधिक में दिया गया है तथा एलआईजी आवासों को 15 लाख रुपये में दिया गया है। ऊपरी मंजिल के आवासों को क्रमशः एक लाख रुपये कम कीमत में दिया गया है। बीएलसी योजना के तहत सभी हितग्राहियों को ढाई लाख रुपये की राशि किश्तों में उपलब्ध कराई गई है। सूत्रों का दावा है कि अगर पीएम आावास का औसत सर्वेक्षण कराया जाय तो रीवा नगर निगम में सबसे अव्वल आएगा।

**दैनिक जागरण की खबर पर हरकत में आया प्रशासन**

# किस वेयर हाउस में कितना अनाज भरा है, अब होगी जांच

## संबंधित एसडीएम को सौंपी गई गोदामों के जांच की जिम्मेदारी

**जागरण, रीवा।** गेहूं उपार्जन के बाद भंडारण की समस्या को लेकर दैनिक जागरण द्वारा 6 अप्रैल 26 के अंक में समाचार प्रकाशित किए जाने के बाद शासन प्रशासन हरकत में आ गया है। किस वेयर हाउस में कितना अनाज भरा है इसकी जांच की जायेगी। संबंधित एसडीएम को गोदामों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। भोपाल से जारी आदेश में कहा गया है कि उपार्जन अवधि में गोदामों में भण्डारित गेहूं की निकासी कलेक्टर अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी की पूर्व अनुमति से की जा सकेगी। अपर संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति ने जारी आदेश में कहा है कि पूर्वानुमति हेतु अनुशंसा के पूर्व संबंधित अधिकारी प्रकरण का भलीभांति परीक्षण करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि इसका समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत गेहूं विक्रय में दुरूपयोग न हो सके। सभी गोदाम संचालकों को कृषि गोदाम के तहत प्रावधानित लेखों का संधारण किया जाना अनिवार्य होगा एवं प्राधिकृत अधिकारी को जांच समय में उपलब्ध कराना होगा। दरअसल रीवा में 7.16 लाख एमटी भंडारण की क्षमता है लेकिन रीवा के गोदामों में करीब 7 लाख एमटी अनाज भरा हुआ और उपार्जित गेहूं रखने की जगह नहीं है।


धान से भरे हैं सभी गोदाम, 5 फीसदी भी नहीं हो पायी मिलिंग

कैसे हो गेहूं की खरीदी, भंडारण के लिए कोई गोदाम खाली ही नहीं

जिले में 7.16 लाख एमटी भंडारण की है क्षमता, 7 लाख एमटी अनाज भंडारित

है। रीवा जिले में 7.16 लाख एमटी आनाज भंडारण की क्षमता है लेकिन करीब 7 लाख एमटी अनाज से गोदाम भरे पड़ें हैं। धान उपार्जन प्रक्रिया पूरी होते प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं उपार्जन की तैयारी शुरू कर दी गई। 7 फरवरी से गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन भी शुरू कर दिया गया है। यहां विडंबना यह है कि सरकार गेहूं खरीदी कर उसे भंडारित कहां करेगी। कारण यह कि जिला प्रशासन के पास जितने गोदाम हैं वे सब धान से फुल हैं। कुछ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का चावल गेहूं व चना-मसूर रखा हुआ है। दो लाख एमटी तो एफसीआई का ही चावल रखा है। ऐसी परिस्थिति में सरकार गेहूं खरीदी कर उसे भंडारित कहां करेगी, संकट नजर आ रहा है। यह स्थिति सरकार की नई मिलिंग नीति के कारण मिलरों द्वारा का मिलिंग न करना है। बताते कि इस वर्ष रीवा जिले में चार लाख एमटी से अधिक धान का उपार्जन किया गया है। यदि खरीदी के साथ ही मिलिंग कार्य भी शुरू हो जाता तो अब तक 50 प्रतिशत धान यानी कि लगभग दो लाख एमटी धान की मिलिंग हो गई होती है और गेहूं भंडारण के लिए इतनी जगह गोदामों में खाली हो जाती। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। प्राप्त जानकारी अनुसार अभी तक रीवा जिले में 10 प्रतिशत धान का उठाव व पांच प्रतिशत ही मिलिंग हो पायी है। जिले में 66 मिलर पंजीकृत है लेकिन सरकार की नई नीति के कारण अभी 50 प्रतिशत मिलर ही मिलिंग कार्य प्रशासन के दबाव में बिना मन कर रहे हैं।

मिलिंग न होने का यह है कारण



### खरीदी से पहले का गेहूं मिला तो ब्लैक लिस्टेड होंगे केन्द्र



**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने गेहूं उपार्जन केन्द्रों में उपार्जन से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व यदि पहले का भण्डारित गेहूं मिला तो केन्द्र को ब्लैक लिस्टेड किया जायेगा। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों से उपार्जित गेहूं का अनवरत परिवहन किया जाय तथा उठाव में देरी न हो। खरीदी प्रारंभ होने के दिन से ही उठाव की व्यवस्था हो। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में सीमावर्ती राज्यों से गेहूं न आने पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये तथा चेकपोस्ट लगाकर व अन्य माध्यम से आवक रोके जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने वारदानों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि शासन स्तर से वारदानों की मांग करें ताकि खरीदी से पूर्व पर्याप्त वारदानों की उपलब्धता रहे। कलेक्टर ने वारदानों का हिसाब न देने वाली समितियों को नोटिस देने की बात कही। उन्होंने उपार्जित गेहूं के व्यवस्थित भण्डारण के निर्देश दिये। भावान्तर योजना से खरीदी के संबंध में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी सहित उपार्जन से संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवीन कोर्ट में विपरीत परिस्थितियों में न्यायालयीन कार्य करने को मजबूर अधिवक्ता

## महिला वकीलों ने समस्याओं के निराकरण की उठाई मांग



**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद की प्रत्याशी अधिवक्ता सुमिता सिंह गहरवार ने जिला न्यायालय की अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि सितंबर 2025 से नवीन न्यायालय भवन में स्थानांतरण के बाद से सभी अधिवक्ता विपरीत परिस्थितियों में न्यायालयीन कार्य करने को मजबूर हैं। उन्हें कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 6 माह से न्यायालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सर्विस बिल्डिंग के प्रसाधनों की नियमित सफाई नहीं होने से भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने इस व्यवस्था को नगर निगम रीवा को सौंपने की मांग की है। इसके अलावा अधिवक्ताओं की बढ़ती संख्या के चलते बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इस समस्या के समाधान के लिए न्यायालय भवन के सामने टीन शेड बनाकर बैठने की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई है। साथ ही नय अधिवक्ताओं को 3 वर्ष तक स्टायपेंड देने की व्यवस्था लागू करने की भी बात कही गई है। उन्होंने न्यायालय भवन में लिफ्ट के सुचारु संचालन के लिए उसका संधारण पीडब्ल्यूडी को सौंपने, नवीन भवन में तत्काल लाइब्रेरी की व्यवस्था करने, वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग एवं शेड निर्माण तथा कैंटीन सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए ताकि वे सुचारु रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

# उप मुख्यमंत्री आज आयेंगे रीवा



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 8 अप्रैल को शाहपुर डिडौरी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत रात्रि 8 बजे रीवा आयेंगे तथा निज निवास में रात्रि विश्राम करेंगे। उप मुख्यमंत्री 9 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे सर्किट हाउस रीवा में बाणसागर परियोजना की समीक्षा बैठक लेंगे तदुपरांत स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# कांग्रेस का जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन 09 को

**रीवा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन मे जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश सरकार के द्वारा गेहूं की उर्पाजन तारीख को बार-बार बढ़ाने, किसानों को गेहूं मे दिये जाने वाला बोनस मात्र 40 रुपये किये जाने, मार्च एवं अप्रैल मे बेमौसम वर्षा एवं तूफान तथा ओलावृष्टि के कारण किसानों के गेहूं एवं दलहानी-तिलहनी की फसलें नष्ट हो गयी हैं, खालिहानों मे काटी गयी फसलें सड़ रही हैं। मुख्यमंत्री केवल घोषणा करते है लेकिन दुर्भाग्य है कि आज तक जिला प्रशासन द्वारा किसानों की फसलों की नुकसानी का सर्वे कराने में कोई रुचि नही ले रहा हैं। भाजपा सरकार की इन सब किसान विरोधी नीतियों के विरोध में एवं किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 09 अप्रैल को दोपहर 12:00 बजे सिरमौर चौराहा स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा के समक्ष जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, शहर अध्यक्ष अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों तथा किसानों आयोजित धरना प्रदर्शन में पहुंचने की अपील की है।







शहर का तापमान/मौसम
अधिकतम 34.0°c | न्यूनतम 20.0°c
जिले भर में कहीं धूप तो कहीं बादल छाये रहने के आसार


• 11 • राज्य • 31 • संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# रीवा संभाग ई-ऑफिस में लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**रीवा।** प्रशासनिक नवाचार के तहत ई-ऑफिस व्यवस्था लागू की गई है। अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है। ई-ऑफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में अक्टूबर माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 17811 फाइलें ई-ऑफिस में क्रिएट की गईं तथा 69074 फाइलों का मूवमेंट हुआ। प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 5485 फाइलों का क्रिएशन तथा 45740 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है। इसमें 2920 फाइलों का क्रिएशन तथा 32356 फाइलों का मूवमेंट हुआ है।

कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं। इनकी कुल संख्या 65 है। इस रैंकिंग में रीवा जिला 15वें स्थान पर है। रीवा जिले में 6995 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 48214 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। रैंकिंग में सिंगरौली जिला 40वें, मऊगंज जिला 51वें, सतना जिला 47वें, सीधी जिला 42वें तथा मैहर जिला 50वें स्थान पर है। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को ई-ऑफिस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी जिला कार्यालयों में इसे दृढ़ता से लागू कराने के निर्देश दिए हैं। ई-ऑफिस के माध्यम से कम श्रम और कम समय में फाइलों का मूवमेंट और निराकरण हो रहा है। यह सुशासन को मजबूत करने के लिए सराहनीय पहल है।

# पूर्वा फॉल में फल-फूल रहा अवैध पार्किंग वसूली का धंधा



**जागरण, रीवा।** शहर में तो अवैध रूप से पार्किंग की वसूली हो रही है, जिसका अनुसरण अब पर्यटन स्थलों पर भी देखने को मिल रहा है। पूर्वा फॉल में अवैध पार्किंग वसूली का धंधा बड़े जोर-शोर से फल-फूल रहा है। जबकि यहां तो पार्किंग का ठेका दिया गया है न ही किसी जिम्मेदार ने पार्किंग शुल्क वसूलने की अनुमति दी है, बावजूद इसके यहां आने वाले पर्यटकों से अवैध रूप से पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। जिसका कोई वाहन चालक विरोध करे तो उसे अवैध रूप से पार्किंग शुल्क वसूल रहे लोगों द्वारा धमकाया भी जाता है।

शहर के वाहन पार्किंग स्थलों में दो पहिया वाहनों का 10 रुपया वसूला जाता है, परन्तु पूर्वा फॉल में दोपहिया वाहन का पार्किंग शुल्क 20 रुपए निर्धारित कर रखा है। इसी प्रकार चार पहिया वाहन चालकों से पार्किंग शुल्क 40 रुपए वसूला जा रहा है, पार्किंग शुल्क वसूलने वाले हाथों से वाहन चालकों को रसीद भी बनाकर दे रहे हैं, जब कोई वाहन चालक अवैध रूप से पार्किंग शुल्क वसूलने वालों से पूछे कि यह व्यवस्था कब से शुरू हुई या फिर इसका विरोध करे तो ये लोग उसे धमकाने के साथ ही मारपीट करने पर भी उतारू हो जाते हैं। एक वाहन चालक ने तो यहां तक बताया कि रुपए न देने पर ये फॉल में फेंकने तक की धमकी देते हैं, पर्यटन स्थलों पर भी इस प्रकार के कृत्य होने लगे तो संभवतः वह दिन दूर नहीं जब पर्यटन स्थल पर्यटक विहिन नजर आएंगे।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433


# कमिश्नर आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करेंगे समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद 8 अप्रैल को शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करेंगे। बैठक कमिश्नर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में पेयजल व्यवस्था, बिजली की आपूर्ति एवं ट्रांसफार्मरों की स्थिति, जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल स्वावलंबी योजना की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान, एचपीवी टीकाकरण अभियान, उपार्जन की तैयारियों, कुपोषण नियंत्रण स्कूल चलें हम अभियान, संवाद से समाधान अभियान, पंचायतों द्वारा बिजली बिल के भुगतान तथा नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी।

# केसीसी कंपनी की मनमानी : प्रतिबंधित बीहर नदी के टूटे पुल से अभी भी दौड़ रहे भारी वाहन

## 30 अप्रैल तक है प्रतिबंध, दो दिन भी नहीं हुआ पालन

### कलेक्टर के आदेश की खुलेआम उड़ाई जा रहीं धज्जियां, हो सकता कभी भी बड़ा हादसा







जागरण, रीवा

बायपास मार्ग में बीहर नदी पर बने पुल में आई लंबी दरार के कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा पुल को जर्जर घोषित किया जाकर आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है, इसके बावजूद आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए पुल से होकर भारी वाहन गुजारे जा रहे हैं। सोमवार को पुल से कोई भी वाहन नहीं गुजरा लेकिन मंगलवार को फिर से भारी वाहनों के लिए बैरीकेडिंग हटा दी गई जिससे वाहनों का अवागमन फिर से चालू हो गया। हैरत की बात यह है कि जब बीहर नदी के किनारे नये पुल का निर्माण कर रही केसीसी कंपनी के आधा सैकड़ा से अधिक कर्मचारी 24 घंटे मौजूद रहते हैं तो बिना उसकी सहमति से कैसे क्षतिग्रस्त पुल से वाहनों का आवागमन शुरू हो गया। शहर के बायपास में बीहर नदी में बने पुराने पुल के एक पिलर में दरारें आने और तीन पियर कैप क्षतिग्रस्त होने के बाद कलेक्टर द्वारा लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर 30 अप्रैल तक भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह प्रतिबंध एमपीआरडीसी के महाप्रबंधक द्वारा विगत 31 मार्च को कलेक्टर को पत्र लिखने के बाद लगाया है। जाहिर है कि इस दौरान पुल की क्षतिगस्त हिस्से की मरम्मत की जाकर उसे भारी वाहनों के चलने लायक बनाना है लेकिन जिस तरह से प्रतिबंध आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है उससे 30 अप्रैल तक पुल की मरम्मत हो पाएगी इसमें संदेह है।

### दोहरे मापदण्ड अपनाने का आरोप

स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का आरोप है कि जहां आम जनता को डायवर्सन रूट का पालन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है लेकिन केसीसी कंपनी अपने भारी-भरकम लोड ट्रक, डंपर और अन्य मशीनरी को उसी जर्जर पुल से लगातार गुजार रही है। इससे न केवल कलेक्टर के आदेशों की धज्जियां उड़ रही हैं बल्कि हजारों लोगों की जान भी खतरे में पड़ रही है। गुस्साए स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह दोहरा मापदंड है एक तरफ आम लोगों को रोका जा रहा है और दूसरी तरफ कंपनी को खुली छूट दी जा रही है। क्या कलेक्टर का आदेश सिर्फ जनता के लिए है? यह सवाल अब हर किसी की जुबान पर है। इस पूरे मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। वाहन चालकों और स्थानीय लोगों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर केसीसी कंपनी के वाहनों का इस पुल से आवागमन तुरंत नहीं रोका गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

**केसीसी कंपनी खुद निकाल रही अपने भारी वाहन :** बताया जा रहा है कि पुल के गर्डर में दरार और पियर कैप क्षतिग्रस्त होने के बाद कलेक्टर द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे कि कोई भी भारी वाहन इस मार्ग से नहीं गुजरेगा। लेकिन कंपनी ने ही अपने भारी वाहन निकालने के लिए बैरीकेट्स हटा दिये गये है। पुलिस, राजस्व विभाग और एमपीआरडीसी को इस आदेश को लागू कराने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बावजूद केसीसी कंपनी न केवल अपने वाहनों को पुल से निकाल रही है बल्कि निर्माण सामग्री की ढुलाई भी इसी पुल के जरिए कर रही है। इससे पहले से कमजोर पुल पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है जो किसी भी समय बड़े हादसे को जन्म दे सकता है। चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई है कि कंपनी के नाम का इस्तेमाल कर अन्य वाहन भी बिना रोक-टोक पुल पार कर जाते हैं।

**प्रयागराज प्रशासन से भी चल रही बातचीत :** 4-लेन बायपास सड़क निर्माण कार्य कर रही केसीसी कंपनी पर गंभीर आरोपों का तूफान खड़ा हो गया है। बीहर नदी पुल में आई खतरनाक दरार और 4 से 6 इंच तक धंसने के बाद प्रशासन ने भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है। लेकिन अभी भी पुल पर से भारी वाहन गुजर रहे हैं। कलेक्टर प्रतिभा पाल का कहना है कि वाहनों को सही रूट से उत्तर प्रदेश पहुंचाया जाए, इसके लिए प्रयागराज प्रशासन से भी बातचीत चल रही है ताकि रीवा के रास्ते प्रयागराज जाने वाले या फिर प्रयागराज से रीवा के रास्ते निकालने वाले वाहनों को परेशानियों का सामना न करना पड़े और एक माह के अंदर पुल को फिर से चलने लायक तैयार किया जा सके। दूसरी ओर पुल से निकलने वाले वाहन चालकों का कहना है कि हमें तो पता ही नहीं पुल खराब है और न ही हमें किसी ने रोका ही।



### रात में शहर हो जाता है जाम

सोमवार रात में नो इंट्री के बाद सारे भारी वाहन शहर की मॉडल रोड होकर प्रयागराज व मिर्जापुर रोड के लिए जाते हैं। गुलाब नगर से हनुमान वाटिका तक सीवरेज पाइप लाइन के लिए खुदाई होने व उसका मलबा पड़ा होने के कारण यहां रोड़ वन वे है। लिहाजा दोनो तरफ से वाहनों का रेला आने से जाम लग जाता है। सोमवार को रात्रि 2:40 बजे के आसपास सिरमौर चौराहा फ्लाईओवर से समान तिराहा फ्लाईओवर व रतहरा तक वाहन कतारबद्ध खड़े रहे। पिछले तीन दिनों से यही हालात हैं।

### तकनीकी जांच से ही होगा कारणों का खुलासा

बायपास मार्ग में बीहर नदी पर डेढ़ दशक पहले बना पुल अचानक कैसे क्षतिग्रस्त हो गया है, इसके कारणों का खुलासा तकनीकी जांच से ही संभव है। केसीसी कंपनी और एमपीआरडीसी के अधिकारियों को एक सप्ताह पहले से इसकी जानकारी थी और एमपीआरडीसी ने विगत 31 मार्च को कलेक्टर को पत्र भी लिखा है। इससे साफ जाहिर होता है कि बगल में बना रहे पुल निर्माण के दौरान कुछ ऐसा हुआ है जिसके चलते पुराना पुल क्षतिग्रस्त हुआ है जिससे पुल में आई गहरी दरारें के कारण करीब 4 से 6 इंच का स्लैब धंस गया। पुल के नीचे से देखने पर ऐसा लगता है कि पियर कैप क्षतिग्रस्त होने के बाद चुपचाप इसे रिपेयर करने करने का प्रयास भी किया गया है। क्योकि क्षतिग्रस्त हिस्से के पास ताजी कंक्रीट स्पष्ट नजर आ रही है। इसकी सच्चाई विशेषज्ञ इंजीनियरों की जांच से ही पता लगाया जा सकता है। इस पुल की लाइफ लगभग 80 साल थी तो 15 साल में ही यह कैसे क्षतिग्रस्त हो सकता है।

# जो फायनेंस कंपनी का गारंटर बना उसी ने लगा दिया ग्राहक को चूना

## राशि भी गई और कंपनी दोपहिया वाहन भी खींच ले गई, पुलिस ने नहीं की रिपोर्ट दर्ज



**जागरण, रीवा।** जवा तहसील के ग्राम झलवा निवासी राजभान पिता उदयभान सोनकर ने पुलिस अधीक्षक से मंगलवार को शिकायत कर बताया कि उसने दोपहिया वाहन फायनेंस करवाया था जो फायनेंस कंपनी का गारंटर बना उसी ने उसे चूना लगा दिया, रुपए जमा करने के बाद भी वाहन की किश्त जमा नहीं की गई, जिसके चलते कंपनी ने उसका वाहन भी जब्त कर लिया।

शिकायत में राजभान ने बताया कि दोपहिया वाहन चिल्ला रिकार्ड एजेन्सी सोहागी के पास से उसने 19 अप्रैल 2024 को विधिवत फायनेंस करवाकर दोपहिया वाहन हीरो स्प्लेण्डर प्लस रंग काला क्रय किया था, जिसका नंबर एमपी-17-जेड-5968 है। प्रार्थी ने उसी एजेन्सी में सूरज पिता चन्द्रभान सोनकर निवासी कोनिया के माध्यम से वाहन क्रय किया था जो बतौर फायनेंस में गारंटर के रूप में वाहन स्वामी का साथी बना। जिसने छलकपट व धोखाधड़ी करते हुए प्रार्थी के वाहन की किश्त जमा नहीं की जबकि वह किश्त जमा करने के नाम पर प्रार्थी से अब तक 1 लाख 15 हजार रुपए वसूल चुका है। वाहन क्रय करने के दौरान प्रार्थी ने उसे 50 हजार रुपए ऑन लाइन अदा किए थे। इसके बाद समय-समय पर उसके खाते में राशि डालता रहा, किन्तु उसके द्वारा किश्त जमा नहीं की गई, 42 हजार रुपए का जो फायनेंस करवाया था वह राशि भी जमा नहीं हुई। जब आवेदक का दोपहिया वाहन फायनेंस कंपनी ने किश्त जमा न होने का हवाला देते हुए वाहन खींच लिया तो इसकी शिकायत करने प्रार्थी जवा थाने पहुंचा तो न तो उसका आवेदन लिया गया न ही पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज की बल्कि उसे ही डरा-धमकाकर वहां से चलता कर दिया। जिस पर प्रार्थी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और उसके साथ धोखाधड़ी करने वाले के विरुद्ध शिकायत कर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की तथा उसकी रिपोर्ट दर्ज न करने पर संबंधित पुलिस कर्मियों पर भी कार्यवाही किए जाने की मांग की।

# महज संदेश बनकर ही रह गया स्वच्छ भारत मिशन का संदेश

## शहर सहित ग्राम पंचायतों में भी नहीं हो रहा अमल



**जागरण, रीवा।** शहर सहित प्रदेश भर के शहर व ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन का संदेश अंकित करवाया गया है, ताकि देश को भी प्रदूषण, कचरे से मुक्त कर स्वच्छता की श्रेणी में शामिल किया जा सके, किन्तु उक्त संदेश महज संदेश बनकर ही रह गया। न तो शहर में इस पर अमल हो रहा है न ही अंचलों में। जहां स्वचछ भारत मिशन का संदेश लिखा है उसके आसपास ही गंदगी का अंबार लगा हुआ है। शहर के वार्डों से नियमित वार्डों से कचरा एकत्रित नहीं किया जाता है, नाले-नालियां महीनों तक सफाई की बाट जोहते रहते हैं,कार्यालयों सहित सड़कें, सार्वजनिक स्थल नशे की बोतलों व पान की पीक से पटी पड़ी हैं, किन्तु इन समस्त अनियमितताओं में से एक में सुधार देखने को नहीं मिल रहा। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देश देने पर मातहत निर्देश मिलने के एकाध दिन ध्यान देते हैं, बाद में पुरानी स्थिति बहाल हो जाती है। ग्राम पंचायतों के रखरखाव सहित ग्राम के विकास, स्वच्छता रखने पर्याप्त राशि का आवंटन होता है, किन्तु उक्त राशि बजाय ग्राम विकास के स्वयं के विकास में व्यय कर दी जाती है। जिले में ही दर्जनों ग्राम पंचायतों के खिलाफ शासकीय राशि का दुरुपयोग, अनियमितता की जांच चल रही है, किन्तु कार्रवाई देखने को नहीं मिलती। ग्राम पंचायतों में भी स्वच्छ भारत मिशन के संदेश अंकित हैं, जहां संदेश लिखे हैं, उसके साथ ही पूरा गांव गंदगी से परिपूर्ण है, जिसका उदाहरण ग्राम पंचायत करहिया, इटौरा,अटरिया,गोड़हर सहित अन्य ग्राम पंचायतों में आसानी से देखा जा सकता है। पंचायतों की स्थिति यह है कि जगह-जगह कचरे, प्लास्टिक, गंदगी के ढेर लगे हैं, किन्तु ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में एक बार भी कचरा उठवाने की जहमत नहीं उठाते।

# रीवा को छोटा शहर कहना विंध्य का अपमानः शहर कांग्रेस



**रीवा।** जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के बयान पर प्रतिक्रिया देते कहा है कि रीवा को छोटा शहर कहना विंध्य का अपमान है। जब मध्यप्रदेश नहीं था, तब विंध्य प्रदेश हुआ करता था और रीवा उसकी राजधानी थी। अशोक पटेल झब्बू ने रीवा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, रीवा ने ही उप मुख्यमंत्री को मान-सम्मान दिलाया है। रीवा विंध्य की धड़कन है, हमारी विरासत है, और हमारा मान-सम्मान है। उन्होंने आगे कहा, रीवा ने कई महान नेताओं को जन्म दिया है, जिन्होंने विंध्य का नाम पूरे देश में रोशन किया है। अशोक पटेल झब्बू ने सरकार से सवाल किया, युवाओं के रोजगार के लिए सरकार ने क्या किया है, जो बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। क्या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है कि वह युवाओं को रोजगार प्रदान करे। रीवा में पहले से ही अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज कृषि महाविद्यालय आईटीआई शिक्षण संस्थान स्थापित हैं लेकिन रीवा को छोटा शहर कहकर पूरे विंध्य का और रीवा के लोगों का अपमान किया गया है।

# जाति विशेष पर सोशल मीडिया में गाली देने का मामला पकड़ा तूल, विरोध के बाद एफआईआर दर्ज

## नाराज लोगों ने कंट्रोल रूम पहुंचकर आईजी से की सख्त कार्रवाई की मांग



**जागरण, रीवा।** सोशल मीडिया में सेन समाज के एक युवक द्वारा जाति विशेष(ब्राम्हण-क्षत्रियों )को गाली देने का वीडियो बीते दिन सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। वीडियो के वायरल होते ही लोग आक्रोशित हो उठे और कार्यवाही की मांग की। जब लोगों ने इस पर एतराज जताया तो वीडियो बनाने वाले युवक ने गलती को स्वीकार करते हुए माफी मांगी, लेकिन लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ और वो कार्रवाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में कंट्रोल रूम पहुंच गए। इस दौरान आईजी और पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कर आरोपी युवक की गिरफ्तारी की मांग की। मामला संज्ञान में आते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने मामले में आरोपी शुभम सेन उर्फ नितिन पिता राजेश सेन ग्राम केमार थाना रामपुर बाघेलान के खिलाफ धारा 196(1)351(3),352 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। विवादित वीडियो में आरोपी शुभम सेन किसी कमरे में बैठकर जाति विशेष को गालियां दे रहा है और वही वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया। सवर्ण समाज के युवाओं का कहना था कि यूजीसी के बाद समाज कई खंडो में विभाजित हो रहा है और सोशल मीडिया में इस तरह से एक के बाद एक वीडियो वायरल हो रहे हैं।

### राजपूत करणी सेना ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



रीवा। सोशल मीडिया में जाति विशेष को अभद्र भाषा को लेकर राजपूत करणी सेना जिला इकाई ने एसपी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि राजपूत करणी सेना विगत कई वर्षों से समाज के उत्थान एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने हेतु निरंतर प्रयासरत है, बावजूद इसके कुछ असामाजिक तत्व समाज को अपमानित करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपशब्दों का प्रयोग करते हैं जिसको बर्दाश्त किया जाना असहज लगता है। समय रहते पुलिस प्रशासन यदि ऐसे असामाजिक तत्वों पर तत्काल दण्डात्मक कार्यवाही नहीं करता तो समाज में विद्वेष का वातावरण निर्मित होगा और शांति का टापू कहे जाने वाले रीवा में अशांति का वातावरण निर्मित होगा। ज्ञापन सौंपने में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बृजेश सिंह पिंकू, प्रशांत सिंह बघेल, यज्ञ प्रताप सिंह, ललित सिंह, सचिन सिंह, भास्कर सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी ही खोल रहा विभाग की पोल

**जागरण, रीवा।** जिले के स्वास्थ्य विभाग में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां विभाग का ही एक कर्मचारी अपनी ही व्यवस्था की खामियों को उजागर करता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि संबंधित कर्मचारी पहले विभाग से जुड़ी अंदरूनी जानकारी मीडिया तक पहुंचाता है, जिसके बाद खबर प्रकाशित होते ही वही व्यक्ति उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। चर्चा है यह कार्य सीएमएचओ आफिस में पदस्थ एक कर्मचारी द्वारा किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, कर्मचारी द्वारा साझा की जा रही जानकारी में विभागीय लापरवाही, अव्यवस्थाएं और कई संवेदनशील पहलू शामिल हैं। इस घटनाक्रम से विभाग के भीतर हड़कंप मच गया है और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय अधिकारी अब इस बात की जांच में जुट गए हैं कि आखिर कौन कर्मचारी लगातार गोपनीय सूचनाएं बाहर पहुंचा रहा है। साथ ही, यह भी देखा जा रहा है कि जानकारी किस स्तर तक लीक हो रही है और इसके पीछे की मंशा क्या है। वहीं, जानकारों का मानना है कि यदि विभाग के अंदर ही पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत हो, तो इस तरह की घटनाओं की नौबत ही नहीं आएगी। फिलहाल, पूरे मामले ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

आवश्यकता है
ऑफीसियल कार्य हेतु
चपरासी - 1 पद
वेतन- योग्यतानुसार
संपर्क सूत्र :
मो.: 8982379989
दैनिक जागरण कार्यालय आकर मिलें
(समय- 11 -6 बजे के बीच)

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## रुपए का लगातार गिरना गंभीर असंतुलित स्थिति

*एक अमरीकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत 95 तक पहुंच चुकी है। अर्थात् हम 95 रुपए खर्च कर एक डॉलर प्राप्त कर सकते हैं अथवा अंतरराष्ट्रीय व्यापार कर सकते हैं। 'रुपए' का लगातार अवमूल्यन होता रहा है। डॉलर ही नहीं, ब्रिटिश मुद्रा 'पौंड' के लिए भी हमें 123.84 रुपए खर्च करने होंगे और यूरोप की मुद्रा 'यूरो' की कीमत भी 108 रुपए से अधिक है। 'रुपया' लगातार कमजोर होता रहा है, उसका असर हमारी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है और आयात-बिल भी महंगे होते रहे हैं। 2013-14 के संसदीय चुनाव के दौरान भाजपा ने 'रुपए' को भारत की संप्रभुता और प्रतिष्ठा से जोड़ कर एक संवेदनशील मुद्दा बना दिया था। लोगों ने विश्वास किया और जनादेश भाजपा को दिया।*

*फिलहाल बेहद गंभीर मौद्रिक स्थिति है, बेशक भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस मुद्दे को आसानी से यूं समझा जा सकता है कि फरवरी, 2026 में ईरान युद्ध से पहले कच्चे तेल की कीमत 69 डॉलर प्रति बैरल थी। तब हमें एक बैरल कच्चा तेल 6700 रुपए से कुछ अधिक में पड़ता था, लेकिन मार्च में वही तेल 10,640 रुपए बैरल में खरीदा जा रहा है। यानी कीमत 70 फीसदी बढ़ी है, लिहाजा आम आदमी को भी महंगा पेट्रोल-डीजल खरीदना पड़ेगा। बेशक कुछ विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सरकार ने पेट्रोल-डीजल महंगे नहीं किए हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 117 डॉलर प्रति बैरल तक उछल चुके हैं। 'रुपए' की स्थिति को लेकर यूपीए और भाजपा-एनडीए सरकारों की तुलना करना बेहद तार्किक है।*

*'रुपए' का अवमूल्यन लगातार क्यों होता रहा है? डॉलर 58 रुपए से उछल कर 90-91 रुपए तक कैसे पहुंच गया? आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि रिजर्व बैंक दखल न दे, तो एक डॉलर 110 रुपए में पड़ सकता है। ईरान युद्ध की शुरुआत के एक दिन पहले, 27 फरवरी, तक 'रुपया' 90.98 तक गिरा था, लेकिन 31 मार्च, 2026 को 95 तक गिर गया। 100 रुपए की 'चरम स्थिति' कितनी दूर है? 'रुपए' का यह अवमूल्यन ऐतिहासिक है और भारतीय मुद्रा के लिए यह असंतुलित और गंभीर स्थिति है। इसके बावजूद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बयान आया है कि 'रुपया' ठीक चल रहा है। 2022 में उन्होंने अपना 'आर्थिक दर्शन' देश के सामने पेश किया था कि 'रुपया' कमजोर नहीं हुआ है, बल्कि डॉलर मजबूत हो रहा है। हालांकि 'रुपए' के अवमूल्यन का युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं है, लेकिन हमारा आयात युद्ध के कारण महंगा होता जा रहा है, तो हमें आयात के लिए ज्यादा भुगतान करना पड़ रहा है। बेशक भारत में विदेशी मुद्रा का भंडार 700 अरब डॉलर के करीब है और यह 10 माह के आयात के लिए पर्याप्त है, लेकिन हमें आगे की योजना भी तैयार करनी चाहिए। भारत की उम्र मात्र 10 माह नहीं है। इस स्थिति पर भारतीय स्टेट बैंक की एक रपट सामने आई है, जिसमें 'रुपए' की गिरावट के कुछ कारणों को गिनाया गया है। सुझाव दिया गया है कि रिजर्व बैंक को विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल करके 'करेंसी मार्केट' में आक्रामक रुख अपनाना चाहिए। पर्याप्त नकदी सुनिश्चित करना जरूरी है। रिजर्व बैंक को छोटी अवधि के बॉन्ड बेच कर लंबी अवधि के बॉन्ड खरीदने चाहिए। ब्याज दर संतुलित रहेगी। बहरहाल यह मुद्दा ऐसा है, जिस पर प्रधानमंत्री को कैबिनेट में विमर्श करना चाहिए। जहां तक विकास की बात है, भारत अभी अमरीका की तुलना में चवन्नी और चीन की तुलना में अठन्नी के बराबर है। तात्पर्य यह है कि भारत को विकास की दृष्टि से अभी लंबा सफर तय करना है। महज यह कह कर बात नहीं बनेगी कि भारत में विकास दर विश्व के अन्य देशों की तुलना में ज्यादा है। हर आदमी तक रोजगार, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना अभी शेष है।*

बंगाल विधानसभा चुनाव | तृणमूल और भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है चुनाव

# अपनी खोयी जमीन तलाश रही है कांग्रेस

सत्येंद्र प्रताप सिंह



करीब 49 साल पहले 1977 में बंगाल की सत्ता से कांग्रेस बेदखल हुई थी। इसके बाद हुए प्रत्येक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का आंकड़ा कभी भी तीन अंकों वाली संख्या को छू नही पाया। सत्ता से जब बेदखल हुई थी तो 20 सीटें आई थीं। जबकि सत्ता में 200 से अधिक सीटों पर जीत कर आई थी। विधानसभा चुनाव 1982 में इसके बाद 49 सीटें, 1987 में 40 सीटें, 1991 में 43 सीटें, 1996 में 82 सीटें, 2001 में 26 सीटें, 2006 में 21 सीटें, 2011 में 42 सीटें, 2016 में 44 सीटें और 2021 में खाता तक नहीं खुला था। गौरतलब है कि सिर्फ एक बार 1996 में 50 का आंकड़ा पार हुआ था।

वर्तमान में चल रहे 2026 विधानसभा चुनाव, कांग्रेस अपने बलबूते अकेले 294 सीटों पर लड़ रही है। कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची में लोकसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार और संसद के दोनों सदनों की पूर्व सदस्य मौसम नूर के चुनावी मैदान में उतरने से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह व ऊर्जा आ गई है।

कांग्रेस ने उम्मीदवार भी बहुत सोच समझकर उतारा है। अधीर रंजन चौधरी को उनके परंपरागत गढ़ बहरमपुर से टिकट दिया गया है, जो करीब 30 साल के बाद विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाएंगे। आखिरी बार 1996 में नवग्राम सीट से विधानसभा चुनाव लड़े व जीते थे। दूसरा प्रमुख नाम मौसम नूर का है, जिन्होंने हाल ही में तृणमूल कांग्रेस से वापसी की हैं। मालदा क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए मौसम नूर को मालतीपुर सीट से चुनावी मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस ने किसी भी गैर राजनीतिक सेलेब्रिटी को अपना उम्मीदवार नहीं बनाया है। इस बार राज्य में अपनी खोई सियासी जमीन वापस पाने के लिए अपने पुराने वफादारों पर ही भरोसा कायम रखा है। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों में 68 दलित तो 64 मुस्लिम उतारे हैं। इसके अलावा 16 अनुसूचित जनजाति से हैं तो 42 महिला उम्मीदवार हैं।

कांग्रेस ने दलित और मुस्लिम पर सबसे ज्यादा भरोसा जताया है, जो ममता बनर्जी और बीजेपी दोनों के लिए सियासी टेंशन बन सकता है। कांग्रेस ने अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आरक्षित सीटों पर विशेष ध्यान दिया है तो मुस्लिम बहुल जिलों मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर में पार्टी ने अपने मजबूत संगठनात्मक ढांचे के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया है, जिससे त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना है।

आज कांग्रेस अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन तलाश रही है। आखिर यह स्थिति क्यों आई? यह जानने के लिए, थोड़ा पीछे चलना होगा। दरअसल, 1977 से 1998 तक 21 वर्षों की लगातार हार के बाद सब्र का बांध टूटना ही था। वैसे भी कांग्रेस की राजनीति में सबसे अधिक असहज ममता बनर्जी महसूस कर रही थीं। लिहाजा इसी साल ममता बनर्जी ने कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस के नाम से अपनी अलग पार्टी बना ली। कांग्रेस के लिए यह बेहद बड़ा झटका था और तृणमूल कांग्रेस ने धीरे-धीरे कांग्रेस के पारंपरिक वोट बैंक पर कब्जा करना शुरू कर दिया। ममता बनर्जी ने पहले कांग्रेस से विपक्ष की भूमिका छीनी और इसके बाद 2011 में सत्ता में आ गईं। तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आते ही बंगाल में कांग्रेस अपने निचले स्तर पर पहुंचना शुरू हो गई। उसके बाद रही सही कसर बीजेपी ने पूरी कर दी। बीजेपी 3 सीट से 77 तक पहुंच गई और टीएमसी के खिलाफ मुख्य विपक्षी पार्टी बन गई। इसका नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस सत्ता और प्रतिपक्ष की कुर्सी गंवाते हुए शून्य पर आ गई।

1972 के बाद से ही कांग्रेस के प्रदर्शन में लगातार गिरावट जारी है। 1972 में कांग्रेस ने 200 से अधिक सीटें पर जीत हासिल की थी। हालांकि, 1977 में इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव में हार के बाद कांग्रेस कभी बंगाल में नहीं उभर पाई। सच तो यह है कि कांग्रेस और वामपंथियों का अंदरूनी संबंध हमेशा एक पहेली रहा। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिम्हा राव, सीताराम केसरी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, डॉ मनमोहन सिंह या मल्लिकार्जुन खड़गे किसी ने भी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष या प्रधानमंत्री की हैसियत से इस रहस्यमय पहेली को सुलझाने का प्रयास नहीं किया। सच तो यह है कि बंगाल से राहुल गांधी समेत सभी राष्ट्रीय नेताओं ने दूरी रखी है। राहुल गांधी आखिरी बार भारत जोड़ो यात्रा के तहत फरवरी 2024 में बंगाल के दौरे पर पहुंचे थे। लोकसभा चुनाव 2024 में भी उन्होंने एक भी रैली नहीं की थी।

दरअसल बंगाल में कोई एक मुद्दा नहीं है। बंगाल के लेबर फोर्स में उस तरह का असंतोष नहीं है। वोटर दो तरह का होता है एक मुझे क्या मिला और दूसरा हमें क्या मिलने वाला वोटर। ओवैसी फैक्टर जिस तरह महाराष्ट्र, बिहार में चला है अगर वो बंगाल में चलता है तो वो असर करेगा। दूसरा एसआईआर में जो वोट कटेंगे वो भी असर डालेंगे। ममता के सामने चुनौती बहुत बड़ी है। तीन बार से लगाता ममता मुख्यमंत्री हैं। उनको अपने खिलाफ उत्पन्न हुई सत्ता विरोधी लहर से भी निपटना होगा। दूसरा एसआईआर में जो नाम कटे हैं, उसका भी असर दोनों तरफ होगा। मुझे लगता है कि ममता पर इसका असर ज्यादा होगा। केरल में चुनाव आयोग की चिट्ठी पर भाजपा की मोहर वाला ममला हुआ है वो भी कई संकेत देता है। दूसरा ओवैसी और हुमायूं कबीर भी ममता की मुश्किल बढ़ा सकते हैं।

बहरहाल, पश्चिम बंगाल का यह चुनाव भाजपा और ममता बनर्जी दोनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है। जब भाजपा केंद्रीय सत्ता में आई तब चार क्षेत्रीय छत्रप थे। नवीन पटनायक को भाजपा ने हटा दिया। नीतीश को भी सम्मान जनक तरीके से भाजपा विदा कर रही है। अखिलेश हार गए। अब केवल ममता ही हैं जो भाजपा को चुभ रही हैं। ममता अगर हारती हैं तो बंगाल का जो वोटर है वो जिसे चुनता है लंबे समय के लिए चुनता है। ओवैसी और हुमायूं कबीर भी ममता की मुश्किल बढ़ा रहे हैं। ये चुनाव डर और विश्वास के बीच चल रहा है। इसके बीच में ममता बनर्जी ने एसआईआर को सबसे बड़ा मुद्दा बना दिया है। ध्रुवीकरण की राजनीति बंगाल में 2016 के चुनाव से चल रही है। 2021 के चुनाव में ममता ने सफलतापूर्वक इसकी काट निकाली थी। जो वोटर कभी वाम दलों को मिलता था वो अब ममता को मिलता है। ये वोटर बंगाल में बड़ी तादाद में है। ये चुनाव बहुत दिलचस्प होगा।

बहरहाल, मार्क्स की बात तो यह है कि कांग्रेस ने इस दफे सबसे बड़ा दांव मुस्लिमों पर खेला है, उसके बाद दलित और महिलाओं पर भरोसा जताया है। ऐसे में सवाल उठता है कि कांग्रेस की रणनीति से ममता बनर्जी का खेल बिगड़ेगा या फिर बीजेपी का गेम खराब होगा? क्या होगा, यह जानने के लिए 4 मई तक इंतजार करना होगा।

खुला मंच

## अभी लाइन में लगा हूं...

गुरमीत बेदी

भाई मेरे, लाइन में लगने का मुझे बड़ा पुराना तजुर्बा है। लाइन में लगकर ही मैं धरती पर आया था। बेरोजगार था तो मैं रोजगार की लाइन में लग गया। कभी इधर इंटरव्यू दिए, कभी उधर दिए। नौकरी पाने के बाद मनचाही जगह पर पोस्टिंग पाने के लिए फिर से लाइन में लग गया। फिर से तिकड़म भिड़ाई और जैसे तैसे पोस्टिंग भी पा ली। फिर एक ऐसा दौर भी आया कि मुझे ट्रांसफर चाहिए थी तो मैं नेताजी के घर के आगे लाइन में फिर से लग गया। अंत में बारी आई। कुछ डील तय हुई। और फिर से मुराद पूरी हो गई। कई बार पेट्रोल पंप पर लाइन में लगा। कई बार नेताजी से मिलने के लिए लाइन में लगा। कई बार किताब का विमोचन करवाने के लिए लाइन में लगा। कई बार पुरस्कार पाने के लिए भी लाइन में लगा। और अब सिलेंडर पाने के लिए लाइन में लगा हूं।

...और भाई मेरे, यह लाइन भी कोई मामूली लाइन नहीं है। यह वो लाइन है जिसमें आदमी खड़ा नहीं होता, उसकी किस्मत खड़ी होती है। यहां लोग गैस सिलेंडर से ज्यादा अपने धैर्य का वजन तौलते हैं। मेरे आगे खड़ा आदमी तीसरी बार मुड़कर मुझे ऐसे देख रहा है जैसे मैं उसकी जगह पर कब्जा करने आया हूं, और मेरे पीछे खड़ा आदमी ऐसे चिपका हुआ है जैसे मैं ही सिलेंडर हूं और वो मुझे लेकर ही घर जाएगा। बीच-बीच में कोई महानुभाव आता है और पूछता है- भाई साहब, लाइन यहीं लगती है क्या? और बिना जवाब सुने ही बीच में घुस जाता है। मैं सोच रहा हूं कि अगर जिंदगी में लाइनें न होतीं तो शायद इनसान को अपने होने का अहसास ही न होता। जन्म से लेकर मृत्यु तक आदमी लाइन में ही तो लगा रहता है। बचपन में स्कूल एडमिशन की लाइन, फिर फीस जमा कराने की लाइन, फिर रिजल्ट देखने की लाइन, फिर कॉलेज में एडमिशन की लाइन, फिर नौकरी की लाइन, फिर प्रमोशन की लाइन, फिर घर लेने की लाइन, फिर बैंक लोन की लाइन, फिर बच्चों के स्कूल की लाइन, फिर अस्पताल की लाइन, और आखिर में श्मशान की लाइन। आदमी जाता कहीं नहीं है, बस लाइन बदलता रहता है। मुझे याद है एक बार मैं राशन की लाइन में लगा था।वहां भी दर्शनशास्त्र का पूरा कोर्स हो जाता था। कोई कहता- देश बदल रहा है, कोई कहता- हम नहीं बदल रहे। कोई कहता- सिस्टम खराब है, कोई कहता- हम ही सिस्टम हैं। तभी पीछे से एक आवाज आई- भाई साहब, थोड़ा आगे बढ़िए। मैंने कहा- कहां बढ़ूं? जिंदगी भर तो आगे ही बढ़ता आया हूं, अब थोड़ा पीछे हटने का मन करता है। लाइन में खड़े-खड़े आदमी बड़ा दार्शनिक हो जाता है। उसे समझ आ जाता है कि जीवन का असली नाम प्रतीक्षा है। जो जितना धैर्यवान, वो उतना सफल।

प्रसंगवश

## डिजिटल दुनिया के दुष्प्रभाव से बचाव अति आवशायक

*भारतीय जन-जीवन में तेजी से घर करती डिजिटल जीवन शैली ने युवाओं की नींद को बुरी तरह प्रभावित किया है। जिसके चलते उनमें आक्रामकता, अवसाद व आत्महत्या की प्रवृत्ति विकसित हो रही है। देश-दुनिया में समय-समय पर आने वाले विभिन्न सर्वेक्षण इस संकट की ओर इशारा कर रहे हैं। लेकिन देश में किशोरों का स्क्रीन टाइम घातक ढंग से बढ़ रहा है। आमतौर पर चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि किशोरों की सेहत के लिये आठ घंटे की नींद जरूरी होती है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ आठ घंटे के बजाय सात-छह घंटे की नींद को भी पर्याप्त मानते हैं, बशर्ते उसमें बीच में किसी तरह का व्यवधान न हो। लेकिन बिना किसी जरूरी काम के कथित सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना आज के दौर में फैशन सा बन गया है। अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों में हुए हालिया शोध बताते हैं कि रात में जल्दी सोने व सुबह जल्दी उठने से बेहतर स्वास्थ्य बनता है। यह भारतीय जीवन दर्शन की अपरिहार्य धारणा भी रही है। लेकिन देश में पहले टीवी और अब मोबाइल फोन के अनियंत्रित उपयोग ने युवाओं की रात की नींद उड़ा दी है। जिसके चलते युवा पूरे दिन उखड़े-उखड़े और अशांत रहते हैं। उनमें आक्रामकता बढ़ रही है। फिर वे अवसाद के शिकार हो जाते हैं। बाधित नींद की इस स्थिति में कालांतर मन में आत्महत्या जैसे नकारात्मक भाव उमड़ने लगते हैं। एक सर्वे बताता है कि देश में 73 फीसदी दसवीं के छात्र आठ घंटे से कम की नींद सोते हैं। कलकत्ता स्लीप सोसाइटी के विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनिया में 60 से 70 फीसदी किशोर पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे हैं। दरअसल, आज छात्रों पर अभिभावकों व शिक्षकों का अनुशासन कम ही चलता है। मां-बाप के टोकने पर वे दलील देते हैं कि ऑन लाइन पढ़ाई चल रही है। एक चौंकाने वाला आंकड़ा बताता है कि देश में सत्तर करोड़ भारतीय छह घंटे की नींद नहीं ले पाते। वहीं 46 प्रतिशत भारतीय छह घंटे से कम की नींद ले पाते हैं। लेकिन सबसे बड़ा संकट युवाओं व किशोरों से जुड़ा है। वे देर रात तक ऑनलाइन गेमों से जुड़े रहते हैं। रात में जाने-अनजाने दोस्त उनके सहभागी बनते हैं। जो कालांतर एक नशे की लत का रूप ले लेता है। परिजनों की रोक-टोक उन्हें रास नहीं आती। कई घटनाओं में उनके आक्रामक व्यवहार के घातक परिणाम सामने आए हैं। यहां तक कि नजदीकी परिजनों की हत्या की घटनाएं भी हुई हैं। दरअसल, ऑनलाइन खेलों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे किशोरों के लिये नशा बन जाते हैं। रात का एकांत उन्हें रास आता है। जिसके चलते वे नींद की परवाह नहीं करते। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया व ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर तमाम वर्जित व अश्लील सामग्री की रात्रि में भरमार रहती है। जिसकी चपेट में छोटे-बड़े लोग आ रहे हैं। युवा देर रात का एकांत तलाशते हैं ताकि परिजनों की अनुपस्थिति में वे मनमानी कर सकें। वे देर रात तक ऑनलाइन रहने में अपनी शान समझते हैं। यह भूल जाते हैं कि वास्तव में, वे अपनी सेहत से किस हद तक खिलवाड़ कर रहे हैं। चिकित्सा विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे हैं अनिद्रा से उच्च रक्तचाप की समस्या पैदा हो रही है। जो कालांतर हाइपरटेंशन में बदल जाती है। दरअसल, शरीर की जैविक घड़ी के परिचालन में व्यवधान से शरीर नकारात्मक प्रतिक्रिया देता है। दरअसल, कुदरती सोने के समय का विकल्प देर रात या सुबह की नींद नहीं हो सकती है। यह संकट बड़ा है और अभिभावकों व शिक्षकों को किशोरों की देर रात जागने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये गंभीर प्रयास करने होंगे। अन्यथा देश को कालांतर अस्वस्थ युवा पीढ़ी का संत्रास झेलने को बाध्य होना पड़ेगा।*



महिला आरक्षण | विधेयक पारित कराना आसान नहीं, हालांकि विपक्षी दल इसका खुलकर विरोध नहीं कर पायेंगे

# राजनीति को प्रभावित करेगा महिला आरक्षण

नीरजा चौधरी

19 सितंबर, 2023 को जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) संसद से पारित हुआ था, तब इसे जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन और 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने की घोषणा की गयी थी। लेकिन अब नरेंद्र मोदी सरकार ये दोनों कार्य संविधान संशोधन के जरिये करना चाहती है। संविधान संशोधन के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत चाहिए, जो सरकार के पास नहीं है।

दरअसल, पिछले सप्ताह केंद्र सरकार ने अचानक नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) के तहत संसद और विधानसभाओं में 33 फीसदी महिला आरक्षण के लिए संविधान संशोधन से संबंधित तैयारी शुरू की। उसने इसके लिए विपक्ष से सहयोग मांगा है। बताया यह जा रहा है कि विधानसभा चुनाव संपन्न हो जाने के बाद संसद का विशेष सत्र बुलाकर संविधान संशोधन विधेयक पारित किया जायेगा। इसमें कई सारे कदम उठाये जाने की बात कही गयी है। जैसे-संविधान संशोधन से लोकसभा की सीटें 543 से बढ़कर 816 हो जाने वाली हैं, जिनमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जायेंगी।

इसके अलावा, सरकार ने परिसीमन को 2026-27 के बजाय 2011 की जनगणना के आधार पर कराने का फैसला किया है। इसके पीछे तर्क यह है कि नयी जनगणना होने और उसका आंकड़ा आने में इतना समय लग जायेगा कि 2029 के लोकसभा चुनाव तक परिसीमन नहीं हो पायेगा। एक और प्रस्ताव यह है कि संशोधन से राज्यों में सीटों की वृद्धि का अनुपात नहीं बदलेगा। जबकि पहले ऐसा माना जा रहा था कि कम जनसंख्या होने के कारण दक्षिण भारत के राज्यों को खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

इस कारण दक्षिण के नेता क्षुब्ध थे। लेकिन नये प्रस्ताव के मुताबिक, परिसीमन से उत्तर प्रदेश की लोकसभा सीटें 80 से बढ़कर अगर 120 हो जायेंगी, तो तमिलनाडु में भी लोकसभा सीटों में वृद्धि इसी अनुपात में होगी। परिसीमन के मुद्दे पर लंबे समय से उत्तर बनाम दक्षिण का न सिर्फ द्वंद्व छिड़ा हुआ था, बल्कि दक्षिण के राज्यों को लगता था कि जनसंख्या को नियंत्रित रखने का उन्हें दंड दिया जा रहा है, जबकि ज्यादा आबादी वाले उत्तर भारत के राज्यों को परिसीमन के जरिये बड़ा राजनीतिक लाभ मिलेगा। लेकिन नये प्रस्ताव में यह आशंका दूर हो गयी है।

दरअसल, परिसीमन मुद्दे पर एनडीए में भाजपा के सहयोगी चंद्रबाबू नायडू तक का रवैया नाराजगी भरा था, और वैसे में, दक्षिण भारत में भाजपा के लिए अपना विस्तार कर पाना कठिन होता, इसलिए 2011 की




जनगणना के आधार पर परिसीमन कराकर दक्षिण की आशंकाओं को दूर करने की कोशिश है। दरअसल, 19 सितंबर, 2023 को जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) संसद से पारित हुआ था, तब इसे जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन और 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने की घोषणा की गयी थी। लेकिन अब सरकार ये दोनों कार्य संविधान संशोधन के जरिये करना चाहती है। संविधान संशोधन के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत चाहिए, जो सरकार के पास नहीं है। इसके अलावा, आधे राज्यों को इसे पारित कराना होगा। बेशक मौजूदा राजनीतिक माहौल में इसे पारित कराना आसान नहीं है। लेकिन विपक्षी दल महिला आरक्षण का विरोध भी नहीं कर पायेंगे।

अगर संसद के विशेष सत्र में इस पर मुहर लग जाती है, तो फिर परिसीमन आयोग बैठेगा, और उम्मीद की जानी चाहिए कि अगले वर्ष तक महिला आरक्षण लागू हो जायेगा। हालांकि यह सवाल उठाया जा रहा है कि महिला आरक्षण को अगर 2011 की जनगणना और परिसीमन के आंकड़ों पर ही लागू करना था, तो इसे पहले भी लाया जा सकता था। लेकिन सरकार अब अचानक यह कदम उठाने जा रही है, तो कुछ सोच-समझकर ही उठा रही होगी। दरअसल, अगले साल तीन राज्यों-उत्तर प्रदेश, गुजरात और पंजाब में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ये चुनाव, जाहिर है कि भाजपा और एनडीए के लिए बेहद महत्वपूर्ण होने वाले हैं। अगर अगले साल तक महिला आरक्षण लागू हो जाता है, तो इन तीनों राज्यों में भाजपा को चुनावी लाभ मिलना तय है। फिर 2029 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को इसका लाभ मिलेगा। हालांकि फिलहाल यह प्रस्ताव है, और काफी जटिल भी है। कई प्रश्नों के जवाब अभी तक नहीं मिले हैं। जैसे परिसीमन के बाद लोकसभा में महिलाओं के लिए 273 सीटें आरक्षित हो जायेंगी। लेकिन ये सीटें किस तरह आरक्षित होंगी, इस बारे में अभी कुछ तय नहीं है। सवाल यह भी है कि परिसीमन जब 2011 की जनगणना के आधार पर ही होना है, तो फिर 2026-27 की जनगणना के आधार पर नये सिरे से परिसीमन कराने का क्या औचित्य होगा। फिलहाल लगता है कि पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए सरकार ने यह दांव चला है।

दरअसल युद्ध का लंबा असर रहने वाला है, और हमारी अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव भी लंबे समय तक रहेगा। इस कारण आय से लेकर रोजगार तक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में, महिला आरक्षण लागू कर सरकार महिलाओं का एकमुश्त वोट अपने साथ होने की उम्मीद कर सकती है। इस मामले में दो बातों पर ध्यान देना चाहिए। एक यह कि चुनावों में महिला वोटरों की भूमिका अब पुरुष वोटरों के बराबर या उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण होने लगी है। इसके अलावा, महिलाओं का बड़ा वर्ग पहले से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के साथ है। ऐसे में, अगर मान लें कि युद्ध के असर से युवा वर्ग सरकार से नाराज हो जाये, तो उसका चुनावी नतीजे पर बड़ा असर पड़ने की आशंका नहीं है। इसके अलावा, परिसीमन चूंकि 2011 के आंकड़े पर ही होना है, ऐसे में, दक्षिण भारत के नेता खुश हैं, और वहां भाजपा को नाराजगी का सामना भी नहीं करना पड़ेगा।

लेकिन इस कदम को सिर्फ चुनावी राजनीति के चश्मे से देखना सही नहीं होगा। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण लागू हो जाता है, तो यह भारतीय राजनीति की एक बड़ी उपलब्धि होगा। हालांकि कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि महिला आरक्षण के कारण जिन पुरुष राजनेताओं को अपनी सीटें गंवानी पड़ेंगी, वे आरक्षित सीटों पर अपनी महिला रिश्तेदारों को बिठा सकते हैं। और बहुत संभव है कि इसे राजनीतिक बुराई के तौर पर ही देखा जाये।

लेकिन पंचायतों और नगरपालिकाओं में महिला आरक्षण लागू होने के बाद हमने देखा है कि भले ही अनेक जगहों पर वास्तविक ताकत अब भी महिला प्रमुखों के पतियों के पास ही हो, लेकिन महिला आरक्षण के कारण बड़ी संख्या में स्त्रियों में जागृति और आत्मविश्वास की भावना आयी है। और अब वे राज्य विधानसभाओं और लोकसभा में अपनी जगह लेने के लिए तैयार हैं। इस लिहाज से महिला आरक्षण भारतीय राजनीति को बदलने के साथ-साथ उसमें नयी ऊर्जा भर सकता है। संसद और विधानमंडलों में महिलाओं की संख्या बढ़ने पर वे शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और आजीविका जैसे मुद्दों पर नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी, जिसका समाज पर निश्चित रूप से सकारात्मक असर पड़ेगा।

जीवन दर्शन

# संभावनाओं को खत्म कर देती है संतुष्टि

लोग खुश दिखते हैं। लेकिन अगर खुशी का अर्थ सिर्फ अपनी वर्तमान स्थिति में पूरी तरह संतुष्ट हो जाना है, जहां सब कुछ सहज और तयशुदा लगे, तो ऐसी संतुष्टि का कोई मतलब नहीं रह जाता। मेरी जिंदगी किसलिए है, और मैं इसके साथ क्या करने वाली हूं? मुझे नहीं पता, और यही अनजानपन मुझे डराता है। मैं कभी उन सारी किताबों को नहीं पढ़ पाऊंगी, जिन्हें मैं पढ़ना चाहती हूं। पूरी जिंदगी नहीं जी पाऊंगी, जो मैं जीना चाहती हूं। मैं कभी खुद को उन सभी हुनर में माहिर नहीं बना पाऊंगी, जो मैं सीखना चाहती हूं। फिर मैं ऐसा क्यों चाहती हूं? मैं अपनी जिंदगी में मुमकिन हर तरह के मानसिक और शारीरिक अनुभव के हर रंग, हर सुर और हर रूप को जीना और महसूस करना चाहती हूं। लेकिन सच्चाई यह है कि मैं सीमित हूं, बहुत सीमित। हालांकि, मैं अयोग्य नहीं हूं। मैं न तो अपंग हूं, न अंधी, न ही बुद्धिहीन। मैं कोई ऐसा व्यक्ति नहीं हूं, जो अपने शरीर की अक्षमता के कारण जीवन से कट गया हो। मैं कोई ऐसा भी नहीं हूं, जो अपनी मानसिक स्थिति के कारण दुनिया से बेगाना हो चुका हो। मेरे पास जीने के लिए बहुत कुछ है, और फिर भी न जाने क्यों, मेरे भीतर एक अजीब-सी उदासी और थकान घर कर जाती है। शायद इस भावना की जड़ इस बात में छिपी है कि



मुझे कई विकल्पों में से किसी एक को चुनना पसंद नहीं। हर चुनाव मुझे ऐसा लगता है, जैसे मैं अपने बाकी सारे संभावित रूपों को खो रही हूं। शायद इसी कारण मैं सब कुछ बनना चाहती हूं, हर किसी जैसी होना चाहती हूं, ताकि मुझे अपने 'मैं' होने की जिम्मेदारी न उठानी पड़े। ताकि कोई मुझ पर यह आरोप न लगा सके कि मैंने खुद को सीमित कर लिया है। ताकि मुझे अपने चरित्र, अपने विचारों और अपने जीवन-दर्शन को गढ़ने का भार न उठाना पड़े। लोग खुश दिखते हैं। लेकिन अगर खुशी का अर्थ सिर्फ अपनी वर्तमान स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट हो जाना है, जहां सब कुछ सहज और तयशुदा लगे, तो ऐसी संतुष्टि में न कोई बेचैनी बचती है, न सवाल, न ही कोई संघर्ष। वहां जिज्ञासा के लिए भी कोई जगह नहीं रह जाती। मैं ऐसी संतुष्टि नहीं चाहती, क्योंकि मेरे लिए यह एक ठहराव है, एक तरह की कैद है। हर व्यक्ति किसी एक दिशा में आगे बढ़ता है, किसी एक विचार को पकड़कर जीवन को अर्थ देता है, और फिर कहता है कि उसने खुद को पा लिया है। लेकिन क्या सच में खुद को पा लेना ही अंतिम संतोष है? या यह स्वीकार करना है कि हम केवल एक ही प्रकार के अस्तित्व में बंधे हुए हैं? जब हम खुद को एक रूप में सीमित कर लेते हैं, तो क्या हम यह नहीं मान लेते कि हमारे भीतर जो अनगिनत संभावनाएं थीं, वे अब कभी साकार नहीं होंगी? यही विचार मुझे विचलित करता है। मैं अपने भीतर की हर संभावना को जीना चाहती हूं, हर दिशा में फैलना चाहती हूं। लेकिन जीवन की सच्चाई यह है कि हर रास्ता चुनने के साथ हम कई और रास्तों को छोड़ देते हैं। और शायद इसे खोने का एहसास, इस अपूर्णता की टीस, मेरे भीतर इस बेचैनी और उदासी को जन्म देती है। तुम्हारी बेचैनी ही तुम्हारी जागरूकता है, और यही तुम्हें साधारण नहीं, बल्कि अर्थपूर्ण जीवन की ओर ले जाती है। सच्ची खुशी का अर्थ केवल अनुकूल परिस्थितियों में सहज रहना नहीं, बल्कि मुश्किलों के बीच भी विकास और अर्थ खोजने की क्षमता रखने में है। हमेशा आगे बढ़ने के लिए छोटे और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें।

**सिल्विया प्लाथ**

## ॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**अधमाः धनमिच्छन्ति धनं मानं च मध्यमाः!**
**उत्तमाः मानमिच्छन्ति मानो हि महताम् धनम्!!**

**भावार्थ**

निम्न कोटि के लोगो को सिर्फ धन की इच्छा रहती है, ऐसे लोगो को सम्मान से मतलब नहीं होता। एक मध्यम कोटि का व्यक्ति धन और सम्मान दोनों की इच्छा करता है वही एक उच्च कोटि के व्यक्ति के सम्मान ही मायने रखता है। सम्मान धन से अधिक मूल्यवान है।

# रीवा-इतवारी ट्रेन में गंदे कंबल और तकिया मिलने से यात्री नाराज



## पमरे जबलपुर में शिकायत, ठेका निरस्त कर कार्रवाई की मांग

**जागरण, रीवा।** रीवा-इतवारी एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्रियों को उस समय परेशानी का सामना करना पड़ा जब उन्हें कोच में दिए गए कंबल और तकिया गंदे और अस्वच्छ हालत में मिले। यात्रियों ने इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए रेलवे प्रशासन से शिकायत दर्ज कराई। यात्रियों का आरोप है कि कंबल से दुर्गंध आ रही थी और तकिए के कवर भी साफ नहीं थे, जिससे सफर के दौरान असुविधा हुई। खासकर रात में यात्रा कर रहे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कुछ यात्रियों ने मोबाइल से फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी साझा किए। इस मामले में यात्रियों ने कहा कि रेलवे द्वारा किराया वसूलने के बावजूद बुनियादी सुविधाओं में इस तरह की लापरवाही गंभीर है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सफाई व्यवस्था में सुधार और टेण्डर निरस्त कर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि रीवा-इतवारी ट्रेन 11756 में बी 1 कोच के 14 और 16 नंबर सीट पर यात्रा कर रहे अधिवक्ता कुंवर सिंह और उदय पटेल निवासी चाणक्यपुरी पड़रा ने ट्रेन में गंदा बेड रोल और तकिया कवर देने की शिकायत पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर में की है। मंगलवार को वो ट्रेन में यात्रा कर रहे थे। बताया गया कि बेड रोल और तकिया कवर गंदे होने की शिकायत के बाद तीन बार बदला गया लेकिन तीनों बार गंदे कवर मिले। उन्होंने बताया कि अक्सर इस ट्रेन में रेलयात्रियों को गंदे बेड रोल और तकिया कवर दिए जा रहे हैं, जिसकी शिकायत उन्होंने पमरे के जबलपुर स्टेशन में दर्ज कराई है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि जो भी कपड़े-कम्बल दिए जाते हैं, वो साफ-सुथरे नहीं रहते, उन्होंने ठेकेदार का टेण्डर निरस्त कर कार्रवाई की मांग की है।

# स्वस्थ रीवा, सुरक्षित बेटियां: सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध जिले की एक और महत्वपूर्ण पहल

## कन्या विद्यालय में छात्राओं को लगाये गये टीके



**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए वैक्सीनेशन ड्राइव का सफल आयोजन किया गया तथा शासकीय कन्या विद्यालय पांडेन टोला में छात्राओं को टीके लगाये गये।

उल्लेखनीय है कि 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं के लिए यह टीका भविष्य में होने वाले कैंसर के जोखिम को कम करने में सहायक सिद्ध होता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विद्यालय स्तर पर पहुंचकर छात्राओं और अभिभावकों को इस टीके के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। जिले की हर पात्र बालिका को इस सुरक्षा चक्र से जोड़ने के लिए यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इस कार्य में समर्पित सहयोग के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम, फ्रंटलाइन वर्कर्स और विद्यालय परिवार के साथ मिलकर बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने का कार्य जारी है। विद्यालय में सीएमएचओ डॉ. यत्नेश त्रिपाठी के निर्देशन में नोडल अधिकारी बी.के. गौतम, डॉ. सुनील अवस्थी, डॉ नीलम शुक्ला, तुलसी कुंडवानी एवं आरती द्विवेदी का सहयोग रहा।

## 'रचना की आग' में तपेगा विचार: माखनलाल चतुर्वेदी की स्मृति में विशेष व्याख्यान आज

**रीवा।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के रीवा परिसर में राष्ट्रकवि पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की स्मृति में विशेष बौद्धिक व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। 'रचना की आग' विषय पर केंद्रित यह विचार गोष्ठी आज 8 अप्रैल को प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित होगी। विद्यार्थियों को साहित्य एवं पत्रकारिता के अंतर्संबंधों व सृजन, संघर्ष और वैचारिक प्रतिबद्धता के मूल स्वर से परिचित कराया जाएगा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. चंद्रिका प्रसाद 'चंद्र' उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश त्रिपाठी करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को माखनलाल चतुर्वेदी के साहित्यिक योगदान, उनकी वैचारिक प्रखरता और सृजन के पीछे निहित उस ज्वाला से परिचित कराना है, जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और हिंदी पत्रकारिता को नई दिशा प्रदान की, यह जानकारी देते हुए परिसर निदेशक डॉ. सतेंद्र डहेरिया ने साहित्य प्रेमियों सहित विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से इस बौद्धिक सत्र में सहभागिता की अपील की है।

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की रैली आज

**रीवा।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रदेश के समस्त जिलों के साथ रीवा जिले में भी आज 8 अप्रैल को विशाल रैली कर शिक्षक पात्रता परीक्षा निरस्त करने की माँग की जावेगी। शिक्षकों ने तत्काल परीक्षा के आदेश को निरस्त करते हुए म प्र शासन से सर्वोच्च न्यायलय मे रिव्यूपिटीशन लगाने की माँग करते हुए भारत सरकार से अध्यादेश लाकर कानून संशोधन कर देश के 25 लाख शिक्षकों के हितों के रक्षा की माँग की है। शिक्षक संयुक्त मोर्चा के राघवेंद्र सोहगौरा, चन्द्रोदय मिश्रा, रमेश प्रताप सिह, अनिल शुक्ला, राजेशवर शर्मा, अशोक शुक्ला, अरविन्द सिह, राकेश गौतम, आरबी सिंह, रमाकांत शुक्ला, राजेश शुक्ला, गंगा पाण्डेय, राजेश सिंह, राजीव तिवारी, सुनील तिवारी, सतीश मिश्रा आदि ने जनमानस से विवेकानंद पार्क शाम 04 बजे पहुंचने की अपील की है, वहां से रैली के रूप में शिक्षक कलेक्टर कार्यालय जाकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपेंगे। शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने सभी मान्यता प्राप्त व गैर मान्यता प्राप्त संगठनों से भी सहयोग की अपील की है।

## मानस भवन में श्रीमद् भागवत कथा हेतु संचालन समिति गठित



**रीवा।** मानस मंडल मानस भवन के अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई जिसमें विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी 17 मई से 24 मई तक तृतीय सामूहिक श्रीमद् भागवत कथा कराने का निर्णय लिया गया। इसके संचालन हेतु श्रीमद् भागवत कथा संचालन समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे सचिव शिव शंकर प्रसाद दीक्षित कोषाध्यक्ष पीयूषेन्द्र त्रिवेदी एवं सदस्य के रूप में डीपी सिंह परिहार डॉक्टर एच के पांडे , कीर्ति प्रसाद द्विवेदी, महेंद्र अवधिया,राम सहाय मिश्रा तथा पी आर ओ पवन तिवारी को नामित किया गया। यह समिति मानस भवन के सदस्यों एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों से संपर्क कर उन्हें यजमान बनने हेतु प्रेरित करेगी । अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे ने सभी भक्तों से इस अवसर का लाभ उठाते हुए श्रोता बनने की अपील की है।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आज

**रीवा।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा की बैठक आज 8 अप्रैल को 01 बजे दोपहर से संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड में आयोजित की गई। बैठक में जिले की समस्त तहसीलों के अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# कैसे रहें स्वस्थ्य, लघुनाटिकाओं के माध्यम से किया जागरूक

## स्वास्थ्य समस्याओं और उनके निवारण पर छात्र-छात्राओं ने रखे विचार

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयुर्वेद कॉलेज में हुआ कई कार्यक्रमों का आयोजन



**जागरण, रीवा।** शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दीपक कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य एवं रस शास्त्र व भैषज्य कल्पना विभागाध्यक्ष डॉ ऊषा दुबे एवं संहिता सिद्धांत विभागाध्यक्ष डॉ प्रभंजन आचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व धन्वंतरि पूजन कर किया गया। वर्ष 2026 की विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'टुगेदर फॉर हेल्थ स्टैंड विथ साइंस' रखी गई है, जिसके अनुसार कार्यक्रम में स्नातक छात्र एवं छात्राओं द्वारा विश्व पटल पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के कार्यकलापों को प्रस्तुत किया गया। छात्रा लवी शर्मा के मार्गदर्शन में प्रथम प्रोफ. के छात्र-छात्राओं ने नाटक के माध्यम से सभी देशों के द्वारा एकजुट होकर किए जाने वाले स्वास्थ्य संवर्धन एवं स्वास्थ्य रक्षण के उपायों को बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। छात्र पवन जमरा द्वारा आयुर्वेद और विश्व स्वास्थ्य पर तथा छात्रा आरुषि जैन के द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य समस्याओं और उनका निवारण विषय पर अपनी बात रखी। छात्रा वर्षा मालवीय द्वारा मस्क्युलर डिस्ट्रोफी विषय पर वैज्ञानिकों द्वारा किए गए अनुसंधान पत्र को प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन छात्र अनुभव सिंह एवं छात्रा वैशाली शर्मा के द्वारा सुन्दर प्रस्तुति के साथ किया गया । इसके पश्चात शिक्षकों व छात्र छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर 'टुगेदर फॉर हेल्थ स्टैंड विथ साइंस' पर आधारित उद्घोष किए। उपस्थित सभी के लिए जलपान की व्यवस्था भी महाविद्यालय द्वारा की गयी। कार्यक्रम का समापन एवं आभार प्रदर्शन स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग के व्याख्याता डॉ रवि वर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकीय एवं चिकित्सकीय अधिकारियों में डॉ ऊषा दुबे, डॉ प्रभंजन आचार्य, डॉ ओ.पी द्विवेदी, डॉ एस. एन. तिवारी,डॉ श्वेता अग्रवाल, डॉ नेहा बरुआ, डॉ रोहित सिंह, डॉ रवि वर्मा, डॉ देवकरण मकवाने, डॉ उर्मिला मौर्य, डॉ मुरारी गिरारे, डॉ अरविंद मरावी, डॉ अर्चना सिंह, डॉ प्रशांत परोहा, डॉ अरविंद त्रिपाठी, डॉ पल्सी पाण्डेय, डॉ रामरक्ष शुक्ल, डॉ निलेश पटेल, डॉ पंकज मिश्रा व डॉ ओ.पी. शुक्ला ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# म.प्र.शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



## जनगणना में पदानुसार ड्यूटी लगाने की मांग

**रीवा।** म.प्र. शिक्षक संघ ने कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि जनगणना कार्य 2027 में उच्च माध्यमिक शिक्षकों को पद अनुसार जनगणना कार्य में संलग्न किया जाय। स्कूल शिक्षा विभाग अन्तर्गत कार्यरत उच्च माध्यमिक शिक्षक द्वितीय श्रेणी राजपत्रित कर्मचारी की श्रेणी में आते हैं। जनगणना कार्य 2027 में रीवा जिला अन्तर्गत विभिन्न तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारियों के द्वारा उच्च माध्यमिक शिक्षक को प्रगणक के रूप में ड्यूटी लगाई गई है जबकि तृतीय श्रेणी कनिष्ठ कर्मचारियों को जनगणना कार्य में सुपरवाइजर के रूप में नियुक्त किया गया है, ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय महत्व के जनगणना कार्य करने में अपने से कनिष्ठ कर्मचारी के अधीन उच्च माध्यमिक शिक्षक अपमानित एवं असहज महसूस कर रहे हैं। कलेक्टर म.प्र.शिक्षक संघ जिला इकाई रीवा को आश्वस्त किया है कि शिक्षकों की मांग पर अतिशीघ्र विचार किया जायेगा। ज्ञापन के सौंपने में डॉ.कौशलेन्द्रमणि त्रिपाठी, सुदीप पाण्डेय, जीतेन्द्र चतुर्वेदी, लक्ष्मीकान्त गर्ग, रजनीश द्विवेदी, डॉ.अनूप द्विवेदी, शशिभूषण मिश्रा, संध्या सिंह, राधेश्याम सोनी, उमेश शुक्ला, रत्नाकर मौर्य, रमेश सिंह, प्रभाकर द्विवेदी, सुरेन्द्र तिवारी, डॉ.संजय मिश्रा, अविनाश गौतम, राममणि मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करता है प्रशिक्षण

## एक्सीलेंस कॉलेज में टैली प्रशिक्षण का समापन



**रीवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शा. आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के कम्प्यूटर लैब में मंगलवार को 30 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम टैली के द्वितीय संस्करण का समापन विवेकानन्द मद से किया गया। प्रशिक्षण विद्यार्थियों को आधुनिक लेखांकन पद्धतियों, डिजिटल वित्तीय प्रबंधन तथा व्यावसायिक दक्षताओं से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण महाविद्यालय के विवेकानन्द युवा संसाधन केन्द्र एवं उच्च शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में किया गया। टैली सॉफ्टवेयर आज के समय में लेखांकन, कराधान, जीएसटी प्रबंधन तथा व्यावसायिक संस्थानों में व्यापक रूप से प्रयुक्त होता है। विद्यार्थियों को टैली प्राइम के विभिन्न मॉड्यूल्स का अभ्यास कराया। प्रमुख विषयों में कंपनी निर्माण, वाउचर एंट्री, इन्वेंट्री मैनेजमेंट, जीएसटी बिलिंग, रिपोर्ट जनरेशन तथा बैंकिंग रिकॉन्सिलिएशन शामिल रहे।

समापन समारोह में प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र नाथ तिवारी, स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना के प्रकोष्ठ प्रभारी/संयोजक डॉ. विवेक वर्मा, डॉ. नीलम पाण्डेय, प्राध्यापक-डॉ. अभिलाषा श्रीवास्तव, शेडमैप समन्वयक हरिओम शरण सोनी, डॉ. स्वाती शुक्ला, डॉ. सुलभा सिंह सेंगर एवं अतिथि वक्ताओं ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। प्राचार्य ने कहा कि टैली जैसे व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर करते हैं। टैली प्रशिक्षक राजा यादव ने डिजिटल इंडिया अभियान एवं कौशल विकास योजनाओं के संदर्भ में ऐसे प्रशिक्षणों की महत्ता पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने लेखांकन की बारीकियों को समझा और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कार्य करने का आत्मविश्वास प्राप्त किया। कई प्रतिभागियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से उन्हें न केवल शैक्षणिक लाभ मिला, बल्कि भविष्य में नौकरी एवं स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ायेंगे।

# बच्चों को दांतों की देखभाल और ब्रश करने का बताया सही तरीका

## गीतांजलि पब्लिक स्कूल में हुआ चिकित्सा शिविर का आयोजन



**रीवा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस को गीतांजलि पब्लिक स्कूल में दंत स्वास्थ्य जागरुकता हेतु निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नगर के अनुभवी एवं दंत विषेशज्ञ डॉ. अमित तिवारी एवं डॉ. ऋचा तिवारी, डॉ.विपिन (मेडिसिन) के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें छात्रों के दांतों की जांच की गई। शिविर के दौरान डॉक्टरों ने बच्चों को दांतों की सही देखभाल, ब्रश करने की उचित विधि तथा नियमित जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी। कई छात्रों के दांतों से संबंधित समस्याओं के लिए आवश्यक परामर्श एवं उपचार की सलाह भी दी गई। साथ ही विद्यालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के चिकित्सक डॉ. सुनील अवस्थी द्वारा छात्राओं को ह्यूमन पैपिलोना वायरस के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि देश में प्रतिवर्ष हजारों महिलायें सर्वाइकल कैंसर की वजह से असमय मृत्यु का शिकार होती हैं। इस भयानक बीमारी से बचाव के लिए वर्तमान समय में शासन द्वारा केवल 14 वर्ष से 15 वर्ष की बीच उम्र की किशोरी बालिकाओं को यह टीका निःशुल्क यह टीका उपलब्ध कराया जा रहा है। अभी तक प्रदेश में लगभग 3 लाख सर्वाइकल वैक्सीन महिलाओं को लगाया जा चुका है, जिसमें किसी भी प्रकार की समस्या की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः सभी भ्रम से दूर रहें एवं सहयोग में अपना योगदान दें।

# परंपरागत खेती व नरवाई प्रबंधन के लिए किसानों को किया गया जागरूक



**रीवा।** किसान कल्याण वर्ष 2026-27 में किसानों को परंपरागत खेती व नरवाई प्रबंधन के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा किसानों को परंपरागत बीज उत्पादन एवं संरक्षण, नरवाई प्रबंधन व स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्रक्षेत्र दिवस पर जागरूक किया जा रहा है। गत दिनों दादर ग्राम पंचायत के किसानों को कृषि उत्पादन के साथ पशुपालन करने तथा प्राकृतिक खेती व नरवाई प्रबंधन के संबंध में जागरूक किया गया। उप संचालक कृषि यूपी बागरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों को हैप्पी सीडर से बुवाई करने, सुपरसीडर से जोताई व बुवाई करने के साथ ही खाद डालने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गयी। किसानों को कृषि यंत्रों के क्रय के लिए पोर्टल पर आवेदन करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

NOTICE / PUBLICATION

फार्म नम्बर 4

सूचना / प्रकाशन हेतु

न्यायालय ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़
द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, भारत संचार निगम लिमिटेड बिल्डिंग, प्रधान डाकघर के पास, सिविल लाइंस, जबलपुर म.प्र. 482001

(ऋण वसूली अधिकरण अधिनियम 1993 ( प्रक्रिया) की धारा 19 की उपधारा 4 के तहत नियम 5 के उपनियम 2ए के साथ पढ़ा जाए)

मूल आवेदन संख्या 71/2020

मध्यांचल ग्रामीण बैंक ( मध्य भारत ग्रामीण बैंक ) ........आवेदक

विरुद्ध

श्री संदीप दहिया एवं अन्य ........अनावेदकगण

प्रति,

1. श्री संदीप दहिया ( संदीप कुमार दहिया ) पुत्र श्री अशोक कुमार दहिया, निवासी 38, ग्राम- साथिनी, पोस्ट-साथिनी, तहसील - सिरमौर, जिला रीवा (मध्य प्रदेश)।
2. श्री कर्णदीप दहिया, पुत्र श्री अशोक कुमार दहिया, निवासी 38, ग्राम - साथिनी, पोस्ट- साथिनी, तहसील - सिरमौर, जिला - रीवा (म.प्र.)।
3. श्री अशोक दहिया, पुत्र श्री सुकदेव दहिया, पुत्र श्री अशोक कुमार दहिया, निवासी 38, ग्राम- साथिनी, पोस्ट - साथिनी, तहसील - सिरमौर, जिला रीवा (म.प्र.)।
4. श्री राज नारायण द्विवेदी, पुत्र श्री रामाधार द्विवेदी, निवासी ग्राम साथिनी बरहा, पोस्ट-कटकी, तहसील - सिरमौर, जिला - रीवा (म.प्र.)।
5. श्री अजय कुमार पाण्डे, पुत्र श्री मुन्नीलाल पाण्डे, निवासी ग्राम - सिलपरा, पोस्ट-भटलो, तहसील- हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.)।

जबकि ओ.ए. संख्या 71 / 2020 को माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था।

जबकि माननीय न्यायाधिकरण को उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 की उपधारा 4 के तहत समन / सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। यह ओ. ए. आपके विरुद्ध मात्र रु. 27,77,828/- रूपये की ऋण वसूली के लिये दायर किया गया है।

अधिनियम की धारा 19 की उपधारा 4 के अनुसार, आप अनावेदकों को निम्नलिखित निर्देश दिये जाते हैं कि:

1. समन की तामील होने के 30 दिनों के भीतर कारण बताएं कि मांगी गई राहत क्यों नहीं दी जानी चाहिये।
2. मूल आवेदन के क्रमांक 3ए में निर्दिस्ट संम्पत्तियों और परिसंपत्तियों के अलावा अन्य संपत्तियों या परिसंपत्तियों का विवरण प्रकट करें।
3. संपत्तियों की कुर्की के आवेदन की सुनवाई और निपटारे तक, आपको मूल आवेदन के क्रमांक 3ए में प्रकट की गई सुरक्षित परिसंपत्तियों और संपत्तियों से संबंधित किसी भी प्रकार का लेनदेन करने या उनका निपटान करने से प्रतिबंधित किया जाता है।
4. आप अधिकरण की पूर्व स्वीकृति के बिना सामान्य व्यावसायिक प्रक्रिया के अलावा बिक्री पट्टे या किसी अन्य माध्यम से उन परिसंपत्तियों का हस्तांतरण नहीं करेंगे जिन पर सुरक्षा हित सृजित है और / या मूल आवेदन के क्रमांक 3ए में निर्दिष्ट या प्रकट की गई अन्य परिसंपत्तियों और संपत्तियों का हस्तांतरण नहीं करेंगे।
5. आप सामान्य व्यावसायिक प्रक्रिया के तहत सुरक्षित परिसंपत्तियों और संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त विक्रय राशि का हिसाब देने के लिये उत्तरदायी होंगे और ऐसी विक्रय राशि को उन परिसंपत्तियों पर सुरक्षा हित रखने वाले बैंक में रखे गये खाते में जमा करेंगे।
6. आप आवेदक को दी गई आवेदन की प्रति सहित लिखित बयान दाखिल करने और 23/06/2026 को सुबह 10:30 बजे जबलपुर स्थित माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया जाता है, अन्यथा आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय सुनवाई कर निर्णय लिया जायेगा।

इस न्यायाधिकरण के हस्ताक्षर और मुहर के तहत दिनांक 01-04-2026 को जारी किया गया।

Seal

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर म.प्र

# अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता ( अंडर-22, वन-डे )

# एकपक्षीय मुकाबले में सतना ने मऊगंज को 9 विकेट से हराया

## सतना के ऋषभ शुक्ला की घातक गेंदबाजी





**रीवा।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने निदेशानुसार रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व मे खेली जा रही अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता ( अंडर-22, वन-डे ) के दूसरे दिन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के मैदान मे ग्रुप बी के दूसरे लीग मैच मे सतना ने मऊगंज के खिलाफ9 विकेटों की एकतरफा जीत हासिल की । उक्त जानकारी देते हुये आरडीसीए के सह सचिव देवेश शुक्ला के द्वारा बताया गया कि इस मैच में टास जीतकर सतना ने पहले मऊगंज को बल्लेबाजी करने का मौका दिया किंतु सतना के मध्यम तेज गेंदबाज ऋषभ शुक्ला की कहर भरी गेंदबाजी का सामना करने में मऊगंज का कोई भी बल्लेबाज नाकामयाब रहा तथा ऋषभ ने एक बाद 6 विकेट लेकर मऊगंज की पारी को 16 वें ओवर में ही मात्र 64 रनों के योग पर ढेर कर दिया । मऊगंज की ओर से सर्वाधिक 14 रन राजशेखर द्विवेदी ने बनाए । ऋषभ शुक्ला ने 7 ओवर में 25 रन देकर 6 विकेट लिये जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल है । देवाय सिंह ने 3 विकेट लिये । जीत के लिये जरूरी रन सतना ने मात्र 1 विकेट खोकर बना लिये तथा 9 विकेटों से जीत दर्ज की स्वप्निल सिंह ने नाबाद 25 रन बनाये जबकि सागर सिंह ने 21 रनो की पारी खेली। इस प्रकार सतना ने अपनी पहली जीत दर्ज की जबकि मऊगंज की टीम अपने दोनों ही मैचों में पराजित हो कर प्रतियोगिता ने बाहर हो गई है । इस मैच में अमित शर्मा एवं उमेश द्विवेदी के द्वारा अंपायरिंग का दायित्व उठाया गया जबकि स्कोरर विकास सिंह रहे। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य व रीवा संभाग के प्रभारी भोपाल के हर्ष पाण्डेय भी मैच के दौरान उपस्थित रहे।

## आज खेले जायेंगे अत्यंत महत्वपूर्ण मैच

फाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमों के निर्धारण के लिये आज होने वाले तीसरे और अंतिम राउंड के मैच निर्णायक होंगे अतः आज 8 अप्रैल को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम में ग्रुप बी के लिये सतना एवं मेजबान रीवा के बीच मैच होगा, जबकि एमपीसीए क्रिकेट मैदान में ग्रुप ए के लिये सीधी एवं सिगरौली की टीमें आमने-सामने होंगी । ज्ञातव्य हो कि आज जीतने वाली टीमें ही 9 अप्रैल को खिताबी मुकाबले अर्थात फाइनल मैच के लिये पात्र होंगी । अतः आज होने वाले दोनों मैचों में गेंद और बल्ले के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिलेगा।

## सिंगरौली ने मैहर पर दर्ज की 84 रनों से जीत

वहीं एमपीसीए क्रिकेट मैदान मे ग्रुप ए के अंतर्गत सिंगरौली एवं मैहर की टीमों के बीच खेला गया मैच कुछ हद तक प्रतिस्पर्धात्मक रहा जिसमें सिंगरौली की टीम ने 84 रनों से शानदार जीत दर्ज की । इस मैच में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये सिंगरौली के बल्लेबाजों ने दमदार खेल दिखाया जिसके कारण सिंगरौली ने निर्धारित 50 ओवरों में 270 रनों का सम्मानजक स्कोर बनाया । सिंगरौली के ओपनिंग बल्लेबाज हर्षित दुबे ने दमखम से बल्लेबाजी की तथा 83 गेंदों में 5 चौके एवं 6 छक्कों की मदद से 86 रनों की पारी खेली, उनके अतिरिक्त अक्षय प्रताप सिंह ने 34 रन, विपिन कुमार ने 31 रन एवं संजू जायसवाल ने 28 रनों की सह्योगी पारियां खेली । मैहर की ओर से कपिल खैरसिया ने 3 विकेट एवं धीरेन्द्र केवट ने 2 विकेट लिये । जीत के लिये मिले 271 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य के सामने मैहर के दोनों ओपनिंग बल्लेबाजों अनुभव सिंह एवं लकी वंशकार ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुये पहले विकेट के लिये 109 रनों की साझेदारी कर मैच में रोमांच पैदा कर दिया पर पहला विकेट गिरने के बाद मैहर के अन्य बल्लेबाज एक शानदार शुरूआत का लाभ नहीं उठा सके व उनकी पूरी टीम 43 वें ओवर में 186 रन बनाकर आउट हो गयी । अनुभव सिंह ने 54 रन एव लकी वंशकार ने 51 रनों की जझारू पारियां खेलीं । सिंगरौली की ओर से अक्षय प्रताप सिंह एवं वेदांत जायसवाल ने सधी हुयी गेदबाजी करते हुये 4-4 विकेट लिये। इस प्रकार सिंगरौली ने अपने पहले मैच को जीतकर एक अच्छी शुरूआत की है जबकि मैहर की टीम अपने दोनों मैचों मे पराजित होने के कारण प्रतियोगिता से बाहर हो गयी है। इस मैच में अंपायर का दायित्व जीतेन्द्र गुप्ता एवं सुहैल खान के द्वारा निभाया गया जबकि रोशन मिश्रा स्कोरर रहे।

# कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से पहुंचे कार्यालय



**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद पर्यावरण संरक्षण और शरीर को स्वस्थ रखने को लेकर प्रेरणादायक मिसाल पेश कर रहे हैं। कमिश्नर पिछले कई महीनों से प्रत्येक मंगलवार को अपने शासकीय वाहन के बजाय साइकिल से कार्यालय पहुँचते हैं। उनका यह कदम न केवल प्रदूषण कम करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, बल्कि आम जनमानस को शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करने का माध्यम भी बना हुआ है। इस मंगलवार को भी कमिश्नर के साथ-साथ संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आरपी सिंह, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, खनिज अधिकारी बसंतराम, संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक सहित अन्य अधिकारी साइकिल से कार्यालय पहुंचे। संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त एलएल अहिरवार तथा अन्य अधिकारियों ने कार्यालय पहुंचने के लिए ई रिक्शे का उपयोग किया। कमिश्नर जामोद ने इस पहल के माध्यम से संदेश दिया है कि पर्यावरण की रक्षा और शरीर को निरोग रखना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों से अपेक्षा की है कि वे स्वप्रेरणा अपने कर्तव्य स्थल या आसपास के स्थानों तक जाने के लिए सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल का उपयोग करेंगे।

# 7 साल बाद फिर बिछिया के पुर्नजीवन की चर्चा अब चलेगा बिछिया अपना धरोहर अभियान

## कमिश्नर ने बिछिया नदी के जल ग्रहण क्षेत्र में जल संरक्षण के कार्य के दिए निर्देश



**जागरण, रीवा।** बिछिया नदी के पुर्नजीवन की चर्चा एक बार फिर शुरु हुई। 7 साल पूर्व कांग्रेस की कमलनाथ सरकार में मऊगंज स्थित बिछिया नदी के उद्गम स्थल से लेकर रीवा शहर में बिछिया बीहर के संगम स्थल तक कायाकल्प की कार्ययोजना बनी थी। अधिकारियों ने गर्मी खूब पसीना भी बहाया लेकिन कमलनाथ सरकार जाने के बाद योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई। 7 साल बाद फिर बिछिया नदी के पुर्नजीवन की चर्चा शुरू हुई। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने मंगलवार को समीक्षा बैठक में बिछिया नदी के जल ग्रहण क्षेत्र के संरक्षण का निर्देश दिया है। इस दिशा निर्देश्सा का पालन कब तक व कहां तक होता है आगे आने वाला समय बताएगा। कमिश्नर श्री जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। कहा कि अभियान के तहत संभाग के सभी जिलों के लिए एक-एक नदी के उद्गम स्थल की साफ-सफाई तथा जल संरक्षण के अन्य कार्य चिन्हित किए गए हैं। रीवा और मऊगंज जिले में बिछिया नदी को पुनर्जीवित करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अपनी बिछिया अपनी धरोहर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नदी के जल ग्रहण क्षेत्र में वृक्षारोपण तथा जल संरक्षण के कार्य कराएं। शिक्षा विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग मिलकर इसके लिए जागरुकता अभियान चलाएं। नदी की साफ-सफाई के लिए सामूहिक रूप से श्रमदान, जल यात्रा, जल संरक्षण की शपथ तथा जल रैली जैसे कार्यक्रम लगातार आयोजित करें। सामाजिक संगठनों एवं आमजनता को भी इस अभियान में शामिल करें। संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद इसकी कार्ययोजना तैयार करें। शहरी क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इसके लिए नोडल अधिकारी होंगे। अभियान के तहत 67 ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण से जुड़े कार्य कराए जाएंगे।

कमिश्नर ने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही फाइलों का मूवमेंट करें। रीवा संभाग ई-ऑफिस में संभागीय ग्रेडिंग में लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है। संभाग के सभी जिलों में भी ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कराएं। संकल्प से समाधान अभियान में रीवा, सीधी, सतना और सिंगरौली जिलों में लगभग शत-प्रतिशत आवेदन पत्रों का निराकरण कर दिया गया है। मऊगंज और मैहर जिलों में लंबित आवेदन पत्रों का तीन दिवस में निराकरण कराएं। संभाग के सभी जिलों में 14 और 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी टीके लगाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग मिलकर सभी चिन्हित किशोरियों को टीके लगवाएं। यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए सबसे कारगर उपाय है। हर माता-पिता अपनी बेटी को कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाने के लिए यह टीका अवश्य लगवाएंगे। खाद्य नियंत्रक तथा अन्य अधिकारी 15 अप्रैल से शुरू हो रहे गेहूं उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में उचित व्यवस्था करें। उपार्जित गेहूं के परिवहन, भण्डारण के लिए भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

### लापरवाह अधिकारियों पर लगेगा जुर्माना

कमिश्नर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में आवेदन पत्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सीएम हेल्पलाइन में लेबल एक में आवेदन पत्रों में तय समय सीमा में कार्यवाही न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। लंबित शिकायतों की संख्या यदि बढ़ती है तो उत्तरदायी अधिकारी के विरुद्ध जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। खाद्य विभाग, ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा श्रम विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। बैठक में कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं, समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं तथा पेंशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार, अनुविभागीय अधिकारी वन हितेश खण्डेलवाल तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**बायपास रोड में पुल सुधार 30 तक होगा पूरा :** बैठक में कमिश्नर ने कहा कि रीवा बायपास रोड में पुल में सुधार का कार्य 30 अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा। इस अवधि तक बायपास मार्ग में भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था कराएं। अधीक्षण यंत्री पीएचई पेयजल के संबंध में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण कराएं। जिला और विकासखण्ड स्तर पर पेयजल कंट्रोल रूम शुरू कराकर पेयजल व्यवस्था की निगरानी करें। नलजल योजनाओं तथा हैण्डपंपों के सुधार के लिए आवश्यक सामग्री के साथ विकासखण्ड स्तर पर दल तैनात कर दें।

# कमिश्नर ने आमजनता के आवेदन पत्रों पर की जनसुनवाई



**जागरण, रीवा।** आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए कमिश्नर कार्यालय सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन पत्रों का सात दिवस में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अवधेश पटेल द्वारा जमीन का सीमांकन कराने तथा नागेन्द्र तिवारी द्वारा बीपीएल सूची में अवैध रूप से शामिल किए गए नामों को हटाने के लिए आवेदन दिया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक महादेव सिंह ने लंबित पेंशन प्रकरण के निराकरण तथा सीताशरण ने जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने संबंधित संभागीय अधिकारियों को आवेदन पत्रों का समुचित निराकरण कराने के निर्देश दिए। राम प्यारे ने जमीन के सीमांकन तथा बेदखली, विजयशंकर सिंह तथा सुखेन्द्र सिंह ने भी जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन दिया। अनिल गुप्ता ने बाल सम्प्रेक्षण गृह में आपूर्ति की गई सामग्री के बिल के भुगतान तथा अखिलेश तिवारी ने रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 5 में साफ-सफाई एवं नाली निर्माण के लिए आवेदन दिया। जनसुनवाई में छात्रावास में प्रवेश, फीस प्रतिपूर्ति, पेंशन प्रकरण के निराकरण, उपचार सहायता तथा अन्य आवेदन पत्रों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने 72 आवेदकों की समस्यायें सुनीं




**जागरण, रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जनसुनवाई में 72 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निराकरण करने के निर्देश दिये। हटवा निवासी राधिका के नहर के मुआवजा राशि के भुगतान के आवेदन पर एसडीएम गुढ़ को कार्यवाही हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। इसी प्रकार निवासी सुरेश प्रसाद के तालाब से कब्जा हटाने, त्योंथर निवासी रामगरीब माझी के आवासीय पट्टा दिलाये जाने, बैकुंठपुर निवासी राजेन्द्र प्रसाद सोनी के बंद रास्ता को खोले जाने तथा रीवा निवासी केशकली के अनुग्रह राशि के भुगतान के आवेदन पर संबंधित तहसीलदारों को समुचित कार्यवाही करने हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। दुआरी के लवकुश द्विवेदी के नामांतरण के आवेदन पर तहसीलदार हुजूर को, इटौरी के अजायबलाल कहार के नक्शा तरमीम के आवेदन पर तहसीलदार जवा को तथा गुढ़वा के अरूणेन्द्र पटेल के शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के आवेदन पर तहसीलदार मनगवां को कार्यवाही के लिये निर्देश दिये गये। नौढ़िया निवासी पुष्पेन्द्र पटेल ने पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण जल आपूर्ति न हो पाने का आवेदन दिया जिस पर कलेक्टर ने पीएचई के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुमार बेक एवं सुरभि जैन ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं।

# गैस सिलेंडर नहीं पहुंचने से कालाबाजारी को मिल रहा बढ़ावा

**रीवा।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि 38 दिन पहले अमेरिका और इजरायल के द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद से मध्य पूर्व एशिया में युद्ध नहीं थम रहा। वैश्विक तनाव की स्थिति में पेट्रोलियम संसाधनों की आपूर्ति का संकट दिखलाई दे रहा है। लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि एक तरफ पेट्रोल डीजल ईंधन गैस आपूर्ति पर केंद्र सरकार नियंत्रण का दावा कर रही है और दूसरी तरफ ईंधन गैस आपूर्ति में बड़े पैमाने पर अनियमितता देखने को मिल रही है। कालाबाजारी आपदा में अवसर तलाश रहे हैं। गैस गोदामों पर अभी भी बुकिंग उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें होम डिलीवरी में होने वाली देरी और मनमानी वसूली को जाहिर कर रहीं हैं। यह भी शिकायत है कि गैस बुकिंग के 20 दिन बाद भी लोगों को भरा सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। कुछ मामलों में तो गैस बुकिंग के कुछ दिन बाद उसे कैंसिल कर दिया जा रहा है। शिकायत करने पर बताया जाता है कि केवाईसी नहीं होने के कारण ऐसा किया गया। जब उपभोक्ता के द्वारा यह सवाल किया गया कि यदि केवाईसी नहीं है तो बुकिंग कैसे संभव तो फिर उससे कहा गया कि वह फिर से मिस कॉल करके नई बुकिंग कराएं। जब उपभोक्ता ने ऐसा करने से मना किया कि गलती आपकी है तो उसे आप ही सुधार, तब कंपनी के द्वारा आश्वस्त किया जाता है कि 7 दिन के अंदर सिलेंडर उपलब्ध करा दिया जाएगा। श्री खरे ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में एक गैस सिलेंडर की डिलीवरी के बाद 25 दिन पूरा होने पर अगली बुकिंग होती है। ऐसी स्थिति में यदि बुकिंग की डेट और डिलीवरी डेट में जितना अधिक अंतर होगा उससे अगली डिलीवरी के लिए और अधिक इंतजार करना पड़ेगा। श्री खरे ने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को गैस के लिए अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ता है, जो सरासर गलत है। उपभोक्ताओं को उचित समय और दाम पर घर-घर सिलेंडर उपलब्ध करने की जवाबदेही प्रशासन की है। यदि ऐसा नहीं हो पा रहा तो कालाबाजारियों एवं प्रशासनिक तंत्र की सांठ-गांठ से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# हनुमान जी की जयंती पर अंजनाय सेवा समिति ने निकाली ऐतिहासिक शोभायात्रा



**ब्यूरो, हनुमना।** हनुमान जी की पवित्र नगरी हनुमना में श्री हनुमान जी महाराज जन्मोत्सव पावन पर्व पर विशाल शोभायात्रा निकाली गयी एवं जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं तहसील रोड स्थित छात्रावास से अंजनाय सेवा समिति द्वारा मनमोहक झांकियों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्तगण उल्लास के साथ नाचते झूमते रहे। शोभा यात्रा के दौरान नगर में जगह-जगह भक्तों द्वारा प्रसाद हलवा ठंडा पानी बूंदी खीर कई प्रकार की व्यवस्था की गई थी। शाहपुर मोड़ से वापसी करते हुए श्री बड़े हनुमान जी मंदिर पहुंचकर महा आरती करने के बाद महाप्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। यह कार्यक्रम समस्त सम्माननीय नगर वासियों के सहयोग से किया जाता है। प्रशासन का सुरक्षा व्यवस्था में सराहनीय योगदान रहा। इस शोभायात्रा में नगर एवं ग्रामीण भक्तों का आभार व्यक्त किया गया, अभार करने वाले में मुख्य रूप संरक्षक शुभवंत किशोर गुप्ता, प्रोफेसर दुलीचंद गुप्ता, शंकर लाल गुप्ता मैरिज हॉल, सनातन संघ उपाध्यक्ष मदन चंद कचेर, (रवि प्रसाद द्विवेदी भाठी) मदन चंद्र बुक्सेलर, लालजी सोनी जबलपुर वाले, रामकृष्ण गुप्ता, रामाधार द्विवेदी, पदाधिकारी गण अध्यक्ष एडवोकेट अनूप गुप्ता, उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता टीवीएस, सचिव दिनेश चंद्र गुप्ता, सह सचिव एडवोकेट वासुदेव गुप्ता बरतन वाले, कोषाध्यक्ष रामजी गुप्ता पूर्व बैंक मैनेजर, कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम गुप्ता, कोमलचंद गुप्ता टेंट वाले, सुरेश चंद्र गुप्ता रेडियो वाले, सीताराम गुप्ता कपड़ा वाले, प्रेमचंद गुप्ता, मुरारी लाल गुप्ता बर्तन वाले, पूर्व नगर अध्यक्ष रमेश जायसवाल, ओम प्रकाश गुप्ता पूर्व पार्षद, अखिलेश गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता गल्ला वाले, विक्की गुप्ता ट्रैक्टर एजेंसी, सुरेश गुप्ता वाहन कर्मचारी संघ अध्यक्ष, चंद्र केतु गुप्ता, अंजनी लाल गुप्ता बजाज एजेंसी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष मोहनलाल कचेर, विट्ठलनाथ गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता चश्मा वाले, सोनू मेडिकल पूर्व अध्यक्ष पूनम गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष गुप्ता, मुन्नालाल किराना वाले, संजय प्लाई वाले, व्यवस्थापक रेवती रमण केसरी रिशु, राजा बाबू गुप्ता, अजय गुप्ता, तारकेश्वर गुप्ता, श्रीधर गुप्ता, आनंद गुप्ता विकास गुप्ता, मनीष गुप्ता, प्रीति गुप्ता मंडल उपाध्यक्ष, जितेंद्र गुप्ता बुलेट, रोहिणी प्रसाद गुप्ता अंजलि कलेक्शन राजू जायसवाल बांके बिहारी सुधीर गुप्ता रानू गुप्ता रमेश मिश्रा आदित्य मेडिकल प्रकाश गुप्ता लाल जी गुप्ता रामकृष्ण गुप्ता राजू गुप्ता गल्ला वाले लकी गुप्ता किराना विजय बाबू गुप्ता पानी वाले संजय गुप्ता इलेक्ट्रॉनिक बृजेश गुप्ता सियाराम तोमर आलोक गुप्ता बेटा विजय शुक्ला मनोज सोनी दिलीप सोनी जगन्नाथ सोनी मोनू गुप्ता गोलू प्लाई अजय गुप्ता बॉबी प्रद्युम्न गुप्ता नितिन सानू विजय गुप्ता उज्ज्वल गुप्त वंश केसरी मुरलीधर गुप्ता किशन गुप्ता सहित अन्य शामिल हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में विभिन्न गतिविधियाँ जारी



**रीवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जिले में जल संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गतदिवस रायपुर कर्चुलियान में ड्राइंगशीट में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, जल संचयन एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित आकर्षक एवं प्रेरणादायक चित्र बनाये गये। प्रतिभागियों ने इसके माध्यम से जल है तो कल है का संदेश दिया। इसी क्रम मंध शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर सोनौरी, दुअरा, हायर सेकेण्डरी स्कूल लौआ, उमरी सहित बालक एवं बालिका छात्रावासों में पानी की टंकी की साफ-सफाई की गयी। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सेमरिया अन्तर्गत ग्राम में जल स्त्रोत की सफाई एवं उसकी मरम्मत का कार्य जनभागीदारी से किया गया। जल संसाधन विभाग की अमवा माइनर नहर व भिटवा सबमाइनर नहर की साफ-सफाई का कार्य कराया गया।

## नाम सुधार सूचना

मैं देवेन्द्र सिंह पिता श्री बलिराम सिंह आयु 35 वर्ष निवासी ग्राम सिंकरा पोस्ट टिकरी तहसील माझौली जिला सीधी म.प्र. का निवासी हूं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पुत्री अराध्या सिंह के नाम से पोस्ट ऑफिस इंडियन बैंक ब्रांच बाणसागर कॉलोनी रीवा जिला रीवा में सुकन्या समृद्धि योजना का खाता क्रमांक 01002441713 संचालित है, जिसमे मेरी पुत्री का नाम ADHYA SINGH अंकित है, जो कि गलत नाम है, जबकि मेरी पुत्री का सही नाम ARADHYA SINGH है, जो मेरे पुत्री के आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में अंकित है, जो कि सही व सत्य है। उक्त दोनो नाम ADHYA SINGH एवं ARADHYA SINGH एक ही व्यक्ति के नाम है अर्थात मेरी पुत्री के ही नाम है। अतः उक्त खाता में अंकित गलत नाम ADHYA SINGH के स्थान पर मेरी पुत्री का सही नाम ARADHYA SINGH अंकित किया जावे एवं पढ़ा, लिखा व जाना जावे।

देवेन्द्र सिंह

RN-85227

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)

3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)

No./3447/22/D-12/NIT-Maint./2026 Bhopal, Dated : 07.04.2026

### NOTICE INVITING TENDER NO. 376/MTN/2026 (BW)

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal https://mptenders.gov.in as detailed below.

- SSR Applicable; - SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.
- Table-1; Name of Work : Post 05 Year Maintenance (BW)

| S.No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Indore | 1 | 6164000.00 |

- Table-2; Name of Work : Post 10 Year Maintenance (BW)

| S.No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Burhanpur | 4 | 29143000.00 |
| 2 | Sagar | 2 | 10418000.00 |
| 3 | Satna | 1 | 4848000.00 |
| 4 | Umaria | 1 | 11389000.00 |

- Table-3; Name of Work : Post 05 Year Maintenance (BW)

| S.No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Dewas | 1 | 16808000.00 |
| 2 | Mandsaur | 1 | 9030000.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **10.04.2026 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is 06.05.2026 (17:00 hrs.)
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P.M./125246/2026 CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पिपरा-1, पटवारी हल्का मगुरिहाई, तहसील हुजूर-नगर, जिला-रीवा (म.प्र.) स्थित भूमि नं.-50/1, 51, 52 मे सन् 1978 से क्रय करके हम लोग काबिज हैं। खसरे में भी सुरेन्द्र प्रसाद रविशंकर जरिए बिक्री कब्जा दर्ज है। हम लोगों के नाम नामान्तरण नहीं हो पाया तदानुसार भूमिस्वामी कालम में कृष्णार्जुन, सतेन्द्र चतुर्वेदी वगैरह का नाम दर्ज है। दीवानी मुकदमा हम लोगों के मध्य चला जिसमें हम लोगों का स्थापित कब्जा षष्टम अपर जिला न्यायाधीश महोदय रीवा द्वारा मान्य करके स्थायी व्यादेश की डिक्री दी गयी और पक्षकारों के मध्य मान्नीय उच्च न्यायालय में हम लोगों द्वारा अपील प्रकरण क्रमांक-950/2014 प्रस्तुत की गयी है जो विचाराधीन है। एवं कृष्णार्जुन, सतेन्द्र वगैरह द्वारा भी माननीय उच्च न्यायालय में अपील प्रकरण क्रं. 1032/2014, 1033/ 2014 प्रस्तुत की गयी जो विचाराधीन है जो कि SA No. 1032/2014 में पारित आदेश दिनांक 31.03.2026 में ऐसा आदेशित किया गया है। अपील पर निर्णय होने तक संबंधित विचाराधीन सम्पत्ति के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया जाता है।

भवदीय
एड. सुरेन्द्र प्रसाद तिवारी
जिला एवं सत्र न्यायालय
रीवा (म.प्र.)

RN-85016

## कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग-मनगवां / रायपुर कर्चु. जिला-रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 12/प्रवाचक/2026
रायपुर कर्चु., दिनांक 06/04/2026

विषय: नाम/खसरा सुधार के संबंध में सार्वजनिक उद्घोषणा।

इस न्यायालय में विचाराधीन नाम सुधार प्रकरण क्रमांक 0004 / (अ-6अ) / 2026-27 (कामता पटेल बनाम बेवा उर्मिला पटेल) ग्राम - गोरगांव 1 पटवारी हल्का गोरगांव 1 की आराजी संख्या 242/3 में पक्षकार को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से स्थानीय समाचार पत्र में सूचना का प्रकाशन कराए जाने का अंतरिम आदेश पारित किया गया है। यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वे निर्धारित समयावधि पेशी दिनांक 29.04.2026 के भीतर अनुविभागीय अधिकारी (न्यायालय) के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अन्यथा अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व)
रायपुर कर्चुलियान
जिला-रीवा (म.प्र.)

RN- 85015

# और जब दोस्त ने ही चोरी की घटना को दिया अंजाम, पुलिस ने दबोचा

**जागरण, सतना।** चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा जैतवारा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार पाण्डेय ने कर दिया है। पुलिस ने जहां चुराये गये सोने चांदी के जेवरात बरामद कर लिये है। वहीं आरोपी को भी दबोच लिया है। आरोपी कोई और नही बल्कि फरियादी का मित्र ही बताया जा रहा है यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश, एएसपी प्रेमलाल कुर्वे एवं डीएसपी मुख्यालय मनोज दीक्षित के मार्गदर्शन में तेजतर्रार थाना प्रभारी जैतवारा अभिषेक पाण्डेय द्वारा की गई है। इस कार्यवाही में 8 लाख रूपये के जेवरात बरामद किये गये है।

**ये थी घटना :** पुलिस ने बताया कि फरियादिया रूसाली केसरी पति सुमित केसरी निवासी जैतवारा ने 9 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 मार्च को उनके घर में जन्मदिन एवं पूजा पाठ का कार्यक्रम चल रहा था इस दौरान सभी मेहमान व परिवार के लोग शामिल हुये थे। घर मे नीचे वाले हिस्से मे खाना बनाया जा रहा था ऊपर वाले कमरे मे पूजा हो रही थी। नीचे वाले कमरे मे मेरे बेडरूम मे मेरी आलमारी थी जिसका लाक फंसता था जिस कारण उस लाक में चाबी लगी हुई थी। मेरी आलमारी में सोने चांदी की ज्वेलरी रखी थी। 6 मार्च को सुबह 8 बजे जब मैं अपनी चूडी निकालने गई तो देखी कि मेरा उक्त सामान नहीं था। इस बात की जानकारी मैने घर के लोगों को दी। अज्ञात चोर उक्त सोने चांदी की ज्वैलरी चोरी कर ले गये। इसकी रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई। प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही .दौरान विवेचना प्रकरण के संदेहियों से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की जाकर संदेही अभिषेक गुप्ता पिता स्व. कैलाशचन्द्र गुप्ता निवासी जैतवारा से पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार करने पर आरोपी से चोरी गया सोने चांदी के आभूषण एवं एक नग एक्टीवा गाड़ी जब्त की जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

# खेत में आग लगने से 80 वर्षीय किसान जिंदा जला

**जागरण, सतना।** बरौंधा थाना क्षेत्र के बकोट गांव में मंगलवार दोपहर लगभग 3 बजे एक खेत में आग लगने से 80 वर्षीय बुजुर्ग किसान की जलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान बरदर निवासी मुरलिया यादव के रूप में हुई। इस घटना में किसान की अरहर की तैयार फसल भी जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार मुरलिया यादव अपने अरहर के खेत में खलिहान की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात कारणों से खेत में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि बुजुर्ग किसान को संभलने का मौका नहीं मिला और वे उसकी चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश भी की। आग की लपटें देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। सूचना मिलने पर बरौंधा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और मामले की जांच शुरू कर दी है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। हादसे से किसान के परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है क्योंकि उनकी पूरी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

किराए से देना है

हास्पिटल एवं सुपर बाजार के लिए संपर्क करें। 3 मंजिल 13000 स्क्वायर फीट, आदित्य होटल के पीछे समान तिराहा न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.) मो.नं.9200290020, 9617049786

आरएन gm sir (10/04)

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 7 किसानों की करीब 12 एकड़ में लगी गेहूं की फसल हुई जलकर राख :

**सतना।** बढ़ते तापमान और हवा के बीच गेहूं के खेतों में आग लगने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को उचेहरा जनपद क्षेत्र व नागौद थाना क्षेत्र के पिपरोखर गांव में देर शाम खेतों के ऊपर से गुजरी बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।

## कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

N.I.T क्र. 01(E.T.)/रा.कि./न.पा.नि./2026-27 सतना, दिनांक 06.04.2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सतना में विभिन्न स्थानों में वाहन पार्किंग का ठेका वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु लम्प-सम दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र. व दि. | टे.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/01 06.04.2026 | 2026_UAD _497659_1 | आटो पार्किंग (बस स्टैण्ड के पास), बस स्टैण्ड फ्लाई ओव्हर पार्किंग, सिंधी कैम्प सब्जी मंडी पार्किंग | 32,77,229/- | 8,19,400/- | 5,000/- | 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक |
| 2 | 01/02 06.04.2026 | 2026_UAD _497660_1 | विश्वासराव सब्जी मंडी निर्माण | 13,47,500/- | 3,36,900/- | 2,000/- | |
| 3 | 01/03 06.04.2026 | 2026_UAD _497661_1 | काका पार्किंग स्टेशन रोड, बिहारी चौक पार्किंग, जयस्तम्भ चौक पार्किंग, पन्नीलाल चौक पार्किंग, हनुमान चौक पार्किंग, शास्त्री चौक पार्किंग एवं गांधी चौक पार्किंग | 11,02,640/- | 2,75,700/- | 2,000/- | |

शर्ते :- 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 07.04.2026 समय 15:30 से दिनांक 06.05.2026 समय 17:30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा।

2. निविदा में संसोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी, समाचार पत्र पर संसोधन की सूचना प्रकाशित नही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)

## संक्षिप्त खबरें

### अच्छा कार्य करने वालों को मिलती है पहचानः शुक्ल

**विसं भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल वल्लभ भवन में मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी संगठन की यह सराहनीय पहल है कि वे केवल अपनी मांगों के लिए संघर्ष ही नहीं करते, बल्कि उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी करते हैं। उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि अच्छा कार्य करने वालों को पहचान अवश्य मिलती है। ऐसे कार्यक्रम इस विश्वास को मजबूत करते हैं कि मेहनत और सकारात्मक कार्य को देखा और सराहा जाता है।

कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासनिक कार्यों में प्रारंभिक टिप्पणी का अत्यंत महत्व होता है, क्योंकि वही आगे की प्रक्रिया को दिशा देती है। सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों को निश्चित रूप से सम्मान और पहचान मिलती है।उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करने वाले पत्रकार समाज के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं।

### एमपी में अंबेडकर जयंती पर रिहा होंगे कैदी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की जेलों में बंद और सजा काट रहे कैदियों के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती खुशियां लेकर आ रही है। जेल विभाग ने प्रदेश की विभिन्न जेलों में निरुद्ध अच्छे आचरण वाले 87 आजीवन कारावास के बंदियों को समय-पूर्व रिहाई की सौगात दी है। साथ ही गैर आजीवन कारावास की सजा काट रहे 7 अन्य बंदियों को भी सजा में विशेष छूट (परिहार) प्रदान की है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं, जिसके तहत 14 अप्रैल को इन बंदियों की रिहाई की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दरअसल, मध्य प्रदेश शासन ने 27 मई 2025 को एक आदेश जारी किया था। इसके तहत अब वर्ष में 5 विशेष अवसरों पर बंदियों को उनके अच्छे आचरण के आधार पर रिहाई या सजा में छूट दी जाती है। इसी कड़ी में इस साल 14 अप्रैल 2026 को इन 94 बंदियों (87 रिहाई + 7 सजा में छूट) को लाभ मिल रहा है। इससे पहले बीते गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2026) को भी प्रदेश के 94 बंदियों को इसी नीति के तहत रिहा किया था।

# भारती केस में हाईकोर्ट में सुनवाई शुरु, नरोत्तम के घर पहुंचे हेमंत

## दिल्ली हाईकोर्ट ने दतिया के पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती की याचिका पर सरकार से मांगा जवाब, 15 को फिर होगी सुनवाई



**विशेष संवाददाता,भोपाल।** बैंक फर्जीवाड़े में दोषी करार दिए जाने के बाद अपनी विधायकी गंवाने वाले कांग्रेस नेता राजेन्द्र भारती के मामले में मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश सरकार से जवाब मांगा है। इस मामले में हाईकोर्ट में 15 अप्रैल को फिर सुनवाई होगी। इसी बीच भोपाल में प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के निवास पहुंचकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज कर दी। गौरतलब है कि दतिया से विधायक रहे राजेन्द्र भारती को दिल्ली एमपी-एमएलए कोर्ट ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में दोषी पाते हुए 3 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय द्वारा उनकी सदस्यता को शून्य घोषित करते हुए दतिया विधानसभा रिक्त होने की अधिसूचना जारी कर दी थी। अपने सजा के खिलाफ भारती ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की थी,जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई। बताया गया है कि कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत मध्यप्रदेश सरकार से भारती की याचिका पर जवाब मांगा है और सुनवाई के लिए अगली तारीख 15 अप्रैल तय कर दी। अब सभी की निगाहें 15 अप्रैल को होने वाली सुनवाई पर लग गई है। दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के बीच भोपाल में दतिया विधानसभा सीट को लेकर राजनैतिक हलचल शुरु हो गई है। प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मंगलवार को पूर्व विधायक डॉ.नरोत्तम मिश्रा के चार इमली स्थित आवास पहुंचे और वहां उन्होंने डॉ. मिश्रा से बंद कमरे में तकरीबन पौने घंटे चर्चा की। उल्लेखनीय है कि राजेन्द्र भारती ने वर्ष 2023 के चुनाव में दतिया विधानसभा सीट डॉ. मिश्रा को पराजित कर जीती थी। ऐसे में खंडेलवाल का डॉ.मिश्रा के निवास पहुंचने को दतिया उपचुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

### मुझे इंसाफ मिलेगाः भारती

इस संबंध में राजेन्द्र भारती ने भरोसा जताया है कि उन्हें 15 अप्रैल की सुनवाई में पूरा इंसाफ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुझे अदालत पर पूरा भरोसा है। ऐसे में जो लोग किसी भी तरीके का ख्वाब देख रहे है,उनके मंसूबे पूरे नहीं होंगे। फिर भी यदि जरुरत पड़ती है,तो हम इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाएंगे।

### भाजपा ने कई कांग्रेसियों को जेल में डलवायाः सिंह

पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने कहा कि भाजपा ने पहले भी कई कांग्रेसी नेताओं को जेल में डलवाया है। ये नेता बाद में निर्दोष साबित हुए है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार हिटलर के रास्ते पर चलने वाली है,जिसे लोकतंत्र पर कोई भरोसा नहीं है। राजेन्द्र भारती का मामला पूरी तरह से सत्ता के दुरुपयोग का है।

### नई स्थिति पर भाजपा में मंथन

राजेन्द्र भारती मामले में सुनवाई 15 अप्रैल तक टल जाने के बाद प्रदेश भाजपा सक्रिय हो गई है। नए राजनैतिक हालात को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा अगले राज्यसभा चुनाव पर चर्चा की गई। सूत्रों का कहना है कि प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और डॉ. नरोत्तम मिश्रा के बीच बंद कमरे में हुई चर्चा का विषय राज्यसभा चुनाव भी था। चर्चा है कि भाजपा राज्यसभा की खाली हो रही तीनों सीटों को अपनी झोली में डालना चाहती है। इसके लिए आवश्यक वोट कैसे जुटाए जाए,इस पर मंत्रणा शुरु हो गई है।

# गेहूं खरीदी व्यवस्था पर निगरानी और समन्वय बनाएं प्रभारी मंत्रीः मुख्यमंत्री

## कैबिनेट की बैठक से पहले अनौपचारिक चर्चा में सीएम ने मंत्रियों से की चर्चा

**विशेष संवाददाता,भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों से कहा है कि वे अपने-अपने प्रभार के जिलों में गेहूं खरीदी पर निगरानी रखें और समन्वय बनाने का काम करें। उन्होंने कहा कि किसी भी जिले से खरीदी को लेकर किसानों को परेशान होने की शिकायतें नहीं आनी चाहिए। सीएम ने यह बात कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रिपरिषद के सदस्यों से अनौपाचरिक चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी घोषित तिथि से एक दिन पहले अर्थात् 9 अप्रैल से आरंभ हो रही है। सबसे पहले लघु और सीमांत पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं लिया जाएगा, उनकी स्लॉट बुकिंग प्रारंभ हो गई है। गेहूं की खरीदी प्रारंभ करने के लिये आवश्यक बारदाने उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल के अवसर पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे,जो 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चलेंगे। राच्य स्तरीय कार्यक्रम भिंड जिला मुख्यालय पर होगा। प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के जिले के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करे। इसी तरह संत रविदास जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 31 मार्च 2027 तक सामाजिक समरसता कार्यक्रमों का आयोजन संपूर्ण प्रदेश में किया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि बीता सप्ताह मध्यप्रदेश के लिए शुभ रहा।



### गोवा -उत्तराखंड मॉडल पर एमपी में लागू होगा यूसीसी

मध्य प्रदेश की मोहन सरकार प्रदेश में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर गृह विभाग इसकी तैयारियों में जुट गया है। सीएम ने मंगलवार को मंत्रियों की बैठक में इसके संकेत दिए। इसको लेकर एक राच्य स्तरीय कमेटी भी बनाई जाएगी। दिवाली से पहले एमपी में इसे लागू किया जा सकता है। सूत्र बताते हैं कि समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने से पहले गोवा सिविल कोड और उत्तराखंड में कुछ समय पहले लागू किए गए यूसीसी का अध्ययन किया जा रहा है, ताकि प्रदेश के लिए व्यावहारिक और संतुलित मॉडल तैयार किया जा सके। ड्राफ्ट तैयार होते ही इसे कैबिनेट में पेश किया जाएगा।

### कैबिनेट की बैठक में नहीं पहुंचे विजयवर्गीय

मंत्रालय में हुई मंत्रीपरिषद की बैठक में संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय मौजूद नहीं रहे,जबकि कुछ घंटे के अंतराल में मंत्रालय में ही हुई सिंहस्थ 2028 के आयोजन के लिए गठित मंत्री-मंडलीय समिति की बैठक में मौजूद रहे। कैबिनेट की बैठक में विजयवर्गीय की गैरमौजूदगी को उनकी नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि किसी व्यस्यता की वजह से विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बैठक में उपस्थित नहीं हो पाने का आग्रह कर लिया था। गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों से कई बार हुई बैठकों में विजयवर्गीय किसी ने किसी कारण से अनुपस्थित होते रहे है।

### अगली दिवाली तक पूर्ण हो सिहंस्थ के कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ-2028 के आयोजन के लिए गठित मंत्री-मंडलीय समिति की 5वीं बैठक में अधिकारियों से कहा है कि सिंहस्थ 2028 के लिए प्रस्तावित सभी कार्य वर्ष 2027 में दीपावली तक पूरे हो जाने चाहिए। सिंहस्थ के लिए पर्याप्त अधिकारियों-कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बैठक में मंत्री मंडलीय समिति ने 2 हजार 923 करोड़ 84 लाख रूपए राशि के 22 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की। डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ:2028 के लिए हो रहे कार्यों की गुणवत्ता और बेहतर वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यों का थर्ड पार्टी ऑडिट आवश्यक रूप से कराया जाए। सीएम ने क्षिप्रा नदी पर पैदल तीर्थ यात्रियों के लिए पृथक से ब्रिज बनाने के निर्देश भी दिए। इसी तरह समिति ने 139.14 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में 30 करोड़ की लागत से मेला कंट्रोल रूम, मल्टी मॉडल ट्रांजिट हब देवास गेट बस स्टैंड, इंटीग्रेटेड मल्टीमॉडल ट्रांसिट हब से लेकर रेल्वे स्टेशन तक स्काईवॉक निर्माण, सर्किट हाउस निर्माण, क्षेत्र में स्थाई अधोसंरचना निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

# समितियों की बैठक में सदस्यों की अनुपस्थिति चिंताजनकः तोमर

## विधानसभा परिसर में हुई सभा समिति की संयुक्त बैठक



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि मध्य प्रदेश के विधायी इतिहास में विधानसभा की समितियों ने उल्लेखनीय कार्य किया है। लेकिन बीते वर्षों में कुछ सदस्य लगातार इन समितियों की बैठकों में अनुपस्थित रहे। ऐसे में विधानसभा के कार्य व्यवहार में अंतर आता है। हमें इस बात का विशेष ध्यान देना चाहिए। तोमर मंगलवार को विधानसभा परिसर में मध्य प्रदेश विधानसभा में वर्ष 2026-27 के लिए नवगठित सभा समितियों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समितियों की बैठक नियमित होने का लक्ष्य रखा जाना चाहिए। एक वर्ष में कम से कम 12 बैठकें होने की अपेक्षा है। समिति की बैठक होने से विधानसभा के कार्य व्यवहार में सुधार की संभावना होगी। समितियों की बैठक का यदि परिणाम नहीं भी निकलता है तो भी अध्ययन प्रक्रिया से हमारा ज्ञान समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि हमें प्रदेश की आठ करोड़ जनता ने अपने कल्याण के लिए चुनकर विधानसभा भेजा है,ऐसे में यदि हम जनता के हितों का ख्याल नहीं आता तो हमारी भूमिका अधूरी रह जाएगी। स्पीकर ने कहा कि विधानसभा की भूमिका मां की तरह होती है,यदि यह भाव रखेंगे,तो हम बेहतर काम कर पाएंगे। विधानसभा के बारे में जब हम विचार करते हैं तो तरह-तरह के विचार आते हैं। अगर सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा है तो पंचायत व नगरीय निकाय छोटी इकाई हैं।

### कुछ सदस्य दायरे के बाहर कार्य करते हैंः सीएम


इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कई बार कुछ सदस्य दायरे के बाहर जाकर कार्य कर जाते हैं। सकारात्मक आलोचना का स्वागत है लेकिन इस तरह का आचरण अपेक्षित नहीं होता। ऐसे में संसदीय समितियों का बड़ा महत्व है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के संसदीय ज्ञान व नवाचारों के माध्यम से मध्य प्रदेश विधानसभा की कार्यवाहियां संसदीय इतिहास की परंपरा को समृद्ध करेगी। संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय व नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन प्राक्कलन समिति के सभापति अजय विश्नोई ने किया। बैठक में मध्यप्रदेश विधानसभा की कुल 21 समितियों के सभापति एवं सदस्यगण तथा मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा एवं सचिवालय के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# राज्यसभा चुनाव के दौरान हॉर्स ट्रेडिंग से इंकार नहींः सिंघार



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में जैसे -जैसे राज्यसभा की खाली हो रही तीन सीटों के चुनाव का समय नजदीक आ रहा है,वैसे-वैसे इसे लेकर राजनैतिक सरगर्मियां और आरोप-प्रत्यारोप तेज होते जा रहे है। मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग हो सकती है। इस पर लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस संभावित हार को जस्टिफाई करने के रास्ते ढूंढ रहे है। मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि वे पहले से कहते आ रहे है कि देश ऑटोक्रेसी( चुनावी सत्तावाद) की तरफ जा रहा है। आज संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाया जा रहा है, यह पूरे देश और प्रदेश में दिखाई दे रहा है। भारतीय जनता पार्टी का इतिहास रहा है सरकारें खरीदना, तोड़ना और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करना। ऐसे में हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ एकजुट है। हमारे सभी विधायक पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे, यह हमारा विश्वास और संकल्प है। सिंघार ने कहा कि राजेन्द्र भारती की लड़ाई कांग्रेस पार्टी की लड़ाई है। मुझे उम्मीद है कि जल्द इस मामले में न्याय मिलेगा।

### हार को जस्टिफाई करने बहाने ढूंढ रहे सिंघारः सिंह



सिंघार के बयान पर पलटवार करते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस का रवैया हमेशा ऐसा ही रहता है। उनके नेताओं को जब अपनी हार सामने दिखने लगती है,तो वे तरह-तरह क आरोप लगाकर अपनी हार को जस्टिफाई करने लगते है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा की खाली हो रही तीनों सीटों पर किसे प्रत्याशी बनाना है और कितनी सीटों पर चुनाव लड़ना है,यह भाजपा का आंतरिक मामला है। इसका निर्णय पार्टी संगठन को लेना है और पार्टी इस पर योग्य निर्णय लेगी। अभी तो राज्यसभा के चुनाव के लिए तारीखों को एलान नहीं हुआ है,ऐसे में अभी कुछ कहना उचित नहीं होगा,लेकिन नेता प्रतिपक्ष अभी से हैरान परेशान हो रहे है,यह उनके दल के अंदर मची खींचतान और उनकी हताशा का परिणाम है।

# डिमांड से कम होगी बीयर की आपूर्ति, कोटे में की कटौती

### डिमांड के मुकाबले वेयरहाउस सप्लाई 13 फीसदी घटाई

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में गर्मी के सीजन में बीयर की डिमांड बढ़ जाती है, लेकिन इस बार शौकीनों को अपने पसंदीदा ब्रांड के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। प्रदेश में बीयर की किल्लत को देखते हुए आबकारी विभाग ने सरकारी वेयरहाउसों से होने वाली डेली सप्लाई की लिमिट में भारी कटौती कर दी है। आबकारी विभाग ने प्रदेश की सभी डिस्टिलरी और ब्रेवरीज से अन्य राच्यों या विदेशों में भेजी जा रही बीयर की सप्लाई पर पहले ही रोक लगा दी थी। अब सरकारी वेयरहाउसों के कोटे में भी कमी की गई है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में विदेशी शराब के वेयरहाउसों के जरिए ही शराब दुकानों को बीयर की सप्लाई की जाती है। विभाग पहले ही यह भी तय कर चुका है कि कोई भी शराब दुकान संचालक एक बार में 300 केस से च्यादा बीयर का ऑर्डर वेयरहाउस को नहीं दे सकेगा।



**वेयरहाउस से बीयर सप्लाई का लेखा जोखा**

| वेयरहाउस | डेली सेल | सप्लाई लिमिट |
|---|---|---|
| इंदौर | 30,844 | 26,000 |
| भोपाल | 14,663 | 13,000 |
| उच्जैन | 8,982 | 8,000 |
| रीवा | 6,536 | 6,000 |
| खरगोन | 6,532 | 6,000 |
| जबलपुर | 6,028 | 5,500 |
| ग्वालियर | 6,008 | 3,500 |
| सिवनी | 5,363 | 5,000 |
| जावरा, रतलाम | 5,350 | 5,000 |
| शिवपुरी | 4,745 | 4,000 |
| इटारसी | 4,120 | 3,500 |
| सागर | 3,934 | 3,500 |
| छतरपुर | 3,018 | 3,000 |
| शहडोल | 1,907 | 2,000 |
| योग | 1,08,031 | 94,000 |

### ग्वालियर में सबसे ज्यादा कटौती इंदौर-भोपाल में भी कोटा घटा

आबकारी विभाग द्वारा जारी नई सप्लाई लिमिट में प्रतिशत के लिहाज से ग्वालियर वेयरहाउस में सबसे च्यादा कटौती देखने को मिली है। यहां 6,008 केस की डेली सेल के मुकाबले केवल 3,500 केस की सप्लाई आवंटित की गई है, जो कि लगभग 42 फीसदी की कटौती है। प्रदेश में सबसे च्यादा सप्लाई इंदौर वेयरहाउस से होती है। यहां 30,844 केस की खपत के मुकाबले 26,000 केस की लिमिट तय की गई है, जो लगभग 15 फीसदी कम है। वहीं राजधानी भोपाल में 14,663 केस की बिक्री के मुकाबले 13,000 केस की सप्लाई मिलेगी, जो लगभग 11 फीसदी कम है। इसके अलावा जबलपुर वेयरहाउस को 9 और उच्जैन वेयरहाउस को 11 फीसदी कम बीयर की सप्लाई होगी। आदेश के मुताबिक शहडोल एकमात्र वेयरहाउस है जहाँ डेली सेल 1,907 केस की है और वहाँ सप्लाई की लिमिट 2,000 केस कर दी गई है। कुल मिलाकर पूरे प्रदेश में औसत दैनिक बिक्री 1,08,031 केस है, जिसके मुकाबले अभी केवल 94,000 केस बीयर की ही सप्लाई दी जाएगी। यह रोजाना की खपत से लगभग 13 फीसदी कम है।

**नवाचार** राजधानी में 9 दिनों तक सजेगी धुनों की महफिल

# अनोखी मुहिम, बैंड बजाकर भर्ती का प्रचार करेगी पुलिस

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस अनोखे अंदाज में युवाओं को खाकी की ओर आकर्षित करने जा रही है। इसके तहत प्रदेश में बैंड आरक्षक भर्ती 2026 के लिए होने जा रही भर्ती का प्रचार-प्रसार करने और युवाओं को प्रेरित करने का जिम्मा पुलिस की सातवीं बटालियन को सौंपा गया है। पुलिस बैंड राजधानी के अहम सार्वजनिक स्थानों पर धुनों की सरगम के जरिए युवाओं से इस भर्ती के लिए आवेदन भरने की अपील करेगा। यह पहला मौका है जब एमपी पुलिस इस तरह से अपनी भर्ती का प्रचार-प्रसार करने जा रही है। पुलिस बैंड की यह संगीतमय मुहिम बुधवार से शुरू होकर 19 अप्रैल तक चलेगी। इस दौरान रोजाना शाम 5.30 से 6.30 बजे के बीच पुलिस बैंड अलग-अलग स्थानों पर देशभक्ति और अन्य लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देगा।



### 679 पदों पर आवेदन शुरू, केवल पुरुष ही पात्र

पुलिस महकमे में हर जिले में पुलिस बैंड की स्थापना के मकसद से आरक्षक (बैंड) के कुल 679 पदों पर सीधी भर्ती कर रही है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद इस संबंध में निर्देश दिए थे। बाद में यह प्रक्रिया शासन और पीएचक्यू के बीच अटकी रही। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद पुलिस बैंड के लिए भर्तियां शुरू की गई हैं। इन पदों पर केवल पुरुष आवेदक ही आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया इस माह की 5 तारीख से शुरू हो चुकी है, जो 19 अप्रैल तक चलेगी। इसके लिए आवेदकों को एमपी ऑनलाइन की वेबसाइट से ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा। यह भर्ती पुलिस की विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) विंग के द्वारा की जा रही है। इससे पहले पुलिस बल के सब इंस्पेक्टर रैंक तक के पदों की भर्तियां कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) के हवाले थीं।

### यहाँ देख सकेंगे पुलिस बैंड का जादू

| तारीख | स्थान |
|---|---|
| 8 अप्रैल | बोट क्लब |
| 9 अप्रैल | नेहरू नगर |
| 10 अप्रैल | रॉयल मार्केट |
| 12 अप्रैल | शाहपुरा लेक |
| 13 अप्रैल | कमला नगर |
| 14 अप्रैल | टीटी नगर बस स्टॉप |
| 16 अप्रैल | रानी कमलापति रेलवे स्टेशन |
| 18 अप्रैल | एमपी नगर |
| 19 अप्रैल | कमला पार्क |

"यह कार्यक्रम सभी के लिए खुला है, ताकि लोग पुलिस बैंड की कला से रूबरू हो सकें। कोशिश यही है कि युवा इस दिशा में भी करियर के प्रति उत्साहित हों।

■ **कमला रावत,** प्रभारी, पुलिस बैंड


# लंबी ड्यूटी के बाद अब पुलिस को छुट्टी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने प्रदेश के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियों पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार पुलिस के स्टाफ को अब अवकाश मिल सकेगा। इससे पहले पीएचक्यू ने पिछले माह की 18 तारीख को पुलिसकर्मियों की छुट्टी पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी थी। मार्च में ईद और रामनवमी जैसे बड़े त्योहारों और इस दौरान निकलने वाले धार्मिक एवं सामाजिक जुलूसों के कारण राच्य में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने का हवाला देते हुए यह निर्णय लिया गया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 'छात्रगृह योजना' में अब...

विद्यार्थियों लाभांवित किया जाएगा। इसके लिए 1.80 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए है। सरकार ने केंद्र की उड़ान योजना के तहत उज्जैन में एयरपोर्ट विकसित करने के लिए 590 करोड़ रुपए के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद ने अपनी मुहर लगा दी। यह राशि एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण पर खर्च की जाएगी। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में अध्ययरत छात्र छात्राओं के लिए निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए योजनान्तर्गत 2026-27 से 2030-31 तक 5 वर्ष के लिए प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत मूल्य वृद्धि तथा नामांकन में वृद्धि के मान से लाभान्वित होने वाले छात्रों की संख्या के आधार पर 693 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की। पीएमश्री स्कूल योजना के वर्ष 2031 तक विस्तार के लिए राज्यांश 940 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी। मंत्रि-परिषद द्वारा वाणिज्यिक कर विभाग की 8 योजनाओं के लिए 2,952 करोड़ रुपए का अनुमोदन किया है। इसी तरह कैबिनेट में मंदसौर की कातना सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को भी मंजूरी दी गई। 7 लेखा प्रशिक्षण शालाओं का चरणबद्ध एकीकरण कर राज्य स्तरीय एकीकृत प्रशिक्षण व्यवस्था स्थापित की जायेगी। संस्थान के लिए पद सृजन पर राज्य शासन पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा। तीन वर्षों में स्थापना और संचालन के लिए वित्तीय लागत लगभग 26 करोड़ रुपए आयेगी।







**वॉशिंगटन, जेएनएन।** आर्टेमिस 2 क्रू मेंबर (बाएं से दाएं) जेरेमी हैनसेन, क्रिस्टीना कोच, रीड वाइसमैन और विक्टर ग्लोवर, ओरियन स्पेसक्राफ्ट पर एक कॉल के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से बात करते हुए। एस्ट्रोनॉट्स के लिए एक इमोशनल पल था, जब उन्होंने मिशन के कमांडर वाइसमैन की गुजर चुकी पत्नी के सम्मान में एक क्रेटर का नाम रखा। हैनसेन ने एक लाइव ब्रॉडकास्ट में कहा, यह चांद पर एक चमकीला स्पॉट है। और हम इसे कैरोल कहना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि क्रेटर पृथ्वी के चारों ओर चांद के ट्रांजिट के कुछ खास समय पर देखा जा सकता है। (इनसेट) मिशन के पांचवें दिन सोने से पहले, आर्टेमिस २ क्रू ने ओरियन स्पेसक्राफ्ट की एक खिड़की से चांद के पास आने पर उसकी एक और फोटो खींची। चांद, जिसका पास वाला हिस्सा (पृथ्वी से दिखने वाला हेमिस्फेयर) डिस्क के दाईं ओर दिखता है, जिसे गहरे धब्बों से पहचाना जा सकता है। नीचे बाईं ओर ओरिएंटेल बेसिन है, जो लगभग 600 मील चौड़ा (970 किमी) क्रेटर है जो चांद के पास और दूर वाले हिस्सों पर फैला है। क्रेटर के बाईं ओर सब कुछ दूर वाला हिस्सा है।

# मणिपुर में फिर हिंसा: बीएसएफ जवान के घर फेंका बम, 2 बच्चों की मौत, उग्र प्रदर्शन

## सीआरपीएफ पोस्ट पर हमले की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग, 2 की मौत

**गुवाहाटी, जेएनएन।** मणिपुर के बिष्णुपुर में मंगलवार सुबह हिंसा फैल गई, जब जिले में एक चार साल के लड़के, उसकी नवजात बहन की नींद में मौत हो गई। मंगलवार सुबह उनके घर पर रॉकेट जैसा प्रोजेक्टाइल गिरा। अधिकारियों ने बताया कि इससे जोरदार विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें दो आम लोग मारे गए। मणिपुर के सीएम युमनाम खेमचंद सिंह ने कहा कि दो बच्चों की हत्या करने वाले हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए एक बड़ा ऑपरेशन चल रहा है। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी फोर्स को मंगलवार को ही 'उन्हें जिंदा या मुर्दा ढूंढने' के निर्देश दिए गए हैं। खेमचंद ने कहा, सरकार ने केस एनआईए को सौंपने का फैसला किया है, और कहा कि उन्हें शक है कि हमले के पीछे कोई 'ग्रुप या व्यक्ति है, जो राज्य में शांति प्रक्रिया को अस्थिर करना चाहता है, जबकि हमने काफी तरक्की कर ली है।'

राज्य सरकार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने घाटी के पांच जिलों (इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर) में तीन दिनों के लिए इंटरनेट कुछ समय के लिए रोक दिया है। सुबह-सुबह यह हमला ट्रोंगलाओबी अवांग लेइकाई में हुआ, जो मेइतेई-बहुल घाटी और कुकी-जोमी-बहुल पहाड़ियों के बीच सेंसिटिव सीमा पर बसा एक गांव है। बच्चों की मां, ओइनम बिनीता, धमाके में गंभीर रूप से घायल हो गईं और उनका अभी पास के एक हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

पीड़ितों की दादी ओइनम बाला ने रात करीब 1 बजे हुए हमले के बारे में बताया। बाला ने कहा, मेरी बहू मदद को चिल्लाई। जब मैंने पूछा कि क्या हुआ, तो वह चिल्लाई कि कमरे में बम फट गया है। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि बम अंदर कैसे आ सकता है। जब मैं दौड़कर अंदर गई, तो कमरा धुएं से भरा हुआ था। मैंने अपने दो पोते-पोतियों को खून से लथपथ देखा। मैं घबरा गई और मदद के लिए सिर्फ चिल्ला सकी। गुवाहाटी में रहने वाली नर्स बिनीता जनवरी में मैटरनिटी लीव पर मणिपुर लौटी थीं। पति, ओइनम मंगलसाना बीएसएफ में सिपाही हैं और बिहार में पदस्थ हैं। ट्रोंगलाओबी के कुछ लोगों ने अपने घर छोड़ दिए, क्योंकि हमले की जगह से कुछ मीटर दूर एक जिंदा रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड शेल मिला था।



मणिपुर के बिष्णुपुर में बम विस्फोट में मासूमों की मौत के बाद प्रदर्शन करते आक्रोशित लोग।

### मौत की खबर फैलते ही विरोध-प्रदर्शन

जैसे ही नाबालिगों की मौत की खबर फैली बिष्णुपुर में प्रदर्शन शुरू हो गए। लोगों ने ट्रोंगलाओबी से 500 मीटर पूरब में मौजूद एक सीआरपीएफ पोस्ट पर धावा बोलने की कोशिश की। इस दौरान गुस्साए लोग सड़कों पर उतर आए टायर जलाकर नाकाबंदी कर दी। भीड़ ने दो तेल टैंकरों समेत तीन ट्रकों में भी आग लगा दी।

### जातीय तनाव के बाद पहले भी हो चुकी हिंसा

चुराचांदपुर जिले के बॉर्डर के पास बिष्णुपुर के किनारे बसे ट्रोंगलाओबी में 3 मई, 2023 को राज्य में जातीय तनाव शुरू होने के बाद से अक्सर ऐसी ही हिंसा देखी गई है। हालांकि, यह मौजूदा हिंसा इस साल फरवरी में खेमचंद के नेतृत्व में नई लोकप्रिय सरकार बनने के बाद से संघर्ष में पहली बड़ी बढ़ोतरी है।

### मोदी सरकार बेसुध पत्थर दिल: राहुल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, मणिपुर में बीएसएफ जवान के घर में सो रहे दो छोटे बच्चों की हत्या की खबर दिल दहला देने वाली है। तीन साल बाद भी मासूम बच्चे हिंसा की सुलगती आग में जल रहे हैं। शांति का संकेत दूर तक नहीं दिख रहा। मोदी सरकार बेसुध, पत्थर दिल हो गई है।

### 'जवानों को चलानी पड़ी गोली'

अधिकारियों के मुताबिक, सीआरपीएफ जवानों को पोस्ट पर धावा बोलने की कोशिश करने वालों पर गोली चलानी पड़ी। गृह मंत्री गोविंददास कोंथौजम ने कन्फर्म किया कि सीआरपीएफ पोस्ट पर धावा बोलने की कोशिश में दो आम लोग मारे गए, जबकि तीन को गोली लगी है और उनका इलाज चल रहा है। प्रदर्शनकारियों ने गेट पर जलती हुई लकड़ियां जमा करके मोइरांग पुलिस स्टेशन को भी ब्लॉक कर दिया। इंफाल में विरोध और बढ़ गया, जहां कई लोगों ने सड़कें ब्लॉक कर दीं, टायर जला दिए और ट्रैफिक में रुकावट डाली। सभी बिजनेस की जगहें बंद रहीं।

### पुलिस चौकी तोड़ी, कर्फ्यू के बाद इंटरनेट बंद

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में मंगलवार सुबह एक भीषण बम हमले के बाद तनाव चरम पर है। संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा किए गए इस हमले में दो मासूम बच्चों की मौत हो गई, जिसके बाद पूरे राज्य में हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़कों पर उतरकर टायर जलाए और प्रदर्शन किया। गुस्साई भीड़ ने मोईरंग पुलिस स्टेशन के गेट पर आग लगा दिया और एक पुलिस चौकी को तहस-नहस कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने एक पेट्रोल पंप के पास दो तेल टैंकरों और एक ट्रक को आग के हवाले कर दिया। स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए घाटी के 4 जिलों (इम्फाल पूर्व, इम्फाल प. बिष्णुपुर व काकचिंग) में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है। अफवाहों को रोकने 5 जिलों (इम्फाल पूर्व, इम्फाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग व बिष्णुपुर) में मोबाइल इंटरनेट, ब्रॉडबैंड और वीपीएन सेवाओं को 3 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है।

**दिल्ली विधानसभा घुसपैठ मामला**

# आरोपी सरबजीत को 8 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में हुई सेंधमारी के मामले में तीस हजारी कोर्ट ने मंगलवार को आरोपी सरबजीत सिंह को 8 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने कोर्ट से 10 दिनों की रिमांड मांगी थी, ताकि इस घटना के पीछे की किसी बड़ी साजिश या 'आतंकी एंगल' की जांच की जा सके। पुलिस आरोपी का वह मोबाइल फोन भी बरामद करना चाहती है, जिसे उसने कथित तौर पर फेंक दिया था।

दरअसल, 6 अप्रैल को सरबजीत अपनी सफेद टाटा सिएरा (यूपी-26 एजेड 8090) कार से विधानसभा के गेट नंबर 2 के बैरियर को तोड़ते हुए अंदर घुस गया था। परिसर में घुसने के बाद उसने विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की कार के पास एक गुलदस्ता रखा और भाग गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सरबजीत का भांजा 1 अप्रैल से लापता है। वह इस घटना के जरिए पुलिस और अधिकारियों



का ध्यान अपने भांजे के केस की ओर खींचना चाहता था। बचाव पक्ष के वकील और परिवार का दावा है कि सरबजीत मानसिक रूप से अस्थिर है और दिसंबर 2025 से उसका इलाज चल रहा है। वकील ने यह भी दलील दी कि वह विधानसभा को गलती से गुरुद्वारा समझकर अंदर घुस गया था। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में हत्या के प्रयास, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सरकारी काम में बाधा डालने जैसी गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

### पीलीभीत से निकला आरोपी 5 दिन से लापता था, किसान आंदोलन का समर्थक रह चुका

आरोपी सरबजीत सिंह (37) को लेकर कई खुलासे हुए हैं। वह उप्र के पीलीभीत का रहने वाला है। वह 1 अप्रैल को पीलीभीत स्थित अपने घर से निकला था और करीब 5 दिनों तक उसका कोई अता-पता नहीं था। इस दौरान उसने परिवार से एक बार फोन पर बात की थी, लेकिन सही लोकेशन के बारे में कुछ नहीं बताया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि वह 2020-21 के किसान आंदोलन का सक्रिय समर्थक रहा था। उसने सोशल मीडिया पर इससे जुड़े कई पोस्ट किए थे, जिन्हें बाद में डिलीट कर दिया गया। वह बड़े भाई के साथ मिलकर चावल मिल चलाता है। उसके परिवार के अनुसार, वह पिछले कुछ समय से व्यक्तिगत कारणों से डिप्रेशन का शिकार था।

## वंदे भारत के खाने में कीड़े मिलने पर 10 लाख जुर्माना

**अहमदाबाद, जेएनएन।** अहमदाबाद-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस में खाने की गुणवत्ता, स्वच्छता को लेकर आई शिकायतों के बाद रेलवे ने सख्त कार्रवाई की है। एक यात्री द्वारा भोजन में जीवित कीड़े मिलने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा किए जाने के बाद भारतीय रेलवे ने अपनी ही कंपनी आईआरसीटीसी 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। भोजन की आपूर्ति करने वाली निजी कैटरिंग कंपनी (में बृंदावन फूड प्रोडक्ट) पर 50 लाख का जुर्माना लगाया गया है। लापरवाही को देखते हुए संबंधित वेंडर का लाइसेंस रद्द करने और उसका कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने के आदेश दिए गए हैं।

### असम, केरल, पुडुचेरी में थमा प्रचार, कल मतदान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान मंगलवार को शाम 5 बजे (केरल में कुछ जगहों पर शाम 6 बजे) समाप्त हो गया है। अब इन राज्यों में 48 घंटे का 'साइलेंस पीरियड' (मौन अवधि) शुरू हो गया है, जिसके दौरान किसी भी प्रकार के सार्वजनिक प्रचार, रैलियों या राजनीतिक विज्ञापनों पर रोक रहेगी। इन तीनों राज्यों/केंद्र शासित प्रदेश में 9 अप्रैल गुरुवार को एक ही चरण में मतदान होगा। इनमें केरल में 140 सीटें, असम में 126 सीटें, पुडुचेरी में 30 सीटें शामिल हैं। वोटों की गिनती और चुनाव परिणामों की घोषणा 4 मई को की जाएगी। प्रचार के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सहित विभिन्न दलों के दिग्गज नेताओं ने जनसभाएं और रोड शो करके मतदाताओं को रिझाने की पूरी कोशिश की।


**मैक्स हॉस्पिटल नागपुर के डॉक्टरों की एक और उपलब्धि**

## एडवांस्ड कोलन कैंसर से पीड़ित 86 साल के मरीज की हुई रोबोट-असिस्टेड सर्जरी

**जबलपुर।** बुजुर्ग मरीजों के कैंसर इलाज में नई सर्जिकल तकनीक कैसे मदद कर रही है, इसका उदाहरण पेश करते हुए, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर के डॉक्टरों ने रोबोट-असिस्टेड सर्जरी से स्टेज 2 कोलन कैंसर से पीड़ित 86 साल की महिला का सफल इलाज किया। सर्जरी के बाद, महिला जल्दी ठीक हो गई और सिर्फ़ पाँच दिनों में घर लौट आई। कोलन कैंसर उम्र बढ़ने के साथ आम होता जा रहा है। लेकिन बुजुर्ग मरीजों का इलाज करना चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि उनकी शारीरिक क्षमता कम होती है और अक्सर उन्हें कई अन्य बीमारियाँ भी होती हैं। मरीज पिछले एक महीने से पेट दर्द, पेट फूलना, उल्टी और खाने में कठिनाई की शिकायत लेकर मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर आईं। जांच में उनके आंत में लगभग टेनिस बॉल के आकार (6×5.5×4 सेंटीमीटर) का ट्यूमर पाया गया, जिससे आंत ब्लॉक हो गई थी और तुरंत सर्जरी की जरूरत थी। सर्जरी की योजना एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर टीम के साथ चर्चा के बाद बनाई गई। इसके बाद, डॉ. अभिनव देशपांडे, डायरेक्टर सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक ऑन्कोसर्जरी, मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर ने रोबोट-असिस्टेड कोलन सर्जरी करने का निर्णय लिया।



इस केस पर टिप्पणी करते हुए डॉ. अभिनव देशपांडे ने कहा कि यह केस खासकर चुनौतीपूर्ण था क्योंकि मरीज बहुत बुजुर्ग थीं और उनकी सेहत जटिल थी। उन्हें लंबे समय से हाई ब्लड प्रेशर और एट्रियल फिब्रिलेशन की समस्या थी, और पहले दो स्ट्रोक भी आ चुके थे, जिससे उन्हें निगलने और बोलने में दिक्कत कठिनाई होती थी। इस वजह से पारंपरिक ओपन सर्जरी में हृदय या सांस की समस्याओं और ठीक होने में लंबा समय का खतरा बढ़ जाता। हमारा मुख्य लक्ष्य ट्यूमर को सुरक्षित रूप से निकालना और शरीर पर सर्जरी का तनाव कम करना था। इसलिए हमने रोबोट-असिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी का विकल्प चुना। इससे हम ज्यादा सटीकता से ऑपरेशन कर पाते हैं और मरीज के शरीर पर तनाव कम होता है।

छः घंटे लंबी यह सर्जरी अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक का उपयोग करके की गई, जो छोटे चीरे के माध्यम से ऑपरेशन करने में मदद करती है और डॉक्टर को 3डी में बड़ा और साफ दृश्य देती है। यह मिनिमली इनवेसिव तरीका सर्जरी के दौरान चोट और रक्तस्राव को कम करता है, जो बुजुर्ग और उच्च-जोखिम वाले मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है। टीम ने इस दौरान स्टोमा (आंत को बाहर निकालने की जरूरत) की आवश्यकता को भी टाल दिया। सर्जरी के बाद मरीज जल्दी ठीक होने लगीं। अगले ही दिन वह मदद से बैठने और चलने में सक्षम हुईं। दूसरे दिन से उन्होंने लिक्विड और नरम भोजन लेना शुरू किया। उनकी हालत में लगातार सुधार होने के बाद पांचवें दिन उन्हें स्थिर स्थिति में घर भेज दिया गया। डॉ. देशपांडे ने आगे कहा कि कैंसर के इलाज में केवल उम्र को रुकावट नहीं मानना चाहिए। सही योजना और रोबोटिक- असिस्टेंस जैसी आधुनिक मिनिमली इनवेसिव तकनीक से बुजुर्ग और जटिल स्वास्थ्य वाले मरीज भी सुरक्षित सर्जरी करवा सकते हैं। रोबोटिक सिस्टम सटीक ऑपरेशन और कम शारीरिक तनाव देता है, जिससे रिकवरी तेज़ होती है। यह केस दिखाता है कि मरीजों को सिर्फ उम्र के कारण इलाज से मना नहीं करना चाहिए।


### तमिल एक्ट्रेस सुभाषिनी सुब्रमण्यम का शव मिला



**चेन्नई, जेएनएन।** तमिल टेलीविजन इंडस्ट्री की 36 वर्षीय लोकप्रिय अभिनेत्री सुभाषिनी सुब्रमण्यम (जिन्हें सुभाषिनी बालासुब्रमण्यम के नाम से भी जाना जाता है) का शव सोमवार को चेन्नई के अय्यप्पनथंगल स्थित उनके अपार्टमेंट में मिला है। शुरुआती जांच में पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मानकर चल रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सुभाषिनी पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव और व्यक्तिगत समस्याओं से जूझ रही थीं। उनकी शादी लगभग दो साल पहले हुई थी, लेकिन वह अपने पति से अलग रह रही थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चूंकि शादी को अभी दो साल ही हुए थे, इसलिए नियमों के अनुसार राजस्व मंडल अधिकारी (आरडीओ) भी इस मामले की जांच कर रहे हैं। सुभाषिनी मूलरूप से श्रीलंका की रहने वाली थीं। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 2012 में फिल्म 'इनी अवन' से की थी। वह तमिल टेलीविजन के लोकप्रिय धारावाहिक 'कायल' में अपने अभिनय के लिए जानी जाती थीं।

**ईरान का बेबी बम** समुद्र में ही मचा देता है तबाही, आसान नहीं होगा युद्ध

# होर्मुज में बिछाया मिनी पनडुब्बियों का जाल

**तेहरान, जेएनएन।** ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में अपनी गादिर-क्लास मिनी पनडुब्बियों का एक घातक जाल बिछाया है, जिन्हें 'बेबी बम' या 'साइलेंट हंटर्स' के रूप में जाना जा रहा है।

ये पनडुब्बियां इतनी छोटी और शांत हैं कि इन्हें समुद्र के नीचे ढूंढना और नष्ट करना अमेरिकी नौसेना के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। बेबी पनडुब्बियां (गादिर-क्लास) 29 मीटर लंबी हैं और महज 30 मीटर के छिछले पानी में भी आसानी से काम कर सकती हैं, जो होर्मुज के संकरे रास्तों के लिए एकदम सटीक है। इनका इंजन बहुत कम शोर करता है। ये पनडुब्बियां समुद्र के तल पर 'बैठ' सकती हैं और इंजन बंद होने पर सोनार सिस्टम में किसी साधारण चट्टान जैसी दिखती हैं।




ये 'हूत' सुपरकैविटेटिंग टॉरपीडो (स्पीड 350+ किमी/घंटा) और जास्क-2 क्रूज मिसाइलें दाग सकती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इनका सबसे बड़ा खतरा चोरी-छिपे समुद्री सुरंगें बिछाना है, जो तेल टैंकरों को तबाह कर वैश्विक तेल आपूर्ति को हफ्तों के लिए रोक सकती हैं। अमेरिका की विशालकाय ओहायो-क्लास पनडुब्बियां (170 मीटर) इन छिछले पानी में संघर्ष करती हैं, वहीं ईरान की छोटी पनडुब्बियां आसानी से घात लगाकर हमला कर सकती हैं। होर्मुज का रास्ता बहुत संकरा है। ईरान ने इन पनडुब्बियों को समुद्र के अंदर बनी गुफाओं और सुरंगों से तैनात किया है, जिससे उपग्रहों के लिए इनका पता लगाना नामुमकिन हो जाता है। होर्मुज से दुनिया का लगभग 20 फीसदी तेल गुजरता है। ईरान ने चेतावनी दी है कि किसी भी हमले की स्थिति में वह इस रास्ते को पूरी तरह बंद कर सकता है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था ठप हो सकती है। वर्तमान में, ईरान ने इन पनडुब्बियों के जरिए होर्मुज को एक 'किल जोन' में बदल दिया है, जिससे सीधी सैन्य कार्रवाई का जोखिम बहुत बढ़ गया है।


### प. एशिया तेल संकट का चीन पर असर नहीं

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एक ओर कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं, वहीं चीन पर इसका असर बाकी दुनिया के मुकाबले कम दिखाई दे रहा है। इसकी वजह यह है कि चीन खुद को कई सालों से ऐसे हालात के लिए तैयार कर रहा था। चीन दुनिया का सबसे बड़ा तेल खरीदने वाला देश है, इसलिए अगर तेल की सप्लाई में रुकावट आती है, तो उसे सबसे ज्यादा नुकसान होना चाहिए था, लेकिन चीन ने पहले से ही बड़ी मात्रा में तेल जमा करके रखा हुआ है। इसके अलावा चीन बिजली से चलने वाले सिस्टम पर शिफ्ट कर चुका है और कोयले से भी जरूरी चीजें बना रहा है। चीन ने धीरे-धीरे अपनी ऊर्जा पॉलिसी को इस तरह बदला कि वह वैश्विक सप्लाई शॉक का सामना कर सके। सरकार ने अहम सेक्टर्स में निवेश बढ़ाया और इंडस्ट्रियल स्ट्रेंथ को राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा बनाया।

### पाकिस्तान में बाजार 8 बजे, रेस्टोरेंट 10 बजे बंद, शादी समारोहों पर भी पाबंदी

इधर, पाकिस्तान सरकार ने मंगलवार से देशभर में ऊर्जा बचाने और तेल संकट से निपटने के लिए सख्त स्मार्ट लॉकडाउन जैसे नियमों की घोषणा की है। मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष के कारण तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है, जिससे निपटने के लिए ये कदम उठाए गए हैं। बाजार और शॉपिंग मॉल को रात 8 बजे तक बंद करना अनिवार्य किया गया है। रेस्टोरेंट और बेकरी रात 10 बजे तक बंद करने का आदेश दिया गया है। मैरिज हॉल, मार्की और यहां तक कि निजी घरों में होने वाली शादियों पर भी रात 10 बजे के बाद पाबंदी रहेगी। हालांकि, केवल मेडिकल स्टोर, फार्मेसी और पेट्रोल पंप जैसी आवश्यक सेवाओं को बाहर रखा गया है। यह आदेश पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान, इस्लामाबाद, गिलगित-बाल्टिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में लागू है। सिंध में व्यापारिक संगठनों के साथ परामर्श चल रहा है, इसलिए वहां इसे अभी लागू नहीं किया है।

## बाजार पर नजर




शेयर बाजार में आज

510

74,617

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Wipro | 205.27 | 3.77% |
| Hindalco | 964.90 | 2.92% |
| HCL Tech | 1,446.50 | 2.73% |
| TCS | 2,543.90 | 2.66% |
| Infosys | 1,345.10 | 2.54% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Dr Reddys Labs | 1,179.00 | -1.78% |
| Adani Enterpris | 1,865.00 | -1.06% |
| Interglobe Avi | 4,180.00 | -1.01% |
| Apollo Hospital | 7,220.50 | -0.63% |
| M&M | 2,949.50 | -0.50% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 92.9800 |
| € यूरो | 107.51 |
| ¥ येन | 0.5824 |
| £ पौंड | 123.34 |

### ग्लोबल मार्केट में विमान ईंधन की कीमतें दोगुनी होने का असर

# एयर इंडिया ने बढ़ाया फ्यूल सरचार्ज घरेलू हवाई सफर 899 रुपए महंगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एअर इंडिया ने घरेलू उड़ानों के लिए फ्यूल सरचार्ज बढ़ा दिया है। इससे हवाई सफर महंगा हो जाएगा। ग्लोबल मार्केट में विमान ईंधन की कीमतों में आई तेजी के बाद एयरलाइन ने यह फैसला लिया है। नई दरें आज से प्रभावी होंगी। एयरलाइन के मुताबिक, जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी होने से लागत बढ़ गई है। विमान ईंधन की औसत कीमत 195.19 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई है, जो फरवरी के अंत में 99.40 डॉलर थी। इससे पहले इंडिगो ने भी फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया था। एयरलाइंस का फ्यूल सरचार्ज टिकट पर लगने वाली वह एक्स्ट्रा फीस है, जो तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण वसूली जाती है। यह चार्ज एयरलाइंस को ईंधन के बढ़ते खर्चों से निपटने में मदद करता है। इसे कंपनियां टिकट के साथ जोड़ देती हैं।

### दूरी के हिसाब से लगेगा सरचार्ज

एयर इंडिया ने घरेलू उड़ानों के लिए एक फ्लैट सरचार्ज व्यवस्था को खत्म कर दिया है। अब यात्रियों को दूरी के आधार पर पैसे देने होंगे। सरचार्ज 299 रुपए से शुरू होकर 899 रुपए तक जाएगा। यह नियम एयर इंडिया के साथ-साथ एयर इंडिया एक्सप्रेस पर भी लागू होगा।




### पूरा बोझ यात्रियों पर नहीं डाल रहे: एयरलाइन

कंपनी का कहना है कि विमान ईंधन की लागत सिर्फ कच्चे तेल की वजह से नहीं, बल्कि रिफाइनिंग मार्जिन बढ़ने के कारण भी बढ़ी है। एयरलाइन ने कहा कि कंपनी अभी भी इस बोझ का एक हिस्सा खुद वहन कर रही है। पूरा बोझ यात्रियों पर नहीं डाल रहे हैं। एयरलाइन बाजार की स्थितियों के आधार पर समय-समय पर इन दरों की समीक्षा करेगी।

### इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर 280 डॉलर तक बढ़ोतरी

विदेशी रूट्स पर भी फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया गया है। सार्क देशों के लिए यह चार्ज 24 डॉलर से शुरू होगा। वहीं, अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे लंबी दूरी के रूट्स के लिए यात्रियों को 280 डॉलर यानी करीब 23,000 ज्यादा चुकाने होंगे।

### सबसे बड़ा खर्च है जेट फ्यूल

जेट फ्यूल की कीमतें बढ़ने के चलते दुनियाभर की एयरलाइंस ने न सिर्फ टिकट के दाम बढ़ा दिए हैं, बल्कि अपने भविष्य के वित्तीय अनुमानों यानी फाइनेंशियल आउटलुक को भी वापस लिया है। एयरलाइंस के लिए जेट फ्यूल सबसे बड़ा खर्च होता है। कुल ऑपरेटिंग खर्च में इसकी हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत होती है।

### ऐसे तय होती है एयरलाइन टिकट की कीमत

- **बेस फेयर** : एयरलाइन की मुख्य सर्विस फीस होती है।
- **फ्यूल सरचार्ज** : तेल की कीमतों के आधार पर यह घटता-बढ़ता रहता है।
- **एयरपोर्ट टैक्स:** रनवे और टर्मिनल के इस्तेमाल के लिए दिया जाने वाला चार्ज।
- **यूजर डेवलपमेंट फीस:** एयरपोर्ट अथॉरिटी एयरलाइनंस से यह शुल्क लेती है।

### दूसरे देशों के लिए सरचार्ज की स्थिति

| | |
|---|---|
| सिंगापुर | : 60 डॉलर |
| पश्चिम एशिया | : 50 डॉलर |
| साउथ ईस्ट एशिया | : 100 डॉलर |
| अफ्रीका | : 130 डॉलर |
| यूरोप और यूके | : 205 डॉलर |

# सैमसंग, वीवो और ओप्पो ने अपने स्मार्टफोन्स की कीमतें 40% बढ़ाईं

### कंपनियों ने बढ़ी हुई लागत का बोझ ग्राहकों पर डाला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में सैमसंग, वीवो और ओप्पो जैसे ब्रांड्स ने अपने स्मार्टफोन की कीमतें 40 प्रतिशत तक बढ़ा दी हैं। कंपनियों ने इसकी वजह दुनियाभर में चल रही चिप की शॉर्टेज को बताया है। इसके अलावा, अमेरिका-ईरान जंग की वजह से सप्लाई प्रभावित होने के कारण प्लास्टिक पैकेजिंग भी महंगी हो गई है। इससे कंपनियां अब बढ़ी हुई लागत का बोझ ग्राहकों पर डाल रही हैं। ओप्पो-ओप्पो ने अपने 5 मॉडल्स की कीमतों में 2,000 की फ्लैट बढ़ोतरी की है। इसमें बजट फोन ए-6एक्स से लेकर प्रीमियम ए6 प्रो तक शामिल हैं।

### अगले महीनों में और भी बढ़ेंगे दाम

ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, मोबाइल कंपनियों ने दुकानदारों को ईमेल भेजकर साफ कर दिया है कि ये बढ़ी हुई कीमतें अब स्थायी हैं। रिटेलर्स का कहना है कि उन्हें अगले कुछ महीनों में और भी दाम बढ़ने के संकेत मिले हैं। शाओमी ने भी अपने रेडमी पैड और 6 अन्य स्मार्टफोन्स की कीमतों में 32 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है, जबकि रियलमी ने अपने कुछ मॉडल्स के दाम बढ़ाए हैं।




### फोन 4000 तक होंगे महंगे

पिछले साल देश में बिके कुल 15.2 करोड़ स्मार्टफोन में से 47 प्रतिशत हिस्सेदारी वीवो, सैमसंग और ओप्पो की थी।

- **सैमसंग-**कंपनी ने अपने मिड-रेंज फोन गैलेक्सी ए-56 (47,999) को अब ए-57 के नाम से उतारा है, जिसकी कीमत 62,499 रखी गई है। यह करीब 30 प्रतिशत महंगा हुआ है। इसी तरह ए-37 की कीमत भी 36 प्रतिशत बढ़ी है।
- **वीवो-**कंपनी ने अपने बजट स्मार्टफोन वीवो टी4 लाइट की कीमत 9,999 से बढ़ाकर सीधे 13,999 कर दी है। यह लगभग 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

### क्यों हुए स्मार्टफोन महंगे

- **चिप की किल्लत**-एआईटेक्नोलॉजी की बढ़ती डिमांड की वजह से चिप बनाने वाली कंपनियां जैसे एनवीडिया अपना पूरा ध्यान एआई मेमोरी चिप्स पर लगा रही हैं। काउंटरपॉइंट इंडिया के मुताबिक, स्मार्टफोन मेमोरी चिप्स की कीमतें दिसंबर से फरवरी के बीच 120 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं।
- **मिडल-ईस्ट की जंग**-अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की वजह से ग्लोबल सप्लाई प्रभावित हो रही है। इस कारण प्लास्टिक जैसे कच्चे माल की कीमतें बढ़ गई हैं, जिसका इस्तेमाल फोन की बॉडी बनाने में होता है। साथ ही पैकेजिंग का सामन भी महंगा हो गया है।

## जिंदल स्टेनलेस ने रणवीर सिंह को बनाया 'ब्रांड एंबेसडर'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की प्रमुख स्टेनलेस स्टील विनिर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने अभिनेता रणवीर सिंह को अपना पहला 'ब्रांड एंबेसडर' और देशव्यापी 'सेलिब्रिटी एंडोर्सर' बनाने की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि इस कदम का मकसद अपने ब्रांड का उपभोक्ताओं से जुड़ाव मजबूत करना है। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, जिंदल स्टेनलेस अपने विकास के अगले चरण में प्रवेश कर रही है। रणवीर सिंह का व्यक्तित्व और दर्शकों से उनका मजबूत जुड़ाव उन्हें एक उपयुक्त विकल्प बनाता है, जो देशभर के लोगों तक स्टेनलेस स्टील की बहुमुखी उपयोगिता को पहुंचाने में मदद करेगा।

## एचडीएफसी ने ब्याज दरें बदलीं, ईएमआई पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एचडीएफसी बैंक ने अपनी ब्याज दरों में बदलाव किया है। इसका असर बैंक लोन की ईएमआई पर पड़ेगा। बैंक ने कुछ टेन्योरे के लोन के लिए अपने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट्स (एमसीएलआर) में 0.05 प्रतिशत की कटौती की है। नई दरें 7 अप्रैल, 2026 से लागू हो गई हैं। बैंक की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, एमसीएलआर से जुड़े लोन लेने वालों को इस बदलाव से सीधे तौर पर फायदा होने की उम्मीद है। इस अपडेट के बाद एचडीएफसी बैंक का एमसीएलआर अब 8.10 फीसदी से 8.55 फीसदी के बीच है। पहले यह 8.15 फीसदह से 8.55 फीसदी के बीच था। यह लोन की अवधि पर निर्भर करता है।

**कम अवधि के टेन्योर पर होगा लागू** : यह बदलाव मुख्य रूप से छोटी अवधि के टेन्योर पर लागू होता है। जबकि ज्यादातर मध्यम और लंबी अवधि के एमसीएलआर रेट्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है। विशेष रूप से ओवरनाइट और एक महीने के एमसीएलआर रेट्स को 8.15 फीसदी से घटाकर 8.10 फीसदी कर दिया गया है। तीन महीने का एमसीएलआर 8.25 फीसदी से घटकर 8.20 फीसदी हो गया है।

### क्या है एमसीएलआर?

एमसीएलआर या मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट, वह न्यूनतम दर है जो कोई बैंक लोन पर ले सकता है। यह ब्याज दरों के लिए निचली सीमा तय करता है। इससे यह पक्का होता है कि उधार लेने वालों से एक तय सीमा से कम दर नहीं ली जाएगी, जब तक कि आरबीआई इसकी इजाजत न दे। 2016 में शुरू किया गया यह बेंचमार्क होम, पर्सनल और बिजनेस लोन के लिए एक जरूरी रेफरेंस बन गया है।

## वित्तीय वर्ष में जिला बैंकों को मिला 10 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मौजूदा वित्तीय वर्ष के दौरान जिला सहकारी बैंकों को 10 लाख नए सदस्य बनाने होंगे। इसके लिए अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए है। अपेक्स बैंक के प्रशासक डीपी.अहूजा ने ऐसे अधिकारी कर्मचारियों को चिन्हित करने को निर्देश भी दिए,जिन पर गबन-धोखाधड़ी जैसी गतिविधियों में लिप्त होने की शिकायतें सामने आई है। उन्होंने साफ कहा कि इस मामले में कठोर प्रशासनिक दण्ड देने में कोई ढील ना दी जाये। अपेक्स बैंक परिसर में मंगलवार को प्रदेश के 38 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें मौजूद प्रमुख सचिव सहकारिता एवं प्रशासक अपेक्स बैंक डी.पी.आहूजा ने केसीसी व ऋण वितरण, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, अमानत संग्रहण आदि की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी सी.ई.ओ. आगामी वित्तीय वर्ष में प्रदेश में 10 लाख नये सदस्यों को पैक्स के माध्यम से जोड़ने के लक्ष्य को लेकर योजनाबद्ध रणनीति बनाकर कार्य करें । उन्होंने कहा कि इस कार्य में वर्तमान में भले ही चुनौतियां ज्यादा हैं, लेकिन इसके दूरगामी सकारात्मक एवं लाभप्रद परिणाम से मध्यप्रदेश का सहकारी साख आन्दोलन अत्यन्त सुदृढ़ एवं सशक्त बनेगा। आहूजा ने कहा कि अपने बैंक के प्रशासक के सतत् सम्पर्क में रहकर विभिन्न शासकीय योजनान्तर्गत शासन से प्राप्त होने वाली राशियों का डिपाजिट अपनी जिला बैंक को दिलाने की दिशा में प्रयास करते रहें । इसके लिये यदि कहीं शासन स्तर पर मदद की आवश्यकता हो तो अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक के माध्यम से अवगत करायें, ताकि यथासंभव आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा सके ।

## ट्रायम्फ ने लॉन्च की ट्रैकर 400

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ट्रायम्फ ने भारतीय बाजार में अपनी नई मोटरसाइकल ट्रैकर 400 लॉन्च कर दी है और सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसका नाम भले ट्रैकर 400 हो, लेकिन इसमें इंजन 350 सीसी का लगा है। 350 सीसी सेगमेंट में ट्रायम्फ इंडिया ने ट्रैकर 400 के जरिये धांसू एंट्री मारकर रॉयल एनफील्ड के लिए बड़ी चुनौती पेश कर दी है। 2.46 लाख रुपये की एक्स शोरूम प्राइस में आई यह मोटरसाइकल फ्लैट ट्रैक बाइक अपने इंटरनैशनल मॉडल की तरह ही दिखती है और इसमें रेसिंग येलो, फैंटम ब्लैक अल्यूमिनियम सिल्वर ग्लॉस कलर ऑप्शन मिलते हैं। भारत में 350 सीसी तक की बाइक पर 18 फीसदी ही जीएसटी लगने के बाद ट्रायम्फ के लिए यह मूव काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। फ्लैट ट्रैकर इंस्पायर्ड मोटरसाइकल ट्रैकर 400 ट्रायम्फ इंडिया के लिए गेमचेंजर साबित हो सकती है और यहां स्थापित कंपनियों के पॉपुलर बाइक्स के ग्राहक चुरा सकती है। इसमें 350 सीसी का लिक्विड कूल्ड सिंगल सिलिंडर इंजन लगा है, जो कि 8750 आरपीएस पर 40 पीएस की पावर और 7500 आरपीएम पर 32 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करता है। यह इंजन ट्रैकर के ग्लोबल स्पेक 400सीसी इंजन के मुकाबले 2 बीएचपी और 5.5 एनएम टॉर्क कम जेनरेट करता है। इसमें 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ ही टॉर्क असिस्ट क्लच देखने को मिलते हैं। यह बाइक महज 7.6 सेकेंड में 0-100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है और टॉप स्पीड 154 किमी प्रतिघंटा है।

**लुक-डिजाइन और फीचर्स**

ट्रायम्फ इंडिया की नई 350 सीसी बाइक ट्रैकर 400 के लुक और डिजाइन की बात करें तो इसमें फ्लैट ट्रैक सिल्हूट के साथ क्लासिक ट्रायम्फ डिजाइन, रेस इंस्पायर्जड स्टाइलिंग, स्पीड 400 के मुकाबले ज्यादा स्पोर्टी लुक और एर्गोनॉमिक्स, फ्यूल टैंक पर प्रमुखता से दिख रही ट्रैकर लेटरिंग, स्लीक रेसिंग स्ट्राइप्स और मड स्प्लेटर दिखती हैं। ट्रायम्फ ट्रैकर 400 में फ्लैट और वाइड हैंडलबार, शार्पर हैंडलिंग के लिए डेडिकेटेड चेसिस, कलर कोडेड सीट काउल, फ्लाई स्क्रीन, नए स्टाइल वाले डुअल स्पोक व्हील्स, 43 एमएम का अपसाइड डाउन फ्रंट फॉर्क्स, रियर गैस मोनोशॉक, 805 एमएम की सीट हाइट, स्विचेबल ट्रैक्शन कंट्रोल, सिंगल डायल एनालॉग स्पीडोमीटर, डिजिटल टेकोमीटर और एबीएस समेत काफी सारी और भी खूबियां मिलती हैं।

## दिव्यांगों को जारी हुआ रेलवे का रियायती पास

**नगर संवाददाता, भोपाल।** शारीरिक रूप से दिव्यांग यात्रियों की सुविधा और यात्रा को आसान बनाने के लिए रेलवे द्वारा रियायती पास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। भोपाल रेल मंडल में यह सुविधा ऑनलाइन आवेदन पर उपलब्ध है। इस वितीय वर्ष 2025-2026 में कुल 1414 रेलवे दिव्यांग जारी किए गये। रियायत कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा है जिससे दिव्यांगों को अनावश्यक परेशानी का सामना ना करना पड़े। दिव्यांग अभी भी जानकारी के अभाव में इस ऑनलाइन आवेदन सुविधा का पूरी तरीके से लाभ नहीं ले पा रहे है। साथ ही निर्धारित प्रकिया के अनुरूप ऑनलाइन आवेदन न करने, गलत आवेदन, अपूर्ण आवेदन, सही दस्तावेज को संलग्न न करने के कारण ऑनलाइन आवेदन अस्वीकृत होते है। दिव्यांग आवेदक को ऑनलाइन फॉर्म भरते अथवा जानकर सहयोगी से भराते समय सावधानीपूर्वक सही जानकारी एवं उपयुक्त दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

### इंदौर में लादेन नामक ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**जागरण, इंदौर।** खुद को 'ओसामा' बताकर खौफ फैलाने वाले ड्रग तस्कर को खजराना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इतना ही नहीं आरोपी के पास से पुलिस ने 100 ग्राम एमडी ड्रग भी बरामद की है। शहर में उसे 'लादेन' नाम से जाना जाता था और वह इसी नाम का इस्तेमाल कर लोगों में डर बैठाता था। पुलिस के मुताबिक आरोपी ओसामा चंदन नगर इलाके का रहने वाला है। उसकी शक्ल और नाम कुख्यात आतंकी ओसामा बिन लादेन से मिलते-जुलते होने से लोग उसे 'लादेन' कहकर बुलाते थे। बस आरोपी को भी अच्छा लगा और उसने इसी नाम का इस्तेमाल कर अपना रौब जमाना शुरू कर दिया था।

## शिवपुरी, दतिया सहित चार जिलों में बारिश, 70 की स्पीड से चली हवा

**नगर संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में मौसम बार बार बदल रहा है। मंगलवार को दिन में जहां बादल साफ था और तेज धूप के कारण गर्मी में इजाफा हुआ था। वहीं शाम होते ही कई जिलों में बादल छाए और शिवपुरी, दतिया, धार, पीथमपुर व झाबुआ में तेज बारिश हुई। वहीं रतलाम में धूल भरी हवाएं चली। मौसम विभाग ने शाम के समय भिंड और श्योपुर में मध्यम गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने और ओले गिरने का अलर्ट भी जारी किया। मुरैना, शिवपुरी, श्योपुर, ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, गुना, अशोकनगर, टीकमगढ़, सतना के चित्रकूट और रीवा जिलों में हल्की गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई। मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार शाम को करीब 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने धूल भरी आंधी का असर पैदा किया। वहीं, भोपाल में भी बादल छाए रहे। मौसम केंद्र भोपाल ने 9 अप्रैल तक तेज आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया है। 8 और 9 अप्रैल को भी ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग के जिलों में सिस्टम का असर रहेगा।




### तीन दिन बाद नया सिस्टम

मौसम विभाग की माने तो 11 अप्रैल को उत्तर-पश्चिमी हिस्से में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होगा। जिसका असर प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में तेज आंधी भी चलेगी। कुछ जिलों में इसकी अधिकतम रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रहेगी। बाकी में 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलेगी। इससे पहले 4, 5 और 6 अप्रैल को प्रदेश में सिस्टम की स्ट्रॉन्ग एक्टिविटी देखने को मिल चुकी है। 4 अप्रैल को तो 14 जिलों में ओलावृष्टि और 39 जिलों में तेज आंधी-बारिश का दौर रहा था। रविवार को भी मौसम का मिजाज बदला रहा। कहीं तेज आंधी चली तो कहीं बारिश भी हुई। सोमवार को कहीं-कहीं बारिश का दौर बना रहा।

### 11 अप्रैल को नया सिस्टम

मौसम विभाग की माने तो 11 अप्रैल को उत्तर-पश्चिमी हिस्से में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होगा। जिसका असर प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है।

### अप्रैल में एमपी में दिखा कश्मीर जैसा नजारा

इससे पहले 4, 5 और 6 अप्रैल को प्रदेश में सिस्टम की स्ट्रॉन्ग एक्टिविटी देखने को मिल चुकी है। 4 अप्रैल को तो 14 जिलों में ओलावृष्टि और 39 जिलों में तेज आंधी-बारिश का दौर रहा था। रविवार को भी मौसम का मिजाज बदला रहा। कहीं तेज आंधी चली तो कहीं बारिश भी हुई। सोमवार को कहीं-कहीं बारिश का दौर बना रहा।

### 50 से 60किमी/ प्रतिघंटा से चलेगी आंधी

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में तेज आंधी भी चलेगी। कुछ जिलों में इसकी अधिकतम रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रहेगी। बाकी में 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलेगी।

### अप्रैल-मई में सबसे ज्यादा गर्मी

जिस तरह दिसंबर-जनवरी में सर्दी और जुलाई-अगस्त में सबसे च्यादा बारिश होती है, उसी तरह गर्मी के दो प्रमुख महीने अप्रैल और मई हैं। इस बार मध्यप्रदेश में मार्च के दूसरे पखवा? में पारा 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा था।

**व्यापार**

### पश्चिम एशिया में फंसे कई देशों से भारत खरीदता है प्रमुख उत्पाद

# युद्ध और संघर्षों से भारतीय आयात हुआ प्रभावित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया में फिलहाल कई मोर्चों पर संघर्ष चल रहा है। एक तरफ रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास के बीच संघर्ष जारी है, तो दूसरी तरफ अमेरिका-इजरायल और ईरान में जारी संघर्ष की वजह से मिडिल ईस्ट में भी तनाव चरम पर है। मिडिल ईस्ट में जारी इस भीषण तनाव का सबसे ज्यादा असर कच्चे तेल की सप्लाई पर हो रहा है। इसका परिणाम यह है कि कई देशों की अर्थव्यवस्था भी इस प्रकोप से नहीं बची है।

अनुमान है कि आने वाले समय में यह और बढ़ने वाला है। ऐसे में जानें कि भारत संघर्षरत देशों से क्या-क्या आयात करता है। यूक्रेन से भारत को मुख्य रूप से सूरजमुखी का तेल, मक्का, लोहे और इस्पात के उत्पाद, उर्वरक, और विभिन्न प्रकार के रसायन निर्यात किए जाते हैं। सूरजमुखी का तेल सबसे प्रमुख आयात है, जो भारत की कुल आवश्यकता में बड़ा योगदान देता है। इसके अलावा, मशीनरी, परमाणु रिएक्टर, और विमान के पुर्जे भी यूक्रेन से भारत आते हैं।

### रूस के निर्यात में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी तेल की



रूस दुनिया का प्रमुख खनिज तेल और प्राकृतिक गैस निर्यातक है। रूस मुख्य रूप से भारत को कच्चा तेल, कोयला, उर्वरक, पेट्रोलियम उत्पाद, कीमती पत्थर (हीरे), और वनस्पति तेल निर्यात करता है। रूस से भारत को होने वाले कुल निर्यात में तेल की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक है। इन ऊर्जा उत्पादों के अलावा, रूस भारत को हथियार और मशीनरी उपकरण भी बड़ी मात्रा में भेजता है। रूस और बेलारूस दुनिया में नाइट्रोजन और पोटाश उर्वरकों का सबसे ज्यादा सप्लाई करते हैं। फर्टिलाइजर सप्लाई में दोनों देश बेहद जरूरी हैं।

### ईरान से 7 साल बाद शुरू हुई तेल आपूर्ति

ईरान से भारत मुख्य रूप से कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद (बिटुमेन, मेथनॉल), सूखे मेवे, जैविक रसायन, और सल्फर का आयात करता है। हाल ही में 2026 में, 7 साल के अंतराल के बाद ईरान से भारत में तेल की आपूर्ति फिर से शुरू हुई है। ईरान और मिडिल ईस्ट में तनाव की वजह से इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर, आई2यू2, सऊदी-इजरायल सामान्यीकरण, ऊर्जा और तेल आपूर्ति डील्स और वैश्विक निवेश जैसे कई देशों के बीच हुए समझौतों पर गहरा असर पड़ रहा है।

### रक्षा उपकरणों का बड़ा सप्लायर है इजरायल

इजरायल से भारत को मुख्य रूप से रक्षा उपकरण (मिसाइल, ड्रोन), मशीनरी, कीमती पत्थर/हीरे, रासायनिक उत्पाद, उर्वरक और चिकित्सा उपकरण निर्यात किए जाते हैं। इसके अलावा, इजरायल भारत को कृषि प्रौद्योगिकी और जल प्रबंधन तकनीक भी प्रदान करता है। सके अलावा तकनीक की दुनिया में इजरायल का दबदबा है। बड़ी-बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनियां, जिन पर आज के वक्त में पूरी दुनिया टिकी हुई है, इजरायल की देन है।

### शिक्षा पर हो रहा संघर्ष का असर

मौजूदा संघर्ष का असर शिक्षा पर भी हो रहा है। एक से दूसरे देश में लोग पढ़ाई और रोजगार के लिए जाते हैं। खासतौर से शिक्षा के लिए लोग दुनिया के एक से दूसरे कोने में जाते हैं। ऐसे में इस तनाव का असर शिक्षा पर भी हो रहा है।


# 42.5 प्रतिशत भारतीय स्वास्थ्य को रखते हैं पीछे

### सर्वे में खुलासा: 46 फीसदी नियमित नहीं रह पाते

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हाबिल्ड के एक नए सर्वे में सामने आया है कि भारत में स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता तो बढ़ रही है, लेकिन उसे रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाने में लोग पीछे रह रहे हैं। सर्वे के अनुसार, 42.5 फीसदी भारतीय व्यस्त समय में अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देते, जबकि 46 फीसदी लोग फिट रहने की कोशिश तो करते हैं, लेकिन नियमितता बनाए नहीं रख पाते।

रिपोर्ट बताती है कि 57.8 फीसदी लोग जानते हैं कि उनके लिए क्या अच्छा है, लेकिन उसे अपनाने में असफल रहते हैं यानी समस्या जानकारी की नहीं, बल्कि उसे जीवन में लागू करने की है।

यह सर्वे देशभर के 5000 से ज्यादा लोगों पर किया गया, जिसमें ज्यादातर प्रतिभागी 45 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं थीं। रिपोर्ट में बताया गया कि छोटे-छोटे समझौते स्वास्थ्य को पीछे धकेल रहे हैं।



### महिलाओं और पुरुषों में अलग चुनौतियां

- **महिलाएं:** परिवार और घरेलू जिम्मेदारियों के कारण अपनी सेहत को नजरअंदाज करती हैं
- **पुरुष:** फिट रहने की इच्छा ज्यादा, लेकिन अनुशासन और निरंतरता की कमी

### सबसे बड़ी बाधाएं

- 28 फीसदी: पारिवारिक जिम्मेदारियां
- 19.6 फीसदी: काम का तनाव
- 17.5 फीसदी: मोटिवेशन की कमी

## मैच 13: बारिश से प्रभावित 11-11 ओवर के मैच में रॉयल्स ने मुंबई को 27 रन से हराया

# राजस्थान ने लगाई जीत की हैट्रिक



### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)

| | |
|---|---|
| यशस्वी (राजस्थान) | 170 |
| समीर रिजवी (दिल्ली) | 160 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 145 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| रवि विश्नोई (राजस्थान) | 07 |
| नांद्रे बर्गर (राजस्थान) | 05 |
| विजयकुमार (पंजाब) | 05 |

### बाउंड्री मीटर



**208** छक्के
**388** चौके
**24** अर्धशतक


वैभव सूर्यवंशी ने 14 गेंदों पर 39 रन बनाए, जिसमें जसप्रीत बुमराह समेत स्टार गेंदबाजों के खिलाफ छक्के शामिल थे। उनकी आक्रामकता ने मुंबई के गेंदबाजों को दबाव में रखा।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.403 |
| पंजाब | 3 | 2 | 0 | 5 | 0.637 |
| बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.501 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.170 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.275 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.542 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.715 |
| कोलकाता | 3 | 0 | 2 | 1 | -1.964 |
| गुजरात | 2 | 0 | 2 | 0 | - 0.424 |
| चेन्नई | 3 | 0 | 3 | 0 | -2.517 |

**जेएनएन, गुवाहाटी**

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के धमाकेदार अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के वर्षा से प्रभावित 11 ओवर के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस को 27 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। बारिश के कारण मुकाबला दो घंटे और 40 मिनट के विलंब से शुरू किया, जिसके कारण इसे 11 ओवर का कर दिया गया। रॉयल्स के 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और नौ विकेट पर 123 रन ही बना सकी। मुंबई की ओर से नमन धीर (25) और शेरफेन रदरफोर्ड (25) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। रॉयल्स की ओर से नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा ने दो-दो विकेट चटकाए। जायसवाल ने नाबाद 77 रन की पारी खेलने के अलावा वैभव सूर्यवंशी (39 रन) के साथ पांच ओवर में 80 रन जोड़े, जिससे रॉयल्स ने तीन विकेट पर 150 रन बनाए। मुंबई की ओर से स्पिनर अल्लाह गजनफर सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 21 रन देकर दो विकेट चटकाए।




### राजस्थान ने 20 ओवर में बनाए 59 रन

यशस्वी और सूर्यवंशी ने रॉयल्स को तूफानी शुरुआत दिलाते हुए 3.2 ओवर के पावरप्ले में बिना विकेट खोए 59 रन जोड़े। यशस्वी ने दीपक के पहले ही ओवर में चार चौकों और एक छक्के से 22 रन जोड़े, जबकि वैभव ने अगले ओवर में बुमराह पर दो छक्के मारे। यशस्वी ने तीसरे ओवर में ट्रेंट बोल्ट पर तीन छक्कों से 22 रन जुटाकर टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। सूर्यवंशी ने पांचवें ओवर में शार्दुल पर दो छक्के और एक चौका मारा, लेकिन अंतिम गेंद पर डीप कवर बाउंड्री पर तिलक वर्मा को कैच दे बैठे।

### मुंबई ने 22 रन पर गंवा दिए थे तीन विकेट

लक्ष्य का पीछा करने उतरे मुंबई ने तीसरे ओवर में 22 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। टीम ने पहले ही ओवर में रियान रिकेल्टन (08) का विकेट गंवा दिया। सूर्यकुमार यादव (06) ने तेज गेंदबाज बर्गर पर छक्का जड़ा, लेकिन फिर आर्चर को कैच दे बैठे, जबकि संदीप ने रोहित (05) को पगबाधा कर तीसरा झटका दिया। मुंबई पावरप्ले के 3.2 ओवर में तीन विकेट पर 30 रन ही बना सकी। बिश्नोई ने कप्तान हार्दिक पंड्या (09) और तिलक वर्मा (14) को चार गेंद के भीतर आउट करके मुंबई का स्कोर पांच विकेट पर 46 रन किया। नमन और रदरफोर्ड ने पारी को संभाला, लेकिन सिर्फ हार के अंतर को कम कर पाए। रदरफोर्ड ने देशपांडे पर दो छक्के मारे, लेकिन फिर स्लिप में संदीप को कैच दे बैठे। नमन ने भी इसके बाद बर्गर की गेंद पर बिश्नोई को कैच थमा दिया।

### स्कोर बोर्ड

**राजस्थान रॉयल्स: 150/3 (11 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 77 | 32 | 10 | 4 |
| वैभव का. तिलक बो. शार्दुल | 39 | 14 | 1 | 5 |
| ध्रुव जुरेल पगबाधा बो. गजनफर | 2 | 3 | 0 | 0 |
| पराग का. तिलक बो. गजनफर | 20 | 10 | 1 | 2 |
| शिमरोन हेटमायर नाबाद | 6 | 7 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 6, **कुल:** 11 ओवर में तीन विकेट पर 150 रन, **विकेट पतन:** 1-80, 2-84, 3-121, **गेंदबाजी:** दीपक चाहर 1-0-22-0, जसप्रीत बुमराह 3-0-32-0, ट्रेंट बोल्ट 1-0-22-0, हार्दिक पंड्या 2-0-17-0, शार्दुल ठाकुर 2-0-36-1, एएम गजनफर 2-0-21-2.

**मुंबई इंडियंस: 123/9 (11 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकलटन का. जुरेल बो. आर्चर | 8 | 4 | 0 | 1 |
| रोहित शर्मा पगबाधा बो. संदीप | 5 | 6 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार का. आर्चर बो. बर्गर | 6 | 3 | 0 | 1 |
| तिलक का. हेटमायर बो. बिश्नोई | 14 | 10 | 2 | 0 |
| हार्दिक का. यशस्वी बो. बिश्नोई | 9 | 6 | 2 | 0 |
| नमन धीर का. बिश्नोई बो. बर्गर | 25 | 13 | 3 | 1 |
| रदरफोर्ड का. संदीप बो. तुषार | 25 | 8 | 2 | 2 |
| शार्दुल का. जुरेल बो. संदीप | 8 | 7 | 1 | 0 |
| दीपक चाहर नाबाद | 6 | 5 | 1 | 0 |
| ट्रेंट बोल्ट रनआउट | 1 | 2 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 5 | 2 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त:** 11, **कुल:** 11 ओवर में 9 विकेट पर 123 रन, **विकेट पतन:** 1-10, 2-20, 3-22, 4-41, 5-46, 6-93, 7-103, 8-111, 9-116, **गेंदबाजी:** जोफ्रा आर्चर 2-0-17-1, नांद्रे बर्गर 2-0-21-2, संदीप शर्मा 3-0-26-2, तुषार देशपांडे 2-0-29-1, रवि बिश्नोई 2-0-25-2.

# दिल्ली के खिलाफ पहली जीत दर्ज करने उतरेगी गुजरात टाइटंस

**मैच-14:** कैपिटल्स की नजरें लगातार तीसरी जीत पर, गुजरात को पहली जीत की तलाश

**जेएनएन, नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स को अगर आईपीएल में अपनी मजबूती बनाए रखना है, तो बुधवार को होने वाले मैच में गुजरात टाइटंस की लड़खड़ाती टीम के खिलाफ केएल राहुल की अगुआई वाले उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। यह इस सीजन का 14वां मैच है। दिल्ली ने अभी तक दो मैच खेले हैं और दोनों ही मैचों में जीत हासिल की है। वहीं गुजरात ने भी दो ही मैच खेले हैं, लेकिन उन दोनों मैचों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। यह मुकाबला दिल्ली को होम ग्राउंड अरुण जेटली स्टेडियम में होगा, ऐसे में वो अपने जीत के मोमेंटम को बरकरार रखना चाहेंगे। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए सात मैचों में गुजरात 4-3 से आगे है। पिछले आईपीएल के दो मैचों में गुजरात को दोनों में जीत मिली है, वहीं दिल्ली में भी दोनों टीमों के बीच खेले गए तीन मैचों में गुजरात 2-1 से आगे है।



### गुजरात का मध्यक्रम फ्लॉप

गुजरात अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर जरूर से ज्यादा निर्भर नजर आ रही है और उसका मध्यक्रम नहीं चल पा रहा है। गुजरात को पिछले मैच में राजस्थान के खिलाफ 205 रन का लक्ष्य से हासिल कर लेना चाहिए था, लेकिन सुदर्शन से मिली अच्छी शुरुआत का मध्यक्रम के बल्लेबाज फायदा नहीं उठा सके। फिलिप्स, सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाजों को दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। कप्तान शुभमन गिल मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछला मैच नहीं खेल पाए थे।

### केएल राहुल की फार्म पर नजरें

दिल्ली ने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे वह पिछले कुछ मैच जीतने में सफल रही। बल्लेबाजी में उसकी तरफ से 22 वर्षीय समीर रिजवी ने अधिक जिम्मा संभाला है। इस युवा बल्लेबाज ने अपने धैर्य और कौशल का शानदार नमूना पेश करके प्रभावित किया है। अगर राहुल और शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज लय में आ जाते हैं, तो दिल्ली और भी मजबूत टीम बन जाएगी। राहुल अपनी शुरुआती दो पारियों में जिस तरह से आउट हुए हैं, उसके लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता और वह किसी भी समय बड़ी पारी खेल सकते हैं।

■ राहुल का यह खराब फॉर्म गुजरात के खिलाफ मैच में भी जारी रह सकता है, क्योंकि गुजरात के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और कगिसो रबाडा उन्हें परेशान करते हैं। प्रसिद्ध अपने राज्य के साथी को सात पारियों में तीन, जबकि रबाडा भी उन्हें 12 पारियों में तीन बार आउट कर चुके हैं। राशिद खान ने भी राहुल को तीन बार आउट किया है, जिसका मतलब है कि अगर राहुल टिक भी जाते हैं तो भी पावरप्ले के बाद उन्हें परेशान करने वाला कोई है।

■ डेविड मिलर को दिल्ली ने इस बार फिनिशर के तौर पर अपनी टीम में शामिल किया है, लेकिन राशिद उनको अंतिम ओवरों में परेशान करने की कुव्वत रखते हैं। गुजरात के अपने पूर्व साथी को राशिद ने चार बार आईपीएल में आउट किया है, जबकि मिलर, राशिद पर सिर्फ 119 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सिराज और रबाडा ने भी मिलर को दो-दो बार आउट किया है और इन दोनों के खिलाफ भी मिलर का स्ट्राइक रेट सिर्फ 100 और 119 का है।

■ दिल्ली की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों के लिए मुफीद मानी जाती है। यहां पर बाउंड्री छोटी है तो चौके-छक्के खूब लगते हैं। हालांकि जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है, यहां पर स्पिनर्स को भी मदद मिलती है। इसी मैदान में खेले गए पिछले मुकाबले में दिल्ली ने मुंबई को 162 के स्कोर पर रोक दिया था।

## तमीम इकबाल होंगे बीसीबी के नए अध्यक्ष, अमीनुल इस्लाम को हटाया

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के भारतीय क्रिकेट बोर्ड से द्विपक्षीय संबंधों को फिर से शुरू करने का अनुरोध किए जाने के कुछ ही दिन बाद देश की राष्ट्रीय खेल परिषद ने पूर्व कप्तान और बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल को मंगलवार को पद से हटा दिया और नए चुनाव होने तक बोर्ड के दैनिक कामकाज को चलाने के लिए तदर्थ समिति (एड हॉक कमेटी) का गठन किया है। 37 साल के पूर्व बांग्लादेश कप्तान तमीम इकबाल 11 सदस्यीय एड हॉक कमेटी की अगुआई करेंगे। इस कमेटी में पूर्व बांग्लादेश कप्तान मिन्हाजुल आबेदीन और पूर्व क्रिकेटर एवं टीवी कमेंटेटर अतहर अली खान भी शामिल हैं। बीसीबी के सूत्रों के अनुसार बुलबुल को मुख्य रूप से टी-20 विश्व कप के दौरान हुए विवाद के कारण हटाया गया। उस समय तत्कालीन अंतरिम सरकार के सलाहकार आसिफ नजरुल ने पूर्व कप्तान को एक तरह से अपने काबू में कर लिया था और राष्ट्रीय टीम को इस वैश्विक प्रतियोगिता के लिए भारत जाने की अनुमति नहीं दी थी। इस पूरे मामले के दौरान बुलबुल केवल मूक दर्शक बने रहे और पिछले कुछ दिनों में उनके कारण बीसीबी के छह निदेशकों ने इस्तीफा दे दिया।



## एशिया चैम्पियनशिप: ध्रुव कपिला व तनीषा क्रास्टो मिश्रित युगल में जीते

**निंगबो, जेएनएन।** भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप 2026 के मिश्रित युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई, जबकि बाकी जोड़ियां हारकर बाहर हो गई। कपिला और क्रास्टो ने थाईलैंड के फुनावत होरबान्लूकीत और बेनयापा ऐमसार्द को 21-14, 11-21, 21-15 से हराया। इससे पहले रोहन कपूर और रूत्विका शिवानी गाडे की जोड़ी मलेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त गोह सून हुआत और लेइ शेवोन जैमी की जोड़ी से 34 मिनट तक चले मुकाबले में 13-21, 19-21 से हारकर बाहर हो गई। एक अन्य मैच में असित सूर्या और अमृता प्रथमेश की जोड़ी मलेशिया के वोंग तियेन सि और लिम चियू सियेन से 31 मिनट में 16-21, 15-21 से हार गई। एकल वर्ग के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे। पुरुष एकल में ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप उपविजेता लक्ष्य सेन का सामना हांगकांग के ली चियुक यू से होगा। वहीं महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से खेलेंगी। भारत की पुरुष टीम में सेन के अलावा किदाम्बी श्रीकांत, एचएस प्रणय और आयुष शेट्टी भी हैं।

### मैदान से हटकर

## विराट और अनुष्का ने की फिल्म धुरंधर की तारीफ

चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल की व्यस्तता के बावजूद 'धुरंधर-2' देखी और सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी तारीफ करते हुए कहा कि वह चार घंटे तक स्क्रीन से नजरें नहीं हटा सके। कामयाबी का इतिहास रच चुकी आदित्य धर की धुरंधर का दूसरा भाग 19 मार्च को रिलीज हुआ और अब तक फिल्म दुनिया भर में 1600 करोड़ रुपए से अधिक का व्यवसाय कर चुकी



है। कोहली ने फिल्म देखने के बाद इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, धुरंधर देखी और सच कहूं तो, भारत में बनी ऐसी फिल्म मैंने पहले कभी नहीं देखी। पूरी फिल्म में हर तरह के जज्बात उभर आए। उन्होंने आगे लिखा, लगभग चार घंटे तक मैं एक बार भी बोर नहीं हुआ और आंखें भी नहीं हटाईं। आदित्य धर, आपकी प्रतिभा और मेहनत पूरी फिल्म में साफ दिख रही है। आपको सलाम है। कोहली ने धर की तारीफ करते हुए आगे लिखा, आप सच में जीनियस हो। सभी एक्टर्स ने अच्छा काम किया, लेकिन रणवीर सिंह, इस फिल्म के बाद आपका लेवल ही अलग हो गया है। आपकी एक्टिंग कमाल से भी ऊपर थी। सचमुच वाह। इस पर फिल्म के निर्देशक धर ने जवाब देते हुए लिखा, मुझे यकीन नहीं हो रहा कि यह हो रहा है। रणवीर सिंह के साथ उनकी पहली फिल्म 'बैंड, बाजा, बारात' में काम कर चुकी विराट की पत्नी और मशहूर अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने भी इंस्टाग्राम पर 'धुरंधर 2' की तारीफ की है।
(जेएनएन)

## एसी मिलान को हराकर नेपोली ने खिताब की उम्मीदें जीवंत रखी

**तूरिन (इटली), जेएनएन।** स्थानापन्न खिलाड़ी मैटियो पोलिटानो के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से नेपोली ने एसी मिलान को 1-0 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। नेपोली इस मैच से पहले एसी मिलान से एक अंक और शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान से 10 अंक पीछे तीसरे स्थानर पर था। इन दोनों क्लब के लिए खिताब की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में जीत जरूरी थी। मैच में हालांकि गोल करने की बहुत कम मौके बने और ऐसे में पांच मिनट पहले स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने वाले पोलिटानो का गोल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से नेपोली के 31 मैच में 65 अंक हो गए हैं, जबकि एसी मिलान के इतने ही मैच में 63 अंक हैं। इंटर मिलान 31 मैच में 72 अंक लेकर अब भी खिताब की दौड़ में सबसे आगे बना हुआ है।



## लीग ला लिगा: आत्मघाती गोल से गिरोना ने विलारियाल को हराया

**गिरोना (स्पेन), जेएनएन।** विलारियाल को आत्मघाती गोल के कारण गिरोना से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में तीसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत करने की उसकी उम्मीदों को करारा झटका लगा। विलारियाल अगर इस मैच में जीत जाता तो वह चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक आगे हो जाता। एटलेटिको मैड्रिड को बार्सिलोना से अपने घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था। पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में अर्नाउ के क्रॉस का शॉट पाउ नवारो पर लगा और गेंद उनके ही गोलकीपर को चकमा देते हुए गोल में चली गई। विलारियल 30 मैच में 58 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बना हुआ है। वह दूसरे नंबर पर काबिज रियाल मैड्रिड (69) से नौ अंक और शीर्ष पर स्थित बार्सिलोना (76) से 18 अंक पीछे है। गिरोना 37 अंक के साथ दो पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गया है। वह ओसासुना, एस्पेनयोल और एथलेटिक बिलबाओ से एक अंक पीछे है।



## अर्जेंटीना का दौरा करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की सीनियर महिला हॉकी टीम चार मैचों की सीरीज के लिए अर्जेंटीना का दौरा करेगी। इस सीरीज के मैच 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने मैच 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को अर्जेंटीना के नेशनल सेंटर ऑफ हाई परफार्मेंस एथलेटिक्स सेंटर में खेलेगी। भारत और अर्जेंटीना के बीच हाल में कुछ कड़े मुकाबले खेले गए हैं। इनमें पिछले साल जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 का मैच भी शामिल है, जिसका फैसला 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में किया गया। भारतीय टीम का यह दौरा बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप और इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है।

### सिटी स्पोर्ट्स

## डीजीपी कप: प्रज्ञानंद और संदीप के अर्धशतक से जीती जीबी पीएचक्यू



**भोपाल, खेप्र।** जीबी पीएचक्यू और मीडिया एकादश ने डीजीपी कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार जीत दर्ज की। नेहरू नगर पुलिस ग्राउंड पर जीबी पीएचक्यू ने पहले खेलते हुए प्रज्ञानंद बालरे (82), कप्तान संदीप सूर्यवंशी (79) और हिमांशु तिवारी (40) की शानदार पारियों की बदौलत 236 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। भोपाल पुलिस के सुनील चंद्र ने तीन और बिट्टू ने 2 विकेट झटके। जवाब में भोपाल पुलिस 215 रन बना पाई। सर्वेश यादव ने 95 और सौरव ने 48 रनों का योगदान दिया। जीबीपीएचक्यू के संतोष सिंह ने 3 और अंकुर ने दो विकेट लिए। अन्य मैच में मीडिया एकादश ने निर्धारित 15 ओवर के मैच में विवेक (74) और अश्विन (40) की शानदार पारियों की बदौलत 154 रन बनाए। आईपीएस एकादश के अरुण सिंह ने 3 विकेट लिए। जवाब में आईपीएस एकादश 148 रन बना पाई। विनय ने 53 और नागेंद्र सिंह ने 30 रन का योगदान दिया। टूर्नामेंट का शुभारंभ पुलिस महानिदेशक विशेष सशस्त्र बल चंचल शेखर, भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार और अति. पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला ने किया।

## जीशान की गेंदबाजी से टीम स्कोप चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच जीशान अली की शानदार गेंदबाजी की बदौलत टीम स्कोप ने फाइनल में साहेब इलेवन को 59 रन से हराकर नौवें मास्टर्स कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर कॉर्पोरेट ग्रुप में टीम स्कोप ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 159 रन बनाए। दानिश खान (59) ने अर्धशतक जड़ा। अभिषेक गिरी ने 23 और अमित शर्मा ने 21 रन बनाए। साहेब इलेवन के आदित्य गौर और संकेत दुबे ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में साहेब इलेवन 17.5 ओवर में 100 रन पर सिमट गई। सैय्यद जामरान ने 30, अमेय दुबे ने 19 और रवि प्रकाश ने 10 रन का योगदान दिया। टीम स्कोप के जीशान अली ने 15 रन देकर 4 विकेट लिए। अमित शर्मा और दीपक मालवीय को 2-2 विकेट मिले। विजेता-उपविजेता टीम और खिलाड़ियों को पार्षद अशोक वाणी, सूर्यकांत गुप्ता, बीडीसीए के उपाध्यक्ष डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने पुरस्कृत किया।



**प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ**
**खिलाड़ी:** विनोद पॉल, **बल्लेबाज :** अभिषेक गिरी **गेंदबाज :** जीशान अली, **विकेटकीपर :** लवीन मंधानी **फील्डर :** प्रतीक मालवीय

## जैन चैंपियंस लीग: महावीर स्ट्राइकर्स और डिवाइन इलेवन टीम बनी चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** महावीर स्ट्राइकर्स ने महिला वर्ग में डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 'जैन चैंपियंस लीग' का खिताब अपने नाम किया। अंकुर खेल मैदान पर आयोजित इस टूर्नामेंट में किड्स फाइनल में डिवाइन इलेवन चैंपियन बनी। जैन सोशल ग्रुप 'चन्द्रप्रभु' द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में महिला, किड्स और पुरुष वर्ग में रोमांचक मुकाबले खेले गए। महावीर स्ट्राइकर्स ने प्रियंका पितलिया की कप्तानी में यह खिताब जीता। टीम में सुरभि जैन, मीनाक्षी जैन, कनिका नायक, वैष्णवी जैन, नव्या जैन, होली भारिजा और कनिका जैन ने शानदार खेल दिखाया। किड्स वर्ग के फाइनल में डिवाइन इलेवन ने रूपेश इलेवन को शिकस्त दी। डिवाइन इलेवन के गगन को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों सहित सभी खिलाड़ियों को अध्यक्ष अंकुर बढ़कुर, सचिव मयंक सिंघई, कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन, मुख्य संयोजक विशाल अजमेरा ने पुरस्कार प्रदान किए।



## पीड़ित परिजनों को लाभ दिये जाने बैठक आज

**रीवा।** अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में घायल/मृतक के निकटतम वारिस को हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिजनों को लाभ दिये जाने हेतु बैठक का आयोजन 8 अप्रैल को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के मोहन सभागार में किया गया है। बैठक में संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन 15 अप्रैल से

**रीवा।** शासन द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जाती है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में रीवा संभाग में किसानों से 15 अप्रैल से गेहूं की खरीद की जाएगी। इस संबंध में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा संभाग के सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।


No More जोर पेट सफा लो हर रोज...
तो आज ही ले आइए पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स जिसे सेवन करना है बिल्कुल आसान, परिणाम हैं पहले दिन से और इसकी आदत भी नहीं बनती।
Dr. Juneja's पेट सफा Natural Laxative Granules & Tablets
कब्ज़ • गैस एसिडिटी
24x7 Helpline: 91197 88888 | www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores


आईजी रीवा जोन गौरव राजपूत का दावा

# 15 माह में 5.38 करोड़ का मेडिकल नशा और 3.83 करोड़ की अवैध शराब जब्त



जागरण, रीवा

आइजी गौरव राजपूत ने मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में पिछले 15 माह में रीवा जोन की पुलिस द्वारा अवैध नशे के खिलाफ की गई कार्रवाई के संबंध में मीडिया को जानकारी दी। ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थ एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 705 प्रकरण पंजीबद्ध कर 1142 आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई की। भारी मात्रा में गांजा, कोरेक्स, टैबलेट, कैप्सूल के साथ पेड अफीम, स्मैक, हैरोइन और ब्राउन शुगर पुलिस ने जब्त की। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस तकरीबन 5 करोड़ 38 लाख 31 हजार 606 रुपए के अवैध मादक पदार्थ जब्त किए, साथ ही 86 चार पहिया व 136 दो पहिया वाहन भी पुलिस ने जब्त किए थे। यह कार्रवाई जनवरी 2025 से मार्च 2026 तक रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मैहर, मऊगंज की पुलिस द्वारा की गई है। इसके अलावा अवैध शराब के विरुद्ध अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक रीवा जोन की पुलिस ने 3 करोड़ 83 लाख 71 हजार 564 रुपए की अवैध शराब जब्त करते हुए 92 चार पहिया वाहन व 79 दो पहिया वाहन जब्त किए हैं। पत्रकारों से चर्चा के दौरान आईजी के साथ रीवा एसपी डीआईजी शैलेंद्र सिंह चौहान, एएसपी, एसडीओपी व थाना प्रभारी भी इस दौरान मौजूद रहे।

**माह में एक दिन लोगों के पास पहुंचेगी चौपाल**

### माह में एक दिन जन चौपालः पुलिस आपके द्वार

रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने अपनी नई सोच के साथ कानून व्यवस्था को और सरल बनाने के लिए साथ ही आम जनता को सुविधा सुगम कराने के लिए एक नए अभियान की शुरूआत की है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान आईजी गौरव राजपूत डीआईजी शैलेंद्र सिंह एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि रीवा जोन के 77 थानों और 64 पुलिस चौकिया में हर माह के 1 दिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक चौकी और पुलिस थाना क्षेत्र के किसी एक स्थान पर जन चौपाल आपकी पुलिस आपके द्वारा कार्यक्रम चलाया जाएगा। आईजी गौरव राजपूत ने बताया कि अब जनता पुलिस के पास नहीं पुलिस जनता के पास जाएगी। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण अभियान की शुरूआत इस मंगलवार से की जाएगी जो हर माह के 1 दिन आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान जिले के पुलिस अधीक्षक डीआईजी और आईजी किसी भी स्थान पर पहुंच कर इसका निरीक्षण कर सकते हैं और कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे साय 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311


# अनियंत्रित होकर खाई में पलटा ट्रैक्टर, नीचे दबा चालक

### मनगवां थाना क्षेत्र के जरहा के पास की घटना



**जागरण, रीवा।** मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जरहा के समीप बीती रात्रि एनएच में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। हादसे में चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया जिसे पुलिस ने सूचना के बाद बाहर निकाला और घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक हादसे में ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर के नीचे फंस गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से चालक को सुरक्षित बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर चालक अरविंद सिंह निवासी पहाड़ी थाना मऊगंज रीवा से स्वयं के ट्रैक्टर से मऊगंज जा रहे थे। देर रात जैसे ही वो मनगवां थाना क्षेत्र के जरहा पुल के आगे पहुंचे तभी अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और ट्रैक्टर खाई में पलट गया और चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया। घटना के बाद तत्काल स्थानीय निवासियों ने थाना मनगवां की पुलिस एफआरबी को सूचना दी, जिस पर मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से ट्रैक्टर चालक अरविंद सिंह को बाहर निकाला। बताया गया कि घायल की हालत सामान्य बताई जा रही है।

## दो नाबालिग छात्र लापता, पुलिस कर रही तलाश



**रीवा।** सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लौवा कोठार से दो नाबालिग बालकों के लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष तिवारी (17 वर्ष), पिता कृष्ण कुमार तिवारी, कक्षा 10वीं का छात्र है वहीं दूसरा आशुतोष तिवारी (15 वर्ष), पिता दीपेन्द्र तिवारी, कक्षा 9वीं का छात्र है। बताया जा रहा है कि दोनों बालक गत 6 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे घर से निकले थे, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बाद भी जब उनका सुराग नहीं मिला। जिसके बाद परिजनों ने सगरा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। सगरा पुलिस मामला दोनों की तलाश में लगी हुई है।

# क्योंटी के दो दिन बाद बीहर बराज कैनाल में उतराती मिली लाश

### 15 से 20 दिन पुराना बताया जा रहा शव, नहीं हुई शिनाख्त



**जागरण, रीवा।** क्योटी कैनाल के दो दिन बाद सिरमौर थाना क्षेत्र के बीहर बराज कैनाल में चचाई के पहले लाश मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पुलिस को मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे मिली। जिसके बाद मौके पर पहुंची सिरमौर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को डैम से बाहर निकलवाया। पुलिस के मुताबिक शव 15 से 20 दिन पुराना होने की आशंका है, पूरी डेड बॉडी डिकम्पोज हो चुकी है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए सिरमौर स्थित स्वास्थ्य केंद्र की मर्चुरी में रखवाया है। अब तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है, जिसकी पहचान का प्रयास पुलिस कर रही है। गौरतलब है कि सिरमौर थाना क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर अज्ञात लाश मिलने का दूसरा मामला है। इसके पूर्व सिरमौर क्षेत्र के क्योंटी जलप्रपात में अज्ञात लाश मिलने के बाद मंगलवार की सुबह सिरमौर में ही स्थित विद्युत परियोजना केंद्र के सिरमौर टोंस स्थित डैम में अज्ञात व्यक्ति की लाश देखी गई। सूचना मिलते ही सिरमौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद शाम को शव को बाहर निकलवाया गया। बताया गया कि घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब सुरक्षा गार्ड द्वारा गश्त की जा रही थी, तभी उक्त लाश देखी गई, जिसकी सूचना टोंस के अधिकारियों सहित पुलिस को दी गई है। सिरमौर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकलवाया गया। आशंका जताई जा रही है कि शव बीहर नदी से बहता हुआ सिरमौर थाना क्षेत्र तक पहुंचा है फिलहाल मृतक की शिनाख्त के प्रयास में पुलिस लगी हुई है।

# 93 हजार की 25 पेटी अवैध देशी शराब पकड़ाई

### गढ़ पुलिस ने की कार्रवाई



**जागरण, रीवा।** गढ़ पुलिस ने मंगलवार की शाम करीब 6 बजे सिरैया गांव में दबिश देकर 25 पेटी देशी शराब के साथ आरोपी को पकड़ा है। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 93 हजार रुपए बताई जा रही है, पुलिस देर रात तक कार्रवाई में जुटी रही। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गढ़ पुलिस को सूचना मिली थी कि सिरैया गांव में बड़ी मात्रा में अवैध शराब बिक्री के लिए लाई गई है, जिसके बाद थाना प्रभारी गढ़ अवनीश पाण्डेय ने पुलिस स्टाफ के साथ घेराबंदी कर अवैध देशी शराब जब्त की है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में लगी हुई है।

# कबाड़ी मोहल्ले से नशे में धुत निकलते हैं वाहन चालक, बन रहे खतरा

### अचानक आ जाते हैं वाहनों के सामने, सड़क पर जा रहे वाहन चालकों का बिगड़ता है संतुलन

**जागरण, रीवा।** कबाड़ी मोहल्ले में नशे का कारोबार तो खुलेआम हो ही रहा है, यहां नशा बेचने के साथ ही नशा करने की भी व्यवस्था है। यहां से नशा करने के बाद नशेड़ी अपने वाहन लेकर निकलते हैं तो उन्हें ये भान नहीं रहता कि सड़क पर कोई वाहन आ रहा है, एकदम से वाहन निकालकर सड़क पर जा रहे वाहन चालकों के सामने ले आते हैं, जिससे सड़क पर जा रहे वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ जाता है, कई बार वाहन आपस में टकरा भी जाते हैं, जिसमें नशा करने वाला उल्टा लोगों पर हावी हो जाता है। जिसका साथ कई बार यहां नशे का कारोबार करने वाले भी देते हैं।

कबाड़ी मोहल्ले में स्थित फुटपाथ पर वाहनों का जमावड़ा रहता है, जिससे लोगों के लिए सड़क भर रह जाती है, उसी से पैदल चलने वाले व अन्य वाहन चालक निकलते हैं, ऐसे में फुटपाथ पर जमा वाहन और अचानक से कबाड़ी मोहल्ले से निकलते वाहनों के कारण यहां सदैव दुर्घटना का भय बना रहता है। कुछ माह पूर्व यहां पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में छापामार कार्यवाही कर दावा किया था कि शहर सहित जिले को नशे की गिरफ्त से दूर करेंगे, किन्तु कुछ समय बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। वर्तमान में पुनः पूर्वानुसार यहां नशे का कारोबार बेखौफ करने के साथ ही नशा करने के अड्डे भी संचालित हो रहे हैं, जो शहरवासियों के लिए परेशानी का सबब बन चुके हैं, जिन पर अंकुश लगाने वाला कोई नहीं।


महर्षि बाल विद्या मंदिर उ.मा. विद्यालय द्वारिका नगर रीवा (म.प्र.) अंग्रेजी माध्यम
कक्षा नर्सरी से 12वीं तक निःशुल्क प्रवेश सीमित समय के लिए
कक्षा 11वीं व 12वीं में सभी विषय उपलब्ध
प्रवेश प्रारंभ सत्र-2026-27
आवश्यकता है अंग्रेजी माध्यम शिक्षकों के लिए
गणित, बायो, भौतिकी, लेखाकर्म, मैनेजमेंट, अर्थशास्त्र, इतिहास, समाजशास्त्र एवं अंग्रेजी इन सभी विषयों के लिए अंग्रेजी माध्यम शिक्षकों की आवश्यकता है।
(विशेषः किंडर गार्डन शिक्षकों की आवश्यकता है- 02 पद)
समयः प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 02 बजे तक संपर्क करें
संपर्क सूत्रः- 07662-359715, 9399146622

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम MD, DrNB (गैस्ट्रो)
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधा: एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, फाइब्रोस्केन, ERCP
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

( Affiliated to MPBSE) Dise Code: 23140100710
VINDHYA INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
ADMISSION OPEN 2026-27 Nursery to 12th
Where Every Student is Valued ...
Call: 9806154224
Add.:- Behind RIPS Ward No.15, Gadariya, Rewa (M.P.)
Email: vipsrewa@gmail.com

कमला नेहरू उच्च.माध्य.विद्यालय बाण सागर कालोनी, रीवा
प्रवेश प्रारंभ Nur. To 12th English Medium
32 वर्षों से संचालित विश्वास का प्रतीक
आवश्यकता है: अंग्रेजी - 2 पद, गणित - 2 पद, आर्ट - 2 पद, इंग्लिश मीडियम प्राथमिक शिक्षक - 6 पद
इच्छुक अभ्यर्थी संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें कार्यालय समयः प्रातः 08 बजे से 02 बजे तक बायोडाटा जमा करें
इंग्लिश मीडियम में योग्य अनुभवी शिक्षकों की आवश्यकता है।
संपर्क करें: 9755844900,7415156972,7000215923

Minerva मिनर्वा द मेडिसिटी मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना कार्डियक सर्जरी पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

विंध्य के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.पी.सी. द्विवेदी एम.एस. (नेत्र)
सेवानिवृत्त एवं पूर्व विभागाध्यक्ष
का नया पता समयः सुबह 10 बजे से 2 बजे तक
जूनियर MIG-3 हेडगेवार नगर कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम के सामने, रीवा
आस्था मेडिकल स्टोर, ढेकहा तिराहा, रीवा समयः शाम 5 बजे से 7 बजे तक
8966825155,7225925922,9179687302

डॉ. बीरभान सिंह एम.डी. (मेडिसिन) DrNB (न्यूरोलॉजी) पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक
कंसल्टेन्ट न्यूरोलॉजिस्ट
पताः श्रवण कुमारी स्कूल के पास,गुड़ रोड चिरहुला, रीवा (म.प्र.) मो. 7869516171

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर) (निः संतान दंपतियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ: IUI, IVF, ICSI, फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET), एग फ्रीजिंग, एंब्रियो फ्रीजिंग, स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग MBBS, MD (ऑब्स & गायनी) फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

GEETANJALI PUBLIC SCHOOL EDUCATION | EMPOWERS | EXCELLENCE
CBSE & MP BOARD
ADMISSIONS OPEN Pre-Nursery to XII Session 2026-27
LIMITED SEAT
Head Off. : Civil Lines, Rewa 9424332181 | Maidani, Bankuiya Road, Rewa 89649 48009
www.geetanjalipublicschool.com

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिकः शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com